e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 322
गुरुवार
28.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जल्दी जागना हमेशा फायदेमंद होता है, फिर चाहे वह अपनी नींद से हो, अहम् से हो, वहम से हो, या फिर सोये हुए जमीर से हो!

झारखण्ड सरकार
सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# अबुआ सरकार का शपथ ग्रहण समारोह

**दिनांक: 28 नवंबर, 2024 | समय: अपराह्न 04 बजे**

**स्थान: मोरहाबादी मैदान, रांची**

**इस अवसर पर आप सभी सादर आमंत्रित हैं**

## जोहार

विधानसभा चुनाव में झारखण्ड की जनता ने सोना झारखण्ड के निर्माण के लिए अनेकता में एकता का जो संदेश दिया है, वह ऐतिहासिक है, अद्भुत है, अविस्मरणीय है।

वीर पुरुखों के सपनों और राज्यवासियों के आशाओं-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अबुआ सरकार पूरी संवेदनशीलता और नई ऊर्जा के साथ काम करेगी।

**आप सभी का बहुत-बहुत आभार, जोहार!**



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR NO-340590 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# पलामू में रेल सुविधाओं की मांग को लेकर रेल मंत्री से मिले सांसद वीडी राम

## पलामू की रेल समस्याओं का मामला संसद में उठा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से संबंधित मांगों को उठाया। साथ ही उक्त संबंध में उन्होंने रेल मंत्री से भी मुलाकात किया।सांसद श्री राम ने कहा कि इन मागों को पूरा कराने की कृपा करेंगे, ताकि यात्रियों की रेलवे की यात्रा सुगम हो सके।



1.12453/12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव।

2.वन्दे भारत ट्रेन को रांची से डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने।

3.पटना सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11447/11448 का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव।

4.पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 का रजहरा स्टेशन पर ठहराव।

5.गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 का मोहम्मदगंज पर ठहराव।

6.रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 वाया डालटनगंज होकर सप्ताह में 2 दिन चलती है उसे चार दिन चलाये।

7.रॉची नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन 12877/12878 को सप्ताह में तीन दिन चलती है उसे 6 दिन चलाये।

8.रॉची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18311/18611 रांची से वाराणसी तक चलती है उसे गोरखपुर तक विस्तार करने।

9.झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873/12874 का ठंड के मौसम में कोहरे का बहाना बनाकर वर्षो से परिचालन रद्द कर दिया जाता है। इस बार भी 2 दिसंबर 2024 से 10 जनवरी 2025 तक बंद करने का रेलवे बोर्ड ने निर्णय लिया है। उक्त निर्णय को रद्द करते हुए झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन जारी रखने की मांग की।

10.रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 के जेनरल कोच की संख्या बढ़ाने।

11.शक्तिपुंज ट्रेन संख्या 11447/11448 जो हावड़ा से जबलपुर वाया डालटनगंज होकर चलती है उसे मुंबई तक विस्तारित करने।

12.रांची से वाया डालटनगंज होकर गोरखपुर तक एक नई ट्रेन चलायी जाय, जो कोरोना काल में चली थी। उसे बंद कर दिया गया है पुनः चालू किया जाय। डालटनगंज से गोरखपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अत्यधिक है। इस बात की

# पुलिस ने 2 मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जिले के हुसैनाबाद थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. आस-पास के क्षेत्रों के अलावा विभिन्न ट्रेनों में मोबाइल फोन की चोरी करने वाले हुसैनाबाद थाना के देवरी ओपी अंतर्गत देवरी खुर्द गांव निवासी उपेंद्र कुमार मेहता और उसके दोस्त अशोक पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. उपेंद्र कुमार मेहता के पास विभिन्न कंपनियों के 18 और अशोक पासवान के पास से 5 चोरी का एंड्रॉयड फोन बरामद किया गया है. चोरी के संबंध में हुसैनाबाद के पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश मंडल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उपेंद्र कुमार मेहता घर पर ही रह रहा है. सूचना का सत्यापन कर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने सशस्त्र बल के साथ छापेमारी की. छापेमारी के दौरान उपेंद्र कुमार मेहता से चोरी के 18 एंड्रॉयड फोन एवं उसके दोस्त अशोक पासवान के पास से चोरी का 5 एंड्रॉयड फोन बरामद किया गया है. पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की. पूछताछ करने पर उन्होंने आस-पास के क्षेत्रों के अलावा ट्रेनों में मोबाइल फोन की चोरी करने की बात स्वीकार की है. उपेंद्र कुमार मेहता व अशोक पासवान चोरी का मोबाइल फोन सस्ते दामों पर आस-पास के इलाके में बेचता था. उपेंद्र कुमार मेहता का आपराधिक इतिहास भी है. इंस्पेक्टर सुरेश मंडल ने बताया कि रेल थाना कोडरमा और धनबाद में कई एफआईआर दर्ज हैं. इसमें उपेंद्र कुमार मेहता पर भारतीय दंड संहिता के धारा भी लगाई गई है. पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश मंडल में बताया कि दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है. उन्होंने बताया कि छापेमारी अभियान में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, एएसआई अखिलेश कुमार के अलावा सशस्त्र बल व चालक मुकेश कुमार शामिल थे. पुलिस ने बताया कि एंड्रॉयड मोबाइल चोरी कर आस-पास के इलाके में सस्ते दामों पर बेचने का काम ये लोग करते थे. पुलिस को देख बाइक लेकर भाग रहे थे युवक, शिकंजे में आने पर निकला बिहार कनेक्शन।

# बीईईओ ने सभी प्रधानाध्यापक तथा बीआरपी, सीआरपी के साथ बैठक कर विभागीय कार्यो की किया समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने सभी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय व नव प्राथमिक विद्यालय के सभी प्रधानाध्यापक तथा बीआरपी, सीआरपी के साथ बैठक कर विभागीय कार्यो की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीईईओ ने प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुये कहा कि चार हाउस का निर्माण करना, बाल संसद का गठन करना, चारों हाउस का नोटिस बोर्ड दीवार लेखन करना, प्रार्थना करते समय चारों हाउस के बच्चे अपने हाउस के झंडा तले पंक्तिबद्ध खड़ा होना , आदर्श प्रार्थना सभा का आयोजन करना, प्रार्थना सभा में समाचार पत्रों का वाचन, सामान्य ज्ञान, आज का विचार, प्रस्तावना पढ़ने, सप्ताह में दो या दिन व्यायाम एंव योगाभ्यास कराने, रेल प्रोजेक्ट के तहत टॉपर बच्चों को सम्मानित करने, बच्चों के पोशाक तथा नाखून स्वच्छता की जाँच ,बच्चों व शिक्षकों को महापुरुष के जन्मदिन मनाने, महापुरुषों के पुण्यतिथि पर याद करने,कक्षाओं के साफ सफाई , सबसे पहले विद्यालय आने वाले बच्चों को फूल देकर सम्मानित करने सहित अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी दिया।उन्होंने कहा कि पंचायत वार ड्रॉप आउट बच्चियों जिनका नामंकन 2022-2023, 2023 - 2024, 2024 -2025 में आठवीं कक्षा के बाद किसी भी विद्यालय में नहीं कराया गया है।जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है,वैसे ड्राप आउट बच्चियों का मैपिग कर उनका नामंकन कराने हेतु पंचायत वार सर्वे कर उनकी सूची तैयार करें।

# न्यायालय के आदेश के आलोक में नगर उंटारी थाना में डीजे संचालकों के साथ किया गया बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** उच्च न्यायालय, रांची के आदेश के आलोक में नगर उंटारी थाना में डीजे संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायालय द्वारा डीजे पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी ने सभी डीजे संचालकों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने को कहा और स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कदम ध्वनि प्रदूषण और सामाजिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। डीजे संचालकों ने न्यायालय के आदेश का पालन करने का आश्वासन दिया। प्रशासन ने लोगों से भी अपील की है कि वे किसी आयोजन में डीजे का इस्तेमाल न करें और कानून का समर्थन करें।

## भंडार में खुला युरीया पंप




**बिश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर प्रखंड के ग्राम भंडार ऐन ऐच आई किनारे खुला युरीया पंप, पंप संचालन करता विजय पांडे के द्वारा यह युरीया पंप खोली गई है, श्री पांडे ने बताया ऐन ऐच आई रोड पर चलने वाले वाहनों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जहां वाहन संचालक ड्राइवर के द्वारा ड्ढह्य6 जो नई तकनीक की मोटर गाड़ी आ रही है उसमें युरीया डालना बहुत जरूरी होता है। वही रोड पर बढ़ती हुई गाड़ियों की संख्या से और प्रदूषण से निजात पाने के लिए मेरे द्वारा युरीया पंप खोला गया है, जिससे चलाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना न पड़े।

## अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में दिया गया प्रशिक्षण




**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमण्डलीय अस्पताल हुसैनाबाद में सभी सहिया साथी को फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम का प्रशिक्षण प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा बिनेश कुमार की उपस्थिति में दिया गया। इसके माध्यम से सभी सहिया परिवार नियोजन के साधनों जैसे कि कंडोम, माला एन, ओ सी पी, ई सी पी आदि का ऑनलाइन मांग अपनी अपनी ए एन एम को उपलब्ध कराएंगी, तथा उसका डिस्ट्रीब्यूशन योग्य दम्पतियों को करेंगी, पूरे सप्लाई चैन का ऑनलाइन ट्रैकिंग किया जायेगा। मौके पर बिभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, जलेश्वर राम, फॅमिली प्लानिंग बी टी टी, सच्चिदान्द, परिवार कल्याण कार्यकर्ता, रिंकू देवी, राजमणि पंडित, अनीता मनोहर, सरस्वती देवी, शिवा ओझा, संगीता देवी, सहिया साथी आदि उपस्थित थे।

# डीडीसी ने किया प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** पलामू के उप विकास आयुक्त मो.साबिर अहमद ने बुधवार को बिश्रामपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया.इस दौरान उन्होंने प्रखंड सह अंचल कर्मियों को कई दिशा निर्देश भी दिया. श्री अहमद ने प्रखंड कार्यालय के सभागार में पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक भी की. जिसमे मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, अबुआ आवास सहित कई विकास योजनाओं की समीक्षा किया गया.इसके बाद डीडीसी मो.साबिर अहमद ने नप क्षेत्र के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया.जहां उन्होंने बच्चों के बीच वितरित किए गए स्वेटरों के गुणवत्ता का जांच किया.उन्होंने कहा कि स्वेटर के गुणवत्ता की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके आलोक में उसका जांच किया गया. मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, बीडीओ राजीव कुमार सिंह, सीओ राकेश तिवारी, सेविका शारदा मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

# इलाज के दौरान जिला बल के जवान की मौत पर पुलिस मेंस एसोसिएशन ने जताया शोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला के धनबाद जिला बल के आरक्षी सुशील कुमार गुप्ता उम्र 45 की बीमारी से मौत हो गई। ऊंटरी रोड थाना अंतर्गत ग्राम पांडेपूरा के निवासी थे। जिनका इलाज के दौरान दिल्ली एम्स में मौत हो गई।ये बीमारियों से जूझ रहे थे। यह खबर सुनते ही पुलिस कर्मियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी।इनका अंतिम संस्कार के लिए शव को गांव में पहुंचते ही पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन के सदस्य उनके घर पहुंचकर उटारी रोड थाना के जवानों के द्वारा सलामी करवाते हुए उनके परिजन से मिलकर उन्हें संतावना दिया। कहाँ की हर संभव एसोसिएशन के द्वारा मदद दिलाने का आश्वासन दिया। सलामी कार्यक्रम में शामिल पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, मंत्री लालू उरांव, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, केंद्रीय सदस्य मोहम्मद इसराइल, अंकेक्षक सुनील कुमार, प्रदेश सहायक महामंत्री लालेश्वर राम समेत उटारी थाना के एसाआई जेवियर मिंज समेत सशस्त्र बल उपस्थित थे।

# खलिहान आगजनी पीड़िता को युवा यादव समाज मुलाकात ने किया आर्थिक मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर प्रखंड अंतर्गत दिनादाग पंचायत के दिनादाग गाँव में युवा यादव समाज के लोगों ने आगजनी पीड़िता से मुलाकात की। विगत 24 नवंबर को खलिहान में आगजनी की घटना में इंदु कुंवर,दीपू यादव, और सरयू यादव की लगभग 500 बोझा धान की फसल जल गए थी। आर्थिक रूप से कमजोर इंदु कुंवर की स्थिति की देखते हुए युवा यादव समाज के टीम के लोगों ने आर्थिक मदद की। साथ ही युवा यादव समाज के लोगों ने उन्हें सरकार की ओर से सहायता राशि दिलाए जाने का आश्वासन दिया हैं। और हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। वहीं बाल विद्या आवासीय विद्यालय के निदेशक सीके यादव ने बताया कि पीड़िता इंदु कुवंर की दो बच्चे हैं जिसे हम निशुल्क शिक्षा अपने स्कूल में देंगे। मौके पर सिलदाग़ मुखिया उमेश यादव, मनोहर यादव, बसंत यादव, मंटू यादव, सीके यादव, अविनाश यादव, यमुना यादव, अर्जुन यादव, राजेंद्र यादव, गुरुदेव यादव, वीरेंद्र यादव, अनिल यादव, बिंदेश्व 'कुमार, दीपक कुमार, सत्येंद्र कुमार यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रेहला पुलिस ने प्राथमिक अभियुक्त के घर पर चिपकाया इस्तहार



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला थाना के कांड संख्या 05/2024 के प्राथमिक अभियुक्त रसीद अंसारी के पुत्र इरफान अंसारी के घर पर बुधवार को पुलिस ने इस्तिहार चिपकाया. रेहला थाना के एएसआई कुशेश्वर सिंह ने बताया कि इरफान अंसारी फरार चल रहा है. कोर्ट के आदेशानुसार गढ़वा जिला के मेराल थाना में स्थित उसके पैतृक घर पर जाकर इस्तिहार चिपकाया गया.उसके परिजनों को स्पष्ट बता दिया गया है कि अगर उसने जल्द ही आत्मसमर्पण नहीं किया तो कोर्ट के निर्देश मिलने पर कुर्की जब्ती की भी कार्रवाई की जा सकती है।

# तुगलकी फरमान जारी करना बंद करें निगम प्रशासन : रूचिर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने मेदिनीनगर नगर निगम के द्वारा जारी किया गया निगम वासियो के लिए तुगलकी फरमान को गैर कानूनी एवं जनता को दोहन करने के लिए दिया गया है। पिछले दिनों नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने फरमान जारी कर कहा कि बकाया होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस का टैक्स जमा नहीं करने पर उनकी संपत्ति की करवाई किया जाएगा। सरासर गलत है नगर आयुक्त निगम के ऐसी कार्यालय में बैठे-बैठे फरमान जारी करते रहे हैं उन्हें एक बार अपने निगम कार्यालय से बाहर निकलकर निगम में शामिल किए गए नए क्षेत्रों बारालोटा, रेड़मा, सुदना, चैंनपुर शाहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण करना चाहिए ताकि उन्हें मालूम चले कि इन नए क्षेत्रों में निगम के द्वारा आम जनता को क्या सुविधा मिल रहा है निगम क्षेत्र में शामिल किए गए नए क्षेत्र के कई एकड़ भूमि कृषि योग है जिस पर दोहरी टैक्स सरकार आम लोगों से ले रही है और सुविधा देने के नाम पर ना तो सड़क बना है न हीं नाली गली बनी है और न हीं लाइट लगा है पानी की भी व्यवस्था नहीं है ऐसे क्षेत्रों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पहले भी नारा दिया था की सुविधा नहीं तो टैक्स नहीं मैं निगम वासियो से अपील करना चाहता हूं कि निगम प्रशासन के धमकियों से डरने की आवश्यकता नहीं है वह निगम के द्वारा जारी किया गया फरमान को विरोध करें एवं अपने तरीका से सुविधा मिलने के बाद ही टैक्स जमा करें। रुचिर तिवारी निगम वासियो को साथ लेकर दिसंबर माह में सुविधा नहीं तो टैक्स नहीं के नारों के साथ निगम कार्यालय का घेराव कर तालाबंदी किया करेंगे। प्रेस बयान मे एआइएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी, एआइवाइएफ के जिला अध्यक्ष अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, योगेंद्र सिंह, श्रद्धानंद तिवारी, आलोक कुमार तिवारी,मीना सिंह, रुखसार सहित कई लोग थे।

# साइकिल वितरण में अनदेखी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर प्रखंड में आचार संहिता समाप्त हो चुकी है, लेकिन स्कूली छात्रों को मिलने वाली साइकिलें अब भी प्रखंड कार्यालय में धूल फांक रही हैं। सरकारी योजना के तहत छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक प्रोत्साहन के रूप में साइकिल प्रदान की जाती है, ताकि दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे आसानी से स्कूल आ-जा सकें। लेकिन प्रशासनिक उदासीनता और लापरवाही के कारण ये साइकिलें समय पर वितरित नहीं हो पा रही हैं। प्रखंड कार्यालय में सैकड़ों साइकिलें महीनों से जमा हैं, जो स्कूलों तक पहुंचने का इंतजार कर रही हैं। छात्रों और उनके अभिभावकों ने बार-बार इसे लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आचार संहिता लागू होने से पहले भी साइकिल वितरण में देरी देखी गई थी और अब चुनाव



प्रक्रिया समाप्त होने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस लापरवाही के कारण सैकड़ों छात्र शिक्षा से वंचित हो रहे हैं, क्योंकि कई बच्चे लंबी दूरी तय करने में असमर्थ हैं। वहीं, प्रखंड प्रशासन का कहना है कि साइकिल वितरण की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी, लेकिन इन दावों पर अमल होता नहीं दिख रहा है।सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना है, लेकिन अगर योजनाओं को समय पर लागू नहीं किया जाता, तो इसका लाभ नहीं मिल पाता। स्थानीय लोगों और शिक्षाविदों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल साइकिल वितरण सुनिश्चित करे, ताकि छात्रों को उनकी शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न हो।समय पर साइकिल वितरण न होने से न केवल सरकारी योजनाओं की साख पर सवाल खड़ा हो रहा है, बल्कि इससे बच्चों का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। ऐसी लापरवाहियां योजना के उद्देश्य को विफल करने का काम करती हैं।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 322
गुरुवार
28.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जल्दी जागना हमेशा फायदेमंद होता है, फिर चाहे वह अपनी नींद से हो, अहम् से हो, वहम से हो, या फिर सोये हुए जमीर से हो!

ताजा खबरों के लिए देखें

## राजधानी रांची के मोराबादी मैदान में मुख्यमंत्री का आज होगा शपथ ग्रहण समारोह

# ऐतिहासिक होगा शपथ ग्रहण समारोह : हेमंत सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची-रामगढ़ :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मोरहाबादी मैदान रांची में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर चल रही तैयारियों का बुधवार को निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने समारोह स्थल में मंच निर्माण, साज सज्जा, विद्युत, ध्वनि तथा सुरक्षा व्यवस्था और अतिथियों के स्वागत-सत्कार एवं आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल तक आवागमन और वाहनों के पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए। ताकि किसी भी स्तर की किसी तरह की परेशानी उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यहां पेयजल के साथ अन्य सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव अमिताभ कौशल, रांची के उपायुक्त वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा एवं कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शहीद सोबरन सोरेन के 67वें शहादत दिवस पर रामगढ़ स्थित लुकैयाटांड में शहीद स्थल स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज के दिन प्रत्येक वर्ष हम सभी लोग एकत्रित होकर शहीद सोबरन सोरेन जी के शहादत दिवस पर उन्हें याद कर नमन करते हैं। उनके बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी 28 नवम्बर 2024 को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होगा। मैं आप सभी को शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित करता हूं।मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, ममता देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### डीसी-एसपी ने दिया आवश्यक दिशा निर्देश



मुख्यमंत्री के पद-शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, रांची वरुण रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा द्वारा मोरहाबादी मैदान रांची में सम्बंधित सभी पदाधिकारी की संयुक्त रूप से ब्रीफिंग कर उन्हें कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।जानकारी हो की झारखण्ड राज्य के मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद के सदस्यों के पद शपथ अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित है। उपरोक्त अवसर पर अतिथिगण व विशिष्ट व्यक्तियों के अलावा वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों के उपस्थित होने तथा पूरे झारखण्ड के से काफी अधिक संख्या में लोगों के भाग लेने की संभावना है। जिसको लेकर समारोह स्थल पर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु दण्डाधिकारियों,पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई हैं।

## 8 बजे
**सुबह से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों का शहर में नो-इंट्री रहेगी।**

**वहीं, छोटे व बड़े मालवाहक वाहनों का भी शहर में प्रवेश रात 8 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।**

### सभी रुटों पर वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित

रांची : शपथ समारोह को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ऐसे में रांची के ट्रैफिक एसपी ने विशेष ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया है। ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रखी जा सके। इसके तहत शहर में कुछ वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। जबकि कुछ पर सिर्फ विशेष वाहनों का ही प्रवेश हो सकेगा। ट्रैफिक एसपी डा कैलाश करमाली द्वारा जारी प्लान के मुताबिक 28 नवम्बर को सुबह 8 से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों का शहर में नो-इंट्री रहेगी। वहीं, छोटे व बड़े मालवाहक वाहनों का भी शहर में प्रवेश रात 8 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा दिन के 12 बजे से लेकर रात 8 बजे तक शहर में ई रिक्शा भी नहीं चलेंगे।



## अडानी को तो जेल में होना चाहिए राहुल गांधी

नई दिल्ली : अडानी ग्रुप के खिलाफ आरोपों पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी कहा कहना है कि अडानी अपने आरोपों को स्वीकार नहीं करेंगे. अडानी को गिरफ्तार न करने को लेकर राहुल गांधी ने सरकार की आलोचना भी की और कहा कि सरकार उनको बचा रही है. अडानी को लेकर राहुल गांधी से जब सवाल किया गया तो उन्होंने कहा,आपको लगता है कि अडानी आरोपों को स्वीकार करेंगे? जाहिर है कि वह आरोपों से इनकार करेंगे. मुद्दा यह है कि जैसा कि हमने कहा है, उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए. कई लोगों को छोटे आरोपों में गिरफ्तार किया जा रहा है और अडानी पर अमेरिका में हजारों करोड़ रुपये का आरोप है, उन्हें जेल में होना चाहिए और सरकार उन्हें बचा रही है। सोमवार को अडानी ग्रुप ने ब्राइबरी के आरोपी को आधारहीन बताया था. इसके बाद अब एजीईएल की ओर से स्टॉक एक्सचेंज फीलिंग में आज यह जानकारी दी गई कि इसमें गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और विनीत जैन पर किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं है, जबकि अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट में केवल सीडीपीक्यू और एज्यूर अधिकारियों पर ब्राइबरी के आरोप लगाए गए हैं.

## क्विक न्यूज

### डीएम की छापेमारी से हड़कंप, 73 कार्मिक मिले अनुपस्थित

**हरिद्वार :** जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने नगर निगम कार्यालय में छापेमारी की। नगर निगम कार्यालय में पूर्वाह्न 10:10 बजे की गई छापेमारी के दौरान 73 कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने छापेमारी के दौरान अनुपस्थित मिले सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये।इस दौरान जिलाधिकारी ने सूचना का अधिकार से सम्बंधित पटल का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि रजिस्टर को अपडेट किया जाए और सभी प्रविष्टियां सही से अंकित की जाएं। उन्होंने विभिन्न पटलों के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि पत्रावलियों को सुरक्षित एवं संरक्षित रखा जाए।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से जालौन मेडिकल को मिली एमडी की 22 सीटें

**जालौन :** मेडिकल कॉलेज के लिए एक अच्छी खबर है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की मंजूरी से इस कॉलेज को 22 एमडी की सीटें मिली हैं। इसको लेकर मेडिकल प्रशासन में खुशी की लहर है। इसका फायदा भविष्य में स्टूडेंट्स को मिलेगा।बता दें कि, उरई मेडिकल कॉलेज को 22 सीटों में से सात एनेस्थीसिया, पांच पीडियाट्रिक्स, दो गायनोकोलॉजी, तीन मेडिसिन और पांच ऑर्थोपेडिक की सीट मिली हैं। यह कॉलेज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और इससे नई पीढ़ी के डॉक्टर्स को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नेशनल मेडिकल कमीशन को मेडिकल कॉलेज को सीटें देने के निर्देश दिए हैं। यह निर्णय कॉलेज के विकास और छात्रों के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### प्रधानमंत्री ने युवाओं से विकसित भारत प्रश्नोत्तरी में भाग लेने का किया आग्रह

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से अगले साल जनवरी में आयोजित होने वाले विकसित भारत युवा नेता संवाद से जुड़ी प्रश्नोत्तरी में भाग लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने में उनका अमिट योगदान होगा।प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा,मेरे युवा मित्रों, एक दिलचस्प प्रश्नोत्तरी है, जो सुनिश्चित करेगी कि आप 12 जनवरी, 2025 को ऐतिहासिक विकसित भारत युवा नेता संवाद का हिस्सा बन सकें। उन्होंने कहा कि यह आपके अभिनव विचारों को सरकार के शीर्ष स्तर तक पहुंचाने का एक बहुत ही खास अवसर है। यह हमारे विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में आपका अमिट योगदान होगा।

### राष्ट्रपति भवन के रस्मी गार्डों की अदला-बदली समारोह का समय बदला

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में सर्दियों के कारण राष्ट्रपति भवन के रस्मी गार्डों की अदला-बदली समारोह का समय अब बदल दिया गया है। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में अब यह प्रत्येक शनिवार को सुबह 9 से 10 बजे तक आयोजित होगा।राष्ट्रपति भवन की ओर से बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में गार्ड परिवर्तन समारोह इस शनिवार (30 नवंबर) से सर्दियों के समय यानी सुबह 9 बजे से 10 बजे के बीच आयोजित किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि गार्ड परिवर्तन समारोह एक सैन्य परंपरा है, जो प्रत्येक सप्ताह आयोजित की जाती है ताकि राष्ट्रपति के अंगरक्षकों के एक नए समूह को कार्यभार संभालने का अवसर मिल सके।

### राजस्थान तीरंदाजी सीनियर टीम चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न

**बीकानेर :** एमएम ग्राउंड में आयोजित दो दिवसीय राजस्थान सीनियर तीरंदाजी टीम के चयन ट्रायल्स का सम्पन्न हुआ। इस प्रक्रिया में प्रदेशभर के लगभग दो सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर टीम में स्थान बनाने का प्रयास किया। चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों ने अपने हुनर और लक्ष्य पर अचूक निशाने लगाकर सभी को प्रभावित किया। चयन समिति के अध्यक्ष अनिल जोशी ने बताया कि खिलाड़ियों के इस उत्साहपूर्ण प्रदर्शन ने चयन प्रक्रिया को बेहद प्रतिस्पर्धात्मक और रोचक बना दिया। उन्होंने कहा कि इस चयन प्रक्रिया में 20 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी शामिल हुए, जिन्होंने युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 11° |

# आपसी रंजीश में मारा गया 15 लाख का इनामी माओवादी छोटू खरवार



**छोटू खरवार एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। एनआईए ने उस पर तीन लाख का इनाम भी घोषित कर रखा था।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार:** 15 लाख का इनामी शीर्ष माओवादी छोटू खरवार आपसी लड़ाई में मारा गया।यह घटना मंगलवार की रात लातेहार जिले के छीपादोहर थाना क्षेत्र के भीमपांव जंगल के पास घटी। पलामू डीआईजी वाई एस रमेश ने इसकी पुष्टि की है। बता दें कि नक्सली कमांडर छोटू खरवार सौ से अधिक नक्सली घटनाओं का अभियुक्त है।लातेहार जिले के अलावा अन्य जिलों के थानों में भी इसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

उसका नाम एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। एनआईए ने उस पर तीन लाख का इनाम भी घोषित कर रखा था।बताया जाता है कि पिछले कुछ दिनों से माओवादियों में आपसी रंजीश चल रही थी।जानकारी के अनुसार माओवादी किसी विवाद के निपटाने एवं समझौता के लिए मंगलवार की रात भीमपांव जंगल में जमा था।

बातचीत के दौरान ही माओवादी एक दूसरे से उलझ गये।विवाद इतना बढ़ गया कि एक माओवादी ने छोटू खरवार की गोली मार कर हत्या कर दी। इसके बाद शव को वहां छोड़ कर भाग गये।जानकारी के अनुसार माओवादी जोनल कमांडर छोटू खरवार लातेहार के सेरंदाग पंचायत अंतर्गत सीकीद लावागड़ा के हेरहंज थाना का रहने वाला था। बूढ़ापहाड़ पर अभियान ऑक्टोपस के बाद माओवादी संगठन की कमान छोटू खरवार ने संभाली थी।छोटू खरवार का शव उठाने में पुलिस काफी एहतियात बरती।।डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच कर शव का मुआयना किया।

# भाजपा का सीएम मुझे मंजूर : शिंदे

### एकनाथ शिंदे ने कहा, मुझे पीएम मोदी और अमित शाह का फैसला मंजूर

**एकनाथ शिंदे ने कहा कि पिछले ढाई साल में पीएम मोदी और अमित शाह ने मेरा पूरा सहयोग किया।**



**एजेंसी**

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना शिंदे गुट के प्रमुख एकनाथ शिंदे ने बुधवार को सीएम पद को लेकर चल रही चर्चाओं को विराम दे दिया। उन्होंने कहा कि मेरे मन में सीएम बनने की लालसा नहीं है। पीएम मोदी और अमित शाह जो भी निर्णय लेंगे मुझे मंजूर होगा। सरकार बनाते समय मेरी तरफ से कोई अड़चन नहीं आएगी। मैं चट्टान की तरह साथ खड़ा हूं। भाजपा की बैठक में जो भी निर्णय लिया जाएगा, हमें मान्य होगा। भाजपा का सीएम मुझे मंजूर है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि पिछले ढाई साल में पीएम मोदी और अमित शाह ने मेरा पूरा सहयोग किया। अमित शाह और पीएम मोदी ने बाला साहेब ठाकरे के एक आम शिव सैनिक को सीएम बनाने के सपने को पूरा किया है।

### मैं समंदर हूं, लौटकर वापस आऊंगा : अचानक वायरल होने लगा फडणवीस का ये वीडियो

बतौर सीएम देवेंद्र फडणवीस के नाम के ऐलान की अब महज औपचारिकता बची हुई है। इस बीच देवेंद्र फडणवीस का एक पुराना वीडियो एक बार फिर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वे फिर से आने का दावा कर रहे हैं। देवेंद्र फडणवीस का यह वीडियो पांच साल पुराना है। वे विधानसभा के विशेष अधिवेशन में यह कह हैं कि वे फिर से वापस लौटकर आएंगे। फडणवीस ने अपनी बात शायराना अंदाज में कही। उन्होंने कहा- मेरा पानी उतरता देख, मेरे किनारे पर घर मत बसा लेना, मैं समंदर हूं, लौटकर वापस आऊंगा ! देवेंद्र फडणवीस का यह पुराना वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है।

# गृह मंत्रालय ने जम्मू में एनएसजी कमांडो का स्थाई हब बनाने की दी मंजूरी



**एजेंसी**

**श्रीनगर :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू रीजन में बढ़ती आतंकवादी घटनाओं से निपटने के लिए एनएसजी का एक हब जम्मू शहर में स्थापित करने वाली है. यानी नेशनल सिक्योरिटी गार्ड के जांबाज अब आतंक का काल बनकर उनका खात्मा करेंगे और इसके लिए उनको किसी अन्य राज्य से बुलवाने की जरूरत नहीं होगी.सूत्रों की मानें तो केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड का एक स्थाई हब जम्मू में बनाने के लिए हरी झंडी दे दी है. इसके साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू में सभी हाईराइज बिल्डिंग्स सुरक्षा एजेंसियों और सुरक्षाबलों से जुड़े ठिकानों और संवेदनशील इमारत और इलाकों का सिक्योरिटी ऑडिट करने के भी आदेश जारी कर दिए हैं.सूत्रों ने बताया,एनएसजी कमांडो को जम्मू में तैनात करने के पीछे एक एंटी टेरर प्लान है, जिसे जम्मू में आतंक के खात्मे के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बनाया है. एनएसजी के कमांडो को जम्मू शहर में रखने के पीछे मकसद किसी भी आतंकी हमले का सही समय पर मुंह तोड़ जवाब देना है क्योंकि एनएसजी कमांडो जम्मू शहर में ही रहेंगे. ऐसे में किसी भी आतंकी घटना से निपटने के लिए उन्हें आतंकी हमले वाली जगह तक पहुंचने में ज्यादा समय नहीं लगेगा. इससे पहले जरूरत पड़ने पर एनएसजी कमांडो को या तो दिल्ली या फिर चंडीगढ़ से बुलाना पड़ता था.

### वक्फ संशोधन विधेयक पर बनी जेपीसी का बढ़ सकता है कार्यकाल

**नई दिल्ली (एजेंसी):** वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बनी जेपीसी की बैठक से विपक्षी सांसदों ने वॉकआउट किया. सांसदों ने कहा कि इसकी प्रक्रिया मजाक बनकर रह गई है. सांसदों ने ये कदम उस वक्त उठाया, जब बैठक में कहा गया कि 29 नवंबर तक रिपोर्ट पेश करनी है. सत्ता पक्ष के सांसदों ने विपक्षी सदस्यों को समझाने की कोशिश की. विपक्षी सांसदों के वॉकआउट के बाद अब गुरुवार को लोकसभा में जेपीसी का टर्म बढ़ाने का प्रस्ताव पेश होगा.

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
स्ट्रोक का इलाज उपलब्ध
there's treatment if you act FAST.
F Facial weakness Can the person smile? Has their mouth or eye drooped?
A Arm weakness Can the person raise both arms?
S Speech problems Can the person speak clearly and understand what you say?
T Test all Three symptoms
7808368888
Immediately Come to Our Emergency
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद - 828105

## संक्षिप्त खबरें

### गोस्सनर कॉलेज का पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन 14 दिसंबर को

**रांची :** गोस्सनर कॉलेज का पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन-आगोस (एसोसिएशन ऑफ गोस्सनर ओल्ड स्टूडेंट्स) का आयोजन 14 दिसंबर को होगा। आगोस के समन्वयक भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ अमरदीप टोपनो ने बुधवार को बताया कि सम्मेलन में देशभर के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। गोस्सनर कॉलेज अपनी स्थापना के 53वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। इसका आकादमिक इतिहास पुराना है। यहां के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों में देशभर की बड़ी हस्तियां, जैसे- महेंद्र सिंह धौनी, असुंता लकड़ा, विजय आशीष कुजूर आदि शामिल हैं। सम्मेलन में लोककला, ऑर्केस्ट्रा सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### पुलिस उप-महानिरीक्षक की अध्यक्षता में अनुकम्पा समिति की हुई बैठक

**रांची।** पुलिस उप- महानिरीक्षक (कार्मिक) मो.नौशाद की अध्यक्षता में अनुकम्पा समिति की बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक मे मृतक पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों के कुल 86 आश्रितों को नियुक्ति पत्र 26/11/2024 को पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक )मो. नौशाद के द्वारा निर्गत किया गया। जो काफी दिनों से लंबित था। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रतिमंडल में महामंत्री मो.महताब आलम एवं सयुंक्त सचिव-सह-कोषाध्यक्ष रंजन कुमार मौजूद थे। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के तरफ से पुलिस मुख्यालय के सभी पदाधिकारियों को तहे दिल से धन्यवाद ।

# आज सभी रुटों पर वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मोरहाबादी मैदान में 28 नवंबर को हेमंत सोरेन सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगी। इस दौरान हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वहीं, कई कैबिनेट मंत्री भी शपथ ग्रहण करेंगे। इस मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार समेत तमाम वीआईपी कार्यक्रम स्थल मोरहाबादी मैदान में मौजूद रहेंगे। वहीं, राज्य भर के विभिन्न जिलों से राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं और नेताओं का भीड़ होगी। कई राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का भी आगमन होना है। ऐसे में सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ऐसे में रांची के ट्रैफिक एसपी ने विशेष ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रखी जा सके. इसके तहत शहर में कुछ वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है, जबकि कुछ पर सिर्फ विशेष वाहनों का ही प्रवेश हो सकेगा. ऐसे में आइए 28 नवंबर को रांची के नए ट्रैफिक रूट प्लान पर डालते हैं एक नजर।



**नहीं चलेंगे ई रिक्शा, इन वाहनों की सिटी एंट्री रहेगी बंद:** ट्रैफिक एसपी डा कैलाश करमाली द्वारा जारी प्लान के मुताबिक, 28 नवम्बर को सुबह 8 से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों का शहर में नो-इंट्री रहेगी। वहीं, छोटे व बड़े मालवाहक वाहनों का भी शहर में प्रवेश रात 8 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा दिन के 12 बजे से लेकर रात 8 बजे तक शहर में ई रिक्शा भी नहीं चलेंगे। विभिन्न मार्गों पलामू से रांची, चाईबासा से रांची, कांके से रांची शहर आने वाले बड़े वाहन इन निर्धारित स्थानों तक ही जा सकेंगे। इस दौरान बूटी मोड़ से रिम्स चौक, करमटोली चौक, एसएसपी आवास चौक, रणधीर वर्मा चौक और जेल चौक से अन्य सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

28 नवम्बर को दिन के 11:00 बजे से रात 08:00 बजे तक अरगोडा चौक, सहजानंद चौक, न्यू मार्केट चौक, हॉटलिप्स चौक और राम मंदिर चौक पर ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन पूरी तरह से बंद रहेगा। सामान्य वाहन विशेष मार्गों से शहर में प्रवेश कर सकेंगे. जैसे बूटी मोड़ से खेलगांव चौक, कोकर चौक, रातू रोड काठीटांड़ नगड़ी से कटहल मोड़ होते हुए नयासराय, नए हाईकोर्ट के रास्ते एचईसी गेट तक रांची में प्रवेश कर सकेंगे. इसके अलावा बोड़ेया रिंग रोड से मोरहाबादी मैदान की ओर आने वाले वाहन नेवरी रिंग रोड से बूटी मोड़, खेलगांव, कोकर चौक होते हुए शहर में प्रवेश कर सकेंगे।

**कार्यक्रम में भाग लेने वाले वाहनों की पार्किंग:** वीवीआईपी और मीडिया वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थल होंगे. ये पार्किंग स्थल रणधीर वर्मा चौक, एसएसपी आवास चौक और फुटबॉल मैदान के आसपास होंगे।

**ट्रैफिक एसपी की अपील**

नई सरकार के शपथ ग्रहण को लेकर सिटी की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव को फालो करने की अपील रांची के ट्रैफिक एसपी ने शहर के सभी लोगों से की है, ताकि ट्रैफिक जाम व सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे. उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह के लिए निर्धारित मार्गों से ही यात्रा करने की अपील की है. ट्रैफिक रूट में बदलाव से संबंधित जानकारी रांची डीसी, रांची एसएसपी समेत अन्य वरीय अधिकारियों को भी दे दी गई है।

### यह रुट रहेगा

| | |
|---|---|
| चाईबासा-खूंटी से रांची | बिरसा चौक |
| कांके से रांची भाया बोड़ेया | बोड़ेया |
| गुमला-सिमडेगा से रांची भाया अरगोड़ा | कटहल मोड़ |
| पलामू-लोहरदगा से रांची | पंडरा व कटहल मोड़ |
| गुमला-सिमडेगा से रांची | आईटीआई बस स्टैंड |
| जमशेदपुर से रांच | दुर्गा सोरेन चौक, नामकुम |
| जमशेदपुर से रांची भाया सदाबहार चौक | कुसई-घाघरा |
| कांके-पतरातू से रांची | कांके रिंग रोड |
| बूटी मोड़ से रांची भाया बरियातू | बूटी मोड़ |

### यहां पार्क होंगे बाहर से आने वाले वाहन

**गढ़वा, पलामू व लातेहार - पुलिस लाइन मैदान, सीएम आवास के विपरित दिशा में**

**खूंटी, चाईबासा - रांची यूनिवर्सिटी मैदान, सिदो-कान्हू पार्क के बगल में**

**साहेबगंज, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा, दुमका व देवघर - डीआईजी ग्राउंड बरियातू, बरियातू पहाड़ी स्थित मैदान**

**धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, चतरा, हजारीबाग, रामगढ़, जमशेदपुर सरायकेला - डीआईजी ग्राउंड बरियातू, बरियातू पहाड़ी स्थित मैदान**

### भगवान बिरसा मुंडा के वंशज की पल-पल की जानकारी ले रहे है रक्षा राज्य मंत्री

**रांची:** सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के दुर्घटना की सूचना मिलने पर फोन से चिकित्सक और रिम्स के डायरेक्टर से बातकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली है। सेठ ने बुधवार को कहा कि मामले की जानकारी मिलते ही वह लगातार पल-पल की जानकारी चिकित्सकों से ले रहे है और चिकित्सक के संपर्क में हैं। भगवान बिरसा मुंडा के पर पोते मंगल मुंडा दो दिन पूर्व वाहन से गिरने पर गंभीर रुप से घायल हो गये थे। उनका रिम्स के न्यूरो सर्जन डॉक्टर विकास कुमार की निगरानी में इलाज चल रहा है। सेठ ने उनके परिजनों बुधराम मुंडा, जंगल मुंडा और कानू मुंडा से उनको हर संभव मदद करने की बात कही। उन्होंने परिजनों से कहा, जरूरत पड़ने पर कहीं भी उनका समुचित इलाज कराया जाएगा, हम सब उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने उनके जल्द स्वस्थ लाभ होने की कामना की।

## रांची समाहरणालय आवारा कुत्तो का बना बसेरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची समाहरणालय की बिल्डिंग जहां पर उपायुक्त सहित कई अधिकारी व पदाधिकारीगण बैठते हैं। इसी बिल्डिंग के प्रथम तल्ले, दूसरे तल्ले में आवारा कुत्ता घूमता हुआ नजर आता है और पहले भी इसी तरह से देखा भी गया है, लेकिन इस आवारा कुत्ते को कोई बाहर नहीं निकलता है। आवारा कुत्ता आसानी से समाहरणालय के अंदर सीढ़ी चढ़कर जहां पर अधिकारी बैठते हैं, उनके कार्यालय के आसपास घूमते नजर आयेगा। यदि भीड़भाड़ होने के कारण कुत्ता भी भयभीत हो जाए और इधर-उधर भागने के दौरान किसी को काट दें या फिर नाखून गड़ा दे तो उस व्यक्ति ,महिला,बच्चे को परेशानी हो सकती है, इसलिए जिला प्रशासन को इस पर ध्यान देने की जरुरत है।

# हेमंत सोरेन ने शपथ समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मोरहाबादी मैदान, रांची में 28 नवंबर को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर चल रही तैयारियों का बुधवार रात निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने समारोह स्थल में मंच निर्माण, साज सज्जा, विद्युत, ध्वनि तथा सुरक्षा व्यवस्था और अतिथियों के स्वागत-सत्कार एवं आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था की जानकारी अधिकारियों से ली। सोरेन ने कहा कि समारोह स्थल तक आवागमन और वाहनों के पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए ताकि किसी भी स्तर की किसी तरह की परेशानी उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यहां पेयजल के साथ अन्य सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव अमिताभ कौशल, रांची के उपायुक्त वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा एवं कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



## मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन भगवान बिरसा मुंडा के वंशज से मिलने पहुंचे रिम्स, दिए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने रिम्स के ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी में भर्ती धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के स्वास्थ्य को लेकर उनके परिजनों से बुधवार को जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से उनके चल रहे उपचार से संबंधित जानकारी प्राप्त की और बेहतर इलाज के साथ सभी जरूरी सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 25 नवंबर की रात्रि में भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा खूंटी में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे।

## इंडिया गठबंधन की जीत से राज्य में बनी हेमंत सरकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कड़रू अंसारी पंचायत की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत पर चर्चा की गई। पंचायत के सदस्यों ने गठबंधन के सभी घटक दलों को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी और झारखंड के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन तथा झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर के कुशल नेतृत्व और चुनावी रणनीति की भूरी-भूरी प्रशंसा की। पंचायत ने कहा कि इन तीनों नेताओं की राजनीतिक सूझबूझ ने एनडीए की ताकतवर राजनीतिक मशीनरी को झारखंड में मोहब्बत, सौहार्द और भाईचारे के प्रतीकों तीर-कमान और पंजा के जरिए हराने में अहम भूमिका निभाई। कड़रू अंसारी पंचायत ने विशेष रूप से नगर विकास मंत्री और जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और मधुपुर विधायक हफीजूल हसन अंसारी, कांके विधायक सुरेश बैठा और खिजरी विधायक राजेश कच्छप की जीत पर उन्हें बधाई दी। बैठक में अध्यक्ष हाफिजूल हसन अंसारी, सचिव हाफिज मनीर आलम, उपाध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, उपसचिव अरशद जिया, और सरपरस्त हाजी अब्दुल मकीद अंसारी, सुज्जाउद्दीन अंसारी, कुतुबुद्दीन अंसारी, जैनुल आबिदीन, मो. केयाम और अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। सदस्य- मो. लतीफ, अमानत अंसारी, सज्जाद अंसारी, मुस्ताक, रहमान, मो. जाहिद, नसीम, हाजी अख्तर, अब्दुल रहीम, मो. उमर, फिरोज आदि उपस्थित थे।



## हेमंत सोरेन के शपथ समारोह में दिखेगी सोहराई पेंटिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री पद के शपथ की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कई दिगग्ज नेता इस समारोह में मौजूद होंगे। इसके साथ समारोह में झारखंड की पारंपरिक पेंटिंग भी देखने मिलेगी। दरअसल, मुख्य स्टेज के सामने सोहराई पेंटिंग बनाई गयी है। यह सांसदों और विधायकों सहित आम लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगी। यें पेंटिग तीन स्थानों पर बनीं हैं। पहला वीआईपी लोगों के प्रवेश द्वार के सामने बनाई गई है, जिसमें आदिवासियों के पर्व त्यौहार में खोड़हा नृत्य करते दिखाया गया है। दूसरी पेंटिग मुख्य स्टेज के सामने चित्रित है, जिसमें प्रकृति सौंदर्य की तस्वीर दिखेगी। इसके साथ जनजातियों के संग हरा-भरा पेड़ भी पेंटिग में बने हैं। हाथी, हिरण, पशु, मछली, गाय, सांपऔर पक्षी आदि बनाई गई है। मौके पर पेंटर संतोष प्रजापति ने कहा कि गांव के जनजातीय समुदाय दिवाली के पहले घर में साफ-सुथरा करती है और घरों के दीवारों पर अपने हाथों से प्रकृति से जुड़े जीव-जंतुओं और हर-भरे पेड़-पौधे बनाने का काम करती हैं। सोहराई पर्व पर आधारित सभी दीवारों पर चित्रित किया गया है। हजारीबाग की रुकमनी देवी की टीम ने इसे पूरा किया है। टीम में सुषमा देवी, अंजली देवी, पूजा कुमारी, दीपा कुमारी और माही कुमारी ने बारीकी से दीवार पर पेंटिंग को ऊकेरा है।



# डीआईजी नौशाद की पहल से 250 आश्रितों को अनुकंपा पर मिली नियुक्ति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बजट डीआईजी नौसाद आलम के द्वारा चतरा ज़िला के दुर्घटना में मृत हवलदार सैयद सफ़दर रजा के आश्रित को झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कर्ण सिंह, महामंत्री रमेश उरांव के पहल पर केंद्रीय कल्याणकोष से एक लाख बीस हज़ार की नगद सहयोंग राशि दिया गया ।

साथ ही 86 मृत/शहिद पुलिसकर्मियों के आश्रित को अनुकम्पा पर नियुक्त किया गया । विदित है कि वर्तमान कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम के कार्यकाल में विशेष रुचि लेकर लगभग 250 आश्रितों को अनुकंपा पर नियुक्ति किया जा चुका है ।इस कल्याणकारी कार्य के लिए झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन द्वारा डीआईजी नौशाद आलम का आभार व्यक्त किया गया।

### आईपीएस भाटिया को डीजी रैंक में मिली प्रोफार्मा प्रोन्नति



**रांची :** झारखंड कैडर के तेज तर्रार 1993 बैच के आईपीएस एमएस भाटिया को डीजी रैंक में प्रोफार्मा प्रोन्नति मिली है। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी दी है। एमएस भाटिया वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। जानकारी के मुताबिक, आईपीएस एमएस भाटिया अगले साल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से अपने झारखंड कैडर में लौटेंगे।

## शपथ ग्रहण समारोह को लेकर जगह-जगह लगाये गए होर्डिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड विधानसभा चुनाव में जीत के बाद हेमंत सोरेन गुरुवार को चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। रांची के मोरहाबादी मैदान में 28 नवंबर की शाम चार बजे शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शपथ ग्रहण करायेंगे।

इस समारोह में कई बड़े राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, एनसीपी पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंराड कोंगकल संगमा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुखू, पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र उद्धव ठाकरे, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, कर्नाटक के पूर्व उप मुख्यमंत्री डीके शिवाकुमार, तमिलानडू के पूर्व उप मुख्यमंत्री उदय स्टालिन, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, मासस के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, नवीन पटनायक, कपिल सिब्बल के अलावा और भी कई नाम शामिल हैं।

शपथ ग्रहण समारोह को लेकर जगह-जगह होर्डिंग लगाये जा रहे हैं। झामुमो और कांग्रेस नेताओं में जबरदस्त उत्साह है। शपथ समारोह को भव्य बनाने के लिए और आने वाले वीआईपी गेस्ट के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। सभी वीआईपी गेस्ट के लिए स्पेशल कारकेड तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से वीआईपी अतिथियों को सुरक्षित समारोह स्थल तक लाया जाएगा। अति विशिष्ट अतिथियों को प्रोटोकॉल के अनुसार सारी सुविधाएं समय पर मिलें इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। राजकीय अतिथियों की आगवानी, उनके ठहरने, समारोह स्थल तक जाने से लेकर उनकी विदाई तक की फूल फरूप तैयारी की गई है। रांची पुलिस लाइन में 500 से ज्यादा वाहनों को वीआईपी गेस्ट के लिए तैयार रखा गया है। नेताओं के ठहरने वाले सभी चिह्नित राजकीय अतिथिशाला और अन्य जगहों पर विशेष सुरक्षा की व्यवस्था की गयी है। रांची आने और यहां से लौटने तक उनकी सुविधा का ध्यान रखने की पूरी तैयारी की गई है। वहीं, दक्षिण भारत से आने वाले अतिथियों को भाषाई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए अंग्रेजी बोलने-समझने वाले अधिकारियों को जिम्मा सौंपा गया है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची के मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग) निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **निविदा संख्या (1) निविदा सूचना संख्या डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -61-2024। कार्य का नाम:** रांची मंडल के अधिकार क्षेत्र के लिए बाकुडीह/बरहड़वा/पिनरगड़िया/पाकुड़/राजग्राम/तालझरी खदान साइडिंग में 50 मिमी आकार के मशीन क्रश्ड हार्ड स्टोन ट्रैक गिट्टी के 107745 घन मीटर की रेलवे वैगनों/हॉपरों में आपूर्ति और लोडिंग (गंतव्य पर माप किया जाएगा)। **निविदा मूल्य:** ₹15,73,05,545.10/-। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 27.12.2024 को 15.00 बजे। **बयाना राशि मूल्य:** ₹ 9,36,500.00/। **निविदा संख्या (2): निविदा सूचना संख्या डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-62- 2024। कार्य का नाम:** डीईएन (दक्षिण)/रांची के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सामान्य सुविधाओं का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹12,95,52,671.53/-। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 20.12.2024 को 15.00 बजे। **बयाना राशि मूल्य:** ₹7,97,800.00/-। निविदाकर्ता ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं।

(PR-836)


## मैं हारा जरूर हुँ, लेकिन हटिया में 138326 हजार लोगों ने मुझे दिया है आशीर्वाद : अजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मैं विधानसभा चुनाव भले हारे हैं , पर हमें 1 लाख 38 हजार 326 लोगों के मजबूत हाथों का साथ और उनका वोटों का आशीर्वाद मिला है। ये हमारे ऊपर है, कि हम इस स्थिति में हार देखकर मायूस हो जाएं या लाखों लोगों के समर्थन से अपने आप को ताकतवर समझकर उनके बीच फिर से जाएं। उक्त बातें हटिया विधानसभा से कांग्रेस के भावी प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने रातू में आयोजित आभार सभा में हटिया विधानसभा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा । उन्होंने कहा कि हमारे ऊपर 1 लाख 38 हजार 326 लोगों ने भरोसा जताया है। यह बहुत बड़ी बात है और बहुत बड़ी ताकत भी। हम आपका भरोसा नहीं तोड़ सकते। उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा अब उदास बैठने का समय नहीं है, बल्कि दुगनी ताकत और उत्साह से काम करने की जरूरत है। अब हम सबकी जिम्मेदारी बढ़ गई है। हम आप सबको विश्वास दिलाते हैं कि उनके सुख-दुख में हम साथ हैं।झारखंड में फिर से लोकप्रिय हेमंत सरकार की पुरजोर वापसी हुई है, हम सरकार से लोगों का काम कराएंगे , उनका अधिकार दिलवाएंगे। शाहदेव ने कहा चुनाव के बाद अब राजनीति का वक्त नहीं है और अब वक्त है समाज सेवा का। लोगों के काम करने का। परिस्थिति ने हमें विधायक बनने से रोका है, प्रकृति हमें जन सेवा करने के लिए पुकार रही है। हमारी जिंदगी आप सबको समर्पित है। मेरा दरवाजा हर किसी के लिए 24 घंटे खुला है।आपके विश्वास को मैं कम नहीं होने दूंगा।आभार सभा को अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया और सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस, झामुमो,राजद कार्यकर्ताओं सहित समर्थकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से पृथ्वी नाथ शाहदेव,अमर उरांव, अजीत उरांव, सबिता कुजुर, कमरुल हक, राजेश पांडे,महाबीर विश्वकर्मा, सुखदेव उरांव, सोमनाथ उरांव,निकोलस तिर्की, जहीर मंसूरी,प्यारी केरकेट्टा, रायमुनी किस्पोट्टा,सुरेश गोप, बिनोद तिर्की,सहाबीर लोहरा, कुशल उरांव, निरंजन कुमार,प्रमोद सिंह, जसीम अंसारी,दीपू सिन्हा, कमल ठाकुर, दीपक ओझा, बेलाल अंसारी, बीरु तिर्की, सुशांत उरांव, सुष्मिता तिर्की, जहीर अब्बास, सिंदबाद खान, राजेन्द्र मिर्धा, बिनोद तिर्की, कुसुम देवी,सरवरी खातून, दिनेश तिग्गा, ओमप्रकाश सिंह,शिवा कच्छप, रमेश शाहदेव,अतुल राज,संजय साहू,मदन मुंडा,सुनीता कच्छप,अरुण गोप सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई के जिला महासचिव के साथ जाती सूचक गाली एव किया मारपीट

**रांची।** कांग्रेस छात्र कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई के जिला महासचिव अब्दुल रबनवाज जो डोरंडा कॉलेज में प्रभारी के तौर पर मौजूद हैं, दोपहर 2:30 बजे लगभग विद्यार्थियों के विभिन्न मुद्दों को लेकर कॉलेज के प्रिंसिपल का घेराव करने निकले थे, लेकिन कॉलेज के गेट के उपरांत उर्दू डिपार्टमेंट के सामने एमबीए डिपार्टमेंट के कार्यरत इब्राहिम जी ने अब्दुल ल एवं पूरी टीम को रोक दिया एवं अब्दुल रबनवाज को जाति सूचक गली एवं मारपीट किया।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारतीय सड़कों पर एक लाखवा अर्बन क्रूजर हाइराइडर होने का मनाया जश्न




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने घोषणा की कि भारत में अर्बन क्रूजर हाइराइडर की 1,00,000 गाड़ियों की बिक्री की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली गई है। यह उपलब्धि बाजार में बी-एसयूवी की मजबूत स्वीकार्यता और भारतीय ग्राहकों में हाइब्रिड तकनीक को अपनाने के बढ़ते रुख को रेखांकित करती है। जुलाई 2022 में लॉन्च की गई अर्बन क्रूजर हाइराइडर में टोयोटा की विश्वस्तरीय हाइब्रिड तकनीक को बेहतरीन डिजाइन, प्रीमियम आराम और बेहतरीन प्रदर्शन के साथ जोड़ा गया है। यह तीन पावरट्रेन में उपलब्ध है- सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक (एसएचईवी), नियो ड्राइव और सीएनजी पावरट्रेन। सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों में यह 27.97 किमी/ लीटर* तक , नियोड्राइव (एमटी) में 21.12 किमी/लीटर* और सीएनजी मोड में 26.6 किमी/किलोग्राम* तक है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट सबरी मनोहर ने कहा, अर्बन क्रूजर हाइराइडर को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया भारतीय ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं के अनुरूप अभिनव गतिशीलता समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि केवल एक संख्या नहीं है; यह एसयूवी प्रौद्योगिकी में एक नए युग की शुरुआत का संकेत देती है जो स्थिरता, प्रदर्शन और ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देती है।

## रियलमी जीटी 7 प्रो भारत में लॉन्च, पहला स्नैपड्रैगन 8 एलीट फ्लैगशिप स्मार्टफोन




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने आज लंबे इंतजार के बाद भारत के पहले स्नैपड्रैगन 8 एलीट फ्लैगशिप चिपसेट के साथ रियलमी जीटी 7 प्रो लॉन्च किया। इसकी शुरुआती कीमत 56,999 रुपये है। जीटी की हर सीरीज़ का डिज़ाइन %बॉर्न टू एक्सीड% की अवधारणा पर आधारित है। यह भारत की पहली डिवाइस है, जिसमें स्नैपड्रैगन 8 एलीट फ्लैगशिप चिपसेट लगा है और इसका एंटूटू स्कोर 3 मिलियन है। रियलमी जीटी 7 प्रो में सोनी आईएमएक्स 882 पेरिस्कोप कैमरा लगा है, जो फोटोग्राफी का अतुलनीय अनुभव प्रदान करता है। इसमें उद्योग का पहला एआई अंडरवाटर फोटोग्राफी मोड दिया गया है, जिसकी मदद से पानी के अंदर भी बेहतरीन इमेज प्राप्त होती हैं। लॉन्च के बारे में रियलमी प्रवक्ता ने कहा, हम अपनी प्रसिद्ध जीटी सीरीज़ में रियलमी जीटी 7 प्रो पेश करके बहुत उत्साहित हैं। इस सीरीज़ में अत्याधुनिक इनोवेशन, जीटी 7 प्रो भारत का पहला 8 एलीट फ्लैगशिप स्मार्टफोन है, जिसमें आधुनिक स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ परफॉरमेंस प्रदान करता है। क्वालकॉम इंडिया के बिजनेस हेड, मोबाइल, कंप्यूट और एक्सआर, सौरभ अरोड़ा ने कहा,%स्नैपड्रैगन 8 एलीट मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म स्पीड, एफिशिएंसी, और कनेक्टिविटी में नए मानक स्थापित करने और रियलमी ग्राहकों को फ्लैगशिप अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रंजीत बाबू, डायरेक्टर, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, अमेज़न इंडिया ने कहा, हम भारत में अपने ग्राहकों के लिए विशाल श्रृंखला लाते रहेंगे, ताकि वो विभिन्न किफायती विकल्पों की मदद से सर्वोच्च ब्रांडों के अत्याधुनिक और नए स्मार्टफोन आसानी से खरीद सकें।

## न्युवोको का न्युवो सेतु ऐप लॉन्च, डिजिटल सेवा में नई पहल



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने अपने सीमेंट और मॉडर्न बिल्डिंग मैटेरियल्स (एमबीएम) ग्राहकों के लिए एक नई इनोवेटिव डिजिटल पहल 'न्युवो सेतु' ऐप लॉन्च की है। ग्वालियर में आयोजित पायलट लॉन्च कार्यक्रम में प्रमुख डीलरों और ग्राहकों की उपस्थिति में इस ऐप को प्रस्तुत किया गया। न्युवो सेतु ऐप, आईओएस और एंड्रॉइड दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है, और इसे ग्राहकों को बेहतरीन डिजिटल अनुभव देने के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। यह ऐप ग्राहकों को आसानी से ऑर्डर करने, रियल-टाइम में ऑर्डर की स्थिति ट्रैक करने और उत्पादों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने की सुविधा देता है। साथ ही, इसमें एक क्रेडिट मैनेजमेंट सिस्टम भी है, जो वित्तीय निर्णयों को बेहतर बनाता है। मार्केटिंग हेड, चिराग शाह ने कहा कि न्युवो सेतु ऐप के जरिए हम ग्राहकों को सटीक और तेज सेवा प्रदान करने के अपने वादे को पूरा कर रहे हैं। यह हमारी ग्राहक-केंद्रित सोच को और मजबूत करेगा। जल्द ही इसे पूरे भारत में शुरू किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** बीते मंगलवार की देर रात टाटा-कांड्रा मार्ग पर गम्हरिया के उषा मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप हुई एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि एक बाइक संख्या पर सवार दो युवक पहले से वहां खड़े एक ट्रेलर से टकरा गया जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक एक ही बाइक से उषा मोड की ओर आ रहा था। इसी दौरान मोड़ के पास खड़े ट्रेलर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार अचेत होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद काफी संख्या में आसपास के लोग वहां जुट गए। मौजूद लोगों द्वारा इसकी सूचना गम्हरिया पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत एक युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान छोटा गम्हरिया निवासी समीर मंडल के रूप में की गई है जबकि गम्भीर रूप से घायल का नाम पीतांबर मंडल बताया गया है।

## पोस्टर के जरिये किशोरियों ने बुलंद की दृश्य और अदृश्य असमानता के खिलाफ आवाज



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** युवा संस्था (यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन) और विमेन गेनिंग ग्राउंड कंसोर्टियम, क्रिया नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आज कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ,जमशेदपुर में जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान के तहत पोस्टर राइटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया गया असमानता से समानता सबकी गिनती एक समान। अभियान का उद्देश्य है जेंडर असमानता, भेदभाव और हिंसा को मिटाने के लिए हमें सभी को मिलकर काम करना होगा। विद्यालय की वार्डन रीना ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम होने चाहिए ताकि लड़कियां जागरूक हो सके। पोस्टर राइटिंग प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार दिया गया।

## पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने चुनावी हार के बाद दिया बड़ा बयान, कहा

# हिंदू मुस्लिम का एडिटेड वीडियो लाकर छल से जीते सरयू राय

- मेरे घर के आसपास ही पांच साल घुमेंगे लेकिन होगा कुछ नहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विधानसभा चुनाव में मेरी छवि को बिगाड़ने के लिए एडिटेड वीडियो का सहारा लिया गया, गलत तरीके से वीडियो को प्रचारित कर धार्मिक धुर्वीकरण का षड्यंत्र रच कर सरयू राय ने छल से चुनाव जीता क्यूंकि वे जानते थे कि वे बिना तिकड़म कर चुनाव नहीं जीत सकते थे। उक्त बातें अपने आवास में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहीं। संवाददाता सम्मेलन में उनके साथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे और झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष बबन राय भी मौजूद थे।

विधायक सरयू राय पर हमला बोलते हुए बन्ना गुप्ता ने कहा कि जमशेदपुर पूर्वी में जिस तरह एक परिवार के पीछे पड़े थे, उसी तरह अब मेरे घर के आसपास ही वे घुमते रहेंगे, लेकिन होगा उनसे कुछ नहीं. उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वे इससे डरने वाले हरगिज नहीं है. ना डरेंगे, ना झुकेंगे, जनता के साथ खड़ा रहेंगे. उन्होंने मंगलवार को एक वीडियो भी जारी किया. इस वीडियो को चुनाव के वक्त वायरल किया गया था. बन्ना गुप्ता ने कहा कि उन्होंने भाषण के दौरान गंगा जमुनी तहजीब की बात की थी, लेकिन उसके एक हिस्सा को काटकर प्रसारित किया गया।

**मुझसे राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण जनहित के योजनाओं को ना रोके सरयू राय**

उन्होंने कहा कि मुझे डर हैं कि मेरे से राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण सरयू राय जनता के विकास कार्यो को रोक ना दें, मुझे डर हैं कि ऐसा ना हो कि मुझे नीचा दिखाने के लिए सरयू राय मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य बंद करवा दें, एमजीएम अस्पताल बंद करवा दें, मेरे प्रयास से प्रस्तावित स्वर्णरेखा नदी में होने वाले रिवर फ्रंट डेवलोपमेन्ट का कार्य ना रुकवा दें।

**नकरात्मक राजनीति का हर कदम पर करूंगा विरोध**

पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मैं सकरात्मक राजनीति पर विश्वास करता हूँ, इसलिए जीत की बधाई देते हुए सरयू राय को कहना चाहता हूँ कि मेरे द्वारा किए गए जनहित के कार्य को रोके नहीं ना रुकने दें, यदि उन्होंने किसी भी जनता से जुड़े योजनाओं को रोकने या धीमा करने का प्रयास किया तो उनके नकरात्मक राजनीति का हर कदम पर विरोध करूंगा।

**जनता की सेवा के लिए हमेशा कार्यालय खुला रहेगा**

उन्होंने जमशेदपुर पश्चिम की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जो आशीर्वाद दिया हैं और जो आदेश दिया हैं वो सिर आँखों पर हैं, क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव प्रयास करूंगा, मेरा कार्यालय जनता की सेवा के लिए खुला रहेगा और जन दर्शन का कार्यक्रम जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि हार की समीक्षा होगी, अपने साथियों और कार्यकर्त्ताओं के साथ मिलूंगा पूरी ताकत और क्षमता के साथ जनता की सेवा करता रहूंगा।

## आईपीटीएसई में काव्यप्ता ग्लोबल स्कूल को देशभर में मिला पहला स्थान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** काव्यप्ता ग्लोबल स्कूल, जमशेदपुर ने प्रतिष्ठित इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन (आईपीटीएसई) 2024 में भारत के सभी स्कूलों में पहला स्थान हासिल कर नया रिकॉर्ड बनाया। इस परीक्षा में देशभर के 27,000 से अधिक स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा नवीराह अरशलान ने ऑल इंडिया रैंक 3 प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। स्कूल के कुल 30 छात्रों ने इस परीक्षा में भाग लिया और बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिकारों के प्रति अपनी गहरी समझ का प्रदर्शन किया। यह पुरस्कार माननीय न्यायमूर्ति मिनी पुष्करना, दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश, ने विगत 19 नवंबर 2024 को नई दिल्ली में आयोजित आईपीटीएसई अवॉर्ड्स एंड कॉन्क्लेव 2024 के दौरान प्रदान किया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध शिक्षाविदों, उद्योग जगत के नेताओं और विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। प्रधानाचार्य और निदेशक कविता अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर कहा कि शैक्षिक विकास के साथ-साथ छात्रों को महत्वपूर्ण क्षेत्रों से अवगत कराना भी आवश्यक है, जो उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बनेंगे। विद्यालय ने आईपी शिक्षक अक्षय अग्रवाल की भी सराहना की, जिन्होंने इस विषय को पाठ्यक्रम में शामिल कर छात्रों को बौद्धिक संपदा के महत्व से परिचित कराया।

## विधायक सरयू पहुंचे कदमा केडी फ्लैट, बंद रास्ता का किया मुआयना, कहा

## आम जनता का बंद रास्ता टाटा स्टील खोले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिम में नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय ने चुनाव के दौरान किये गये वादे को पूरा करने के लिए कदमा की सड़कों पर उतरे। विधायक सरयू राय पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता बन्ना गुप्ता के टाटा स्टील की ओर से आवंटित क्वार्टर के आसपास भी गये। उन्होंने देखा कि कदमा के केडी फ्लैट के पास किन रास्तों को बंद किया गया है। उन्होंने वहां की दुकानों को हटाने के मामले भी देखा. इस दौरान काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता और नेता भी मौजूद थे। इस दौरान स्थानीय लोगों की भी भारी भीड़ जुटी हुई थी. हर कोई किसी भी हद तक जाने को तैयार थे। लेकिन विधायक सरयू राय ने सारे लोगों को रोका। लोगों को रोककर उन्होंने कहा कि टाटा स्टील से हमने आग्रह किया है कि रास्ता आम लोगों को दे दिया जाये। इसका रास्ता अगर नहीं निकलेगा तो जनता कितनी आक्रोशित है, यह देख सकते है. ऐसे में हम चाहते है कि वहां से जनता को रास्ता दे दिया जाये।

उन्होंने टाटा स्टील को आड़े हाथो लिया और कहा कि अगर टाटा स्टील चाहती है तो बन्ना गुप्ता को अपनी कंपनी में शेयर दे दें। एक नहीं चार चार क्वार्टर दे दें, उस पर उनको कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन आम लोगों का रास्ता बंद होगा तो हम विरोध में सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने ने यहां चेतावनी दी है कि अगर रास्ता नहीं बनाया गया तो वे लोग खुद रास्ता खोलेंगे। इस दौरान लोगों ने जमकर नारेबाजी की। वहीं स्थिति को देखते हुए पुलिस का भारी बंदोबस्त किया गया था।

## करीम सिटी कॉलेज में मनाया गया विश्व दर्शन दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची के दर्शनशास्त्र विभाग ने विश्व दर्शन दिवस के अवसर पर कॉलेज सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दर्शनशास्त्र विभाग, प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय कोलकाता के असिस्टेंट प्रोफेसर डा मोहम्मद इनामुर रहमान शामिल हुए। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए निर्धारित विषय हमारी दुनिया में नैतिकता पर विस्तार पूर्वक अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने परम सत्य, ज्ञान के सिद्धांत, विचारों का सही होना तथा मानवीय जीवन में नैतिक मूल्यों की महत्ता जैसे बिंदुओं को परिभाषित करते हुए बताया की दर्शन एक प्रेरणादायक अनुशासन है और साथ ही रोजमर्रा की ऐसी प्रथा है जिसमें समाज को बदलने की क्षमता होती है।

मुख्य अतिथि से पहले प्राचार्ज डॉ मोहम्मद रेयाज ने स्वागत भाषण दिया। विभागाध्यक्ष डा अब्दुल लतीफ मंडल ने आज की चर्चा की भूमिका प्रस्तुत की। मंच का संचालन मुबीना बेगम ने किया तथा डॉ मो मुजाहिद उल हक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सभा में विद्यार्थियों के अलावा डॉ अली अली, डॉ शाहिद हाश्मी, डॉ संध्या सिंह तथा डॉ फरजाना अंजुम के अलावा कई और शिक्षक भी मौजूद रहे।

## लड्डुओं से तौले गये सरयू राय, कहा अधूरे विकास कार्यों को पूर्ण करेंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिम के नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय का बुधवार को मानगो में अभिनंदन किया गया। श्री राय को उनके समर्थकों ने लड्डुओं से भी तौला। उन्हें लड्डुओं से तौलने का यह उपक्रम त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर (बड़ा हनुमान मंदिर) मानगो के सामने हुआ। इसके पूर्व श्री राय ने त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस मौके पर श्री राय ने कहा कि वह पश्चिम की जनता के शुक्रगुजार हैं, जिन्होंने उन्हें चुनाव में विजयी बना कर सेवा का मौका दिया। श्री राय ने कहा कि वह सेवा करते रहेंगे। विकास के जो कार्य अधूरे रह गये थे, उन्हें पूरा करेंगे। अभिनंदन कार्यक्रम को सफल बनाने में मस्तान सिंह, पप्पू सिंह, नीरज सिंह, राजेश श्रीवास्तव, मोनू पांडेय, विजेंद्र सिंह, भवानी सिंह, उषा यादव, मृत्युंजय सिंह, श्याम सिंह, छोटन मिश्रा समेत दर्जनों लोगों की महती भूमिका रही।

## सेवानिवृत पंचायत सचिव मकर चंद्र महतो को दी गई विदाई



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** प्रखंड कार्यालय परिवार की ओर से समारोह आयोजित कर गम्हरिया के ईटानगर, ईटागढ़ और जयकन पंचायत के पंचायत सचिव मकर चंद्र महतो को सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी एवं अन्य प्रखंड कर्मियों द्वारा सेवानिवृत्त पंचायत सचिव मकर चंद्र महतो को फूल माला पहनाकर व उपहार भेंट कर और विदाई दी गई। साथ ही, उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। विदित है कि मकर चंद्र महतो पंचायत सचिव के रूप में विगत 30 वर्षों तक गम्हरिया, चांडिल और नीमडीह प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सेवा प्रदान किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी, सुसेन महतो, पंसस अजीत सिंह, प्रभारी एमओ प्रभारी सुनील कुमार चौधरी समेत प्रखंड के कई पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## बारीडीह एवं सीतारामडेरा मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा ने निकाली आभार यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू के शानदार जीत पर जनता के समर्थन और आशीर्वाद के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से भाजपा की आभार यात्रा ने बुधवार को बारीडीह एवं सीतारामडेरा के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। आभार यात्रा की शुरुआत एग्रिको चौक स्थित ट्रैफिक सिग्नल से प्रारंभ हुई। इसके बाद यात्रा बारीडीह मंडल के सिदगोड़ा बाजार, विद्यापति नगर, फौजा बागान, कालू बागान, विजया गार्डन, मोहरदा बस्ती, बारीडीह बस्ती, नागाडूंगरी, बागुनहातु, बागुननगर समेत सीतारामडेरा मंडल अंतर्गत ब्राह्मण टोला, नंदनगर, भुइयांडीह पार्क, कान्हू भट्ठा, निर्मल नगर, बाराद्वारी, कुम्हारपाड़ा, कालिंदी बस्ती, भालूबासा चौक, हरिजन बस्ती, शीतला मंदिर होकर विभिन्न क्षेत्रों में पहुँचकर जनता का आभार व्यक्त किया।

## नेहरू युवा केंद्र का एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड के बारियादा गांव में मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र जमशेदपुर की ओर से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नेहरू युवा केंद्र जमशेदपुर के जिला अधिकारी अंजली कुमारी उपस्थित थीं। सभी क्लब के सदस्यों ने जिला अधिकारी के साथ आम के पेड़ लगाया। उसके बाद जिला अधिकारी ने बारियादा यूथ क्लब के सदस्यों को फुटबॉल, जर्सी, डायरी, टोपी और पेन देकर सभी युवाओं की हौसला अफजाई की। मौके पर बारियादा यूथ क्लब के अध्यक्ष मनबोध महतो, पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक धरणी सिंह, गोपेन महतो, सोमेन महतो, तारापद महतो, प्रशांत महतो, जयंत महतो, छुटुलाल महतो, कृष्णा और दर्जनों क्लब के सदस्यगण उपस्थित थे।

## स्मार्ट तकनीक के साथ जल प्रबंधन में टाटा स्टील एफएएमडी की अग्रणी पहल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के फेरो एलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) ने सतत जल प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। खनन कार्यों में पानी की खपत को कम करने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एफएएमडी नवोन्मेषी और प्रभावी समाधान अपना रहा है, जो सस्टेनेबिलिटी की ओर उसकी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

खनन गतिविधियों के लिए अत्यधिक जल उपयोग और जल संसाधनों पर गंभीर दबाव डालने की आलोचनात्मक छवि के बीच, टाटा स्टील ने एक प्रभावी समाधान के रूप में स्मार्ट जल प्रबंधन प्रणाली लागू की है। इस उन्नत प्रणाली में आईओटी सेंसर, डेटा एनालिटिक्स और स्वचालन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। यह प्रणाली पानी के प्रवाह, डिस्ट्रीब्यूशन और खपत की रीयल-टाइम निगरानी और डेटा संग्रह को सक्षम बनाती है, जिससे असक्षमताओं को दूर करते हुए जल की बर्बादी पर प्रभावी रूप से नियंत्रण किया जा रहा है। कंपनी ने बेंगलुरु स्थित औद्योगिक जल प्रबंधन फर्म फ्लक्सजेन सस्टेनेबल टेक्नोलॉजीज के साथ साझेदारी की है और अपने वाटर सर्किट को पूरी तरह से डिजिटल बनाया है। एफएएमडी के बुनियादी ढांचे में रणनीतिक रूप से सेंसर और वाटर मीटर लगाए गए हैं, जो उपयोगी और कार्रवाई योग्य डेटा एकत्र करते हैं। इस प्रणाली के इंटरएक्टिव वेब और मोबाइल एप्लिकेशन रीयल-टाइम जानकारी प्रदान करते हैं, जिससे समय पर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाना संभव हो जाता है। इसके माध्यम से न केवल जल उपयोग में कुशलता लाई जा रही है, बल्कि सीमित जल संसाधनों पर निर्भरता को भी न्यूनतम किया जा रहा है। कंपनी के जल प्रबंधन में समर्पित प्रयासों को रेखांकित करते हुए, एफएएमडी के एक्जीक्यूटिव-इन-चार्ज पंकज सतीजा ने कहा, जैसा कि हम सभी जानते हैं, पानी एक मूल्यवान और सीमित संसाधन है, और इसका प्रभावी प्रबंधन आज की आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार संसाधन प्रबंधन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के तहत, हम सतत जल प्रबंधन और जल खपत के अनुकूलन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

कंपनी ने अपने सुकिंदा क्रोमाइट माइन में 4500 केएल/घंटा क्षमता वाला अत्याधुनिक एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) स्थापित किया है, जो औद्योगिक अपशिष्ट और सतही बहाव को प्रभावी ढंग से शुद्ध करता है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने सरुआबिल और कमरदा क्रोमाइट माइन में केएल/घंटा क्षमता के ईटीपी भी स्थापित किए हैं। साथ ही, सरुआबिल क्रोमाइट माइन में 1200 केएल/घंटा क्षमता का एक और ईटीपी लगाने का कार्य प्रगति पर है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## अमरीकी कठघरे में अडाणी

**न्यूयॉर्क** फेडरल कोर्ट ने भारत के शीर्षस्थ उद्योगपति गौतम अडाणी और 7 अन्य आरोपितों के खिलाफ गिरफ्तारी के वारंट जारी किए हैं। अमरीकी निवेशकों, एजेंसियों और बैंकों को गुमराह करने, बेईमानी करने, धोखा देने और भारत में करीब 2200 करोड़ रुपए की घूसखोरी को छिपाने सरीखे गंभीर आरोप अडाणी समूह पर हैं। हालांकि समूह ने आरोपों को गलत और बेबुनियाद करार दिया है, लेकिन यही पर्याप्त नहीं है। अमरीकी कानून और न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज के नियमानुसार ये बेहद गंभीर अपराध हैं। अडाणी समूह की कुछ कंपनियां न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में भी सूचीबद्ध हैं। चूंकि सौर ऊर्जा के भारत सरकार के अनुबंध के लिए अडाणी समूह ने अमरीकी बाजार और बैंकों से करीब 25,000 करोड़ रुपए जुटाए थे। उसी में से 26.5 करोड़ डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपए) आंध्रप्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ और जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों को कथित रूप से घूस दी गई, ताकि इन राज्य सरकारों से सौर ऊर्जा के अनुबंध हासिल किए जा सकें। रिश्वत और ठेकेदारी के इस खेल में अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के साथ मॉरीशस की भी एक कंपनी थी, जिन्हें 'सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया' (सेकी) का 12 गीगावॉट अर्थात 12,000 मेगावॉट सौर ऊर्जा का ठेका मिला था। चूंकि ऊर्जा महंगी थी, लिहाजा राज्य सरकारें उसे खरीद नहीं पा रही थीं। सौदेबाजी के लिए घूस दी गई, यह आरोप है। समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने 2021 में आंध्रप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी से मुलाकात की थी और राज्य सरकार 7000 मेगावॉट बिजली खरीदने को राजी हुई थी। ओडिशा ने भी 500 मेगावॉट बिजली खरीदी थी। जिन सरकारों के साथ अडाणी समूह ने करार किए थे, वहां तब विपक्ष की सरकारें थीं। सिर्फ जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन था, लेकिन तब भी उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ही थे। बहरहाल अब अडाणी को अमरीकी अदालत के कठघरे में पहुंच कर अथवा अपने वकीलों के जरिए अपना पक्ष रखना होगा। अदालत से जमानत या मामला खत्म करने की गुहार लगानी होगी। यह ऐसी कोर्ट है, जिसमें निर्वाचित अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप को भी हाजिर होना पड़ा था। यदि अडाणी को फेडरल कोर्ट में राहत नहीं मिलती है, तो आरोपित वहां की सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। अलबत्ता कोर्ट के मुताबिक, अभी अडाणी और अन्य आरोपित 'दोषी' नहीं हैं। अब मामला अमरीकी अदालत में है, लेकिन यह खबर सामने आते ही भारतीय शेयर बाजार और राजनीति में 'भूचाल' आ गया। एक ही दिन में निवेशकों के 5.35 लाख करोड़ रुपए डूब गए और अडाणी समूह को भी करीब 2.20 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। अमीरों की वैश्विक सूची में गौतम अडाणी 25वें स्थान तक लुढक़ गए। यह जनवरी, 2023 में हिंडनबर्ग रपट के बाद हुए घाटे से तिगुना नुकसान है। अडाणी समूह के लिए यह सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय झटका है कि केन्या ने 700 मिलियन डॉलर (करीब 6000 करोड़ रुपए) के ऊर्जा करार रद्द कर दिए। वहां के राष्ट्रपति विलियम रुतो ने नैरोबी एयरपोर्ट की लीज डील भी खारिज कर दी। अडाणी समूह को ऐसे और भी झटके लग सकते हैं। भारत में सियासत में उबाल यहां तक आया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गौतम अडाणी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। यही नहीं, विपक्ष ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने का भी आग्रह किया है। अब 25 नवंबर से संसद का शीतकालीन सत्र आरंभ हो रहा है, लिहाजा स्वाभाविक है कि विपक्ष इस मुद्दे पर शोर मचाएगा। सदन में हंगामा भी मच सकता है। बुनियादी तौर पर देखा जाए, तो अडाणी पर भारत में ही घूसखोरी के आरोप हैं, लिहाजा न्याय के लिए सरकार को हरेक कदम उठाने चाहिए। सवाल यह है कि राहुल गांधी ने इस मामले में भी अडाणी के साथ प्रधानमंत्री मोदी का भी नाम जोड़ दिया है। वह मोदी-अडाणी जोड़ी की राजनीति अक्सर करते रहे हैं।

> अमरीकी निवेशकों, एजेंसियों और बैंकों को गुमराह करने, बेईमानी करने, धोखा देने और भारत में करीब 2200 करोड़ रुपए की घूसखोरी को छिपाने सरीखे गंभीर आरोप अडाणी समूह पर हैं। हालांकि समूह ने आरोपों को गलत और बेबुनियाद करार दिया है, लेकिन यही पर्याप्त नहीं है। अमरीकी कानून और न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज के नियमानुसार ये बेहद गंभीर अपराध हैं। अडाणी समूह की कुछ कंपनियां न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में भी सूचीबद्ध हैं। चूंकि सौर ऊर्जा के भारत सरकार के अनुबंध के लिए अडाणी समूह ने अमरीकी बाजार और बैंकों से करीब 25,000 करोड़ रुपए जुटाए थे। उसी में से 26 .5 करोड़ डॉलर ( करीब 2200 करोड़ रुपए) आंध्रप्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ और जम्मू– कश्मीर के अधिकारियों को कथित रूप से घूस दी गई, ताकि इन राज्य सरकारों से सौर ऊर्जा के अनुबंध हासिल किए जा सकें।


### मुस्लिम समाज एकरूपता की बात तो करती है लेकिन जाति व्यवस्था वहां भी किसी न किसी रूप में है

## समावेशी राष्ट्र बनाना है तो पसमांदा मुसलमानों की ताकत को पहचाने भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान

**गौतम चौधरी**

> लंबे इतिहास और वर्षों में कई बदलावों के बावजूद, जाति अभी भी हमारी राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक–आर्थिक प्रणालियों में व्यापक रूप से स्वीकृत एक संस्था के रूप में काम कर रही है। भारतीय समाज में जाति को लेकर कई आन्दोलन भी हुए। कहा तो यहां तक जाता है कि भारत की लंबे समय तक गुलामी का कारण भी जाति व्यवस्था रही है। तर्क तो यहां तक दिए जाते हैं कि जाति व्यवस्था की विंगतियों के कारण ही मुस्लिम आक्रांता भारत में अपनी जड़ जमाने में कामयाब हुए।

**वर्ण** और जाति, पारंपरिक भारतीय समाज की नींव है। सामाजिक संरचना की यदि बात करें तो इसे आप किसी कीमत पर नजरअंदाज नहीं कर सकते। इस व्यवस्था की संरचना एक-दो वर्ष या फिर एक-दो सौ सालों में नहीं हुआ है। इसका लंबा इतिहास है। पक्ष-विपक्ष, हानी-लाभ की बात करें तो कई तर्क इसके पक्ष और कई इसके विपक्ष में मिल जाएंगे लेकिन इस व्यवस्था की अहमियत इतनी है कि भारतीय समाज में आप अपना धर्म और पांथिक चिंतन चाहे जितना बदल लों जाति व वर्ण आपका पीछा नहीं छोड़ेगा। लंबे इतिहास और वर्षों में कई बदलावों के बावजूद, जाति अभी भी हमारी राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक-आर्थिक प्रणालियों में व्यापक रूप से स्वीकृत एक संस्था के रूप में काम कर रही है। भारतीय समाज में जाति को लेकर कई आन्दोलन भी हुए। कहा तो यहां तक जाता है कि भारत की लंबे समय तक गुलामी का कारण भी जाति व्यवस्था रही है। तर्क तो यहां तक दिए जाते हैं कि जाति व्यवस्था की विंगतियों के कारण ही मुस्लिम आक्रांता भारत में अपनी जड़ जमाने में कामयाब हुए। यह कितना सत्य है विश्लेषण का विषय है लेकिन इसके विपक्ष में भी कई तर्क हैं और उनमें से सबसे मजबूत तर्क यह है कि यदि ऐसा ही था तो फिर भारतीय मुस्लिम समाज में जाति व्यवस्था कैसे प्रवेश कर गयी? वैसे मुस्लिम समाज एकरूपता की बात तो करती है लेकिन जाति व्यवस्था वहां भी किसी न किसी रूप में है। यदि भारतीय मुस्लिम समाज की बात करें तो यह व्यवस्था हिन्दुओं की तुलना में थोड़ी कमजोर जरूर है लेकिन वहां भी है। भारत का मुस्लिम समुदाय एकरूपता से कोसों दूर है। इसके भीतर पसमांदा के नाम से जाना जाने वाला एक महत्वपूर्ण वर्ग मौजूद है जो सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का बुरी तरह सामना कर रहा है। यह ठीक उसी प्रकार, जिस प्रकार हिन्दुओं की पिछड़ी जातियां कर रही है। वर्तमान समय में हिन्दुओं की कुछ पिछड़ी जातियां तो बेहद मजबूत होकर उभरी है. अब अगड़ी कही जाने वाली जातियों को हर मोर्चो पर चुनौती दे रही है लेकिन मुस्लिम समाज में ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है। पसमांदा मुद्दे और आज के भारत में इसकी प्रासंगिकता को समझना वास्तविक सामाजिक-धार्मिक समानता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। भारत में मुसलमान एक हजार वर्षों से अधिक समय से उपमहाद्वीप के इतिहास का हिस्सा रहे हैं। ऐतिहासिक अभिलेखों से यह स्पष्ट होता है कि भारत में अधिकांश मुसलमान पहले से



मौजूद समुदायों से धर्मांतरित हुए हैं। शेष मुस्लिम समूह, जिनकी उत्पत्ति मध्य एशिया में हुई है, सदियों पहले यहां पहुंचे और अब उपमहाद्वीप के समाज में समाहित हो गए हैं। यद्यपि इस्लाम में परिवर्तित होने से व्यक्ति को एक नए धार्मिक समुदाय और विश्वास प्रणाली तक पहुंच मिली है लेकिन यह किसी की जाति को बदलने में असमर्थ है। रूपांतरण किसी व्यक्ति के व्यवसाय, उनकी संपत्ति या उसकी कमी, उनके पड़ोसियों की उनके बारे में धारणा या उनके सामाजिक पदानुक्रम को नहीं बदल सकता है। जो लोग इस्लाम में परिवर्तित हो जाते हैं उन्हें एक नया धार्मिक ग्रंथ प्राप्त होता है और वे उस ईश्वर में बदलाव देखते हैं जिसकी वे पहले पूजा करते थे। लोगों को इसमें नैतिक आराम मिल सकता है। हालांकि, जिस तरह आपका धर्म या धार्मिक ग्रंथ बदलने से आपकी त्वचा का रंग नहीं बदलेगा, उसी तरह यह किसी व्यक्ति के जाति-आधारित व्यवसाय, कौशल, विरासत, सामाजिक अंतरताना या स्वास्थ्य को भी नहीं बदल सकता है। पसमांदा के खिलाफ सबसे घातक रणनीति में से एक पसमांदा संघर्ष का सांप्रदायिकरण है। सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काकर, पसमांदा मुसलमानों द्वारा सामना किए जाने वाले जाति-आधारित भेदभाव और सामाजिक-आर्थिक अभाव के वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटा दिया जाता है। यह न केवल हाशिये पर पड़े समुदाय की वास्तविक चुनौती और समस्याओं को कमज़ोर करता है, बल्कि मुस्लिम समुदाय के भीतर भी विभाजन को बढ़ावा देता है। सच्चर समिति रिपोर्ट (2006) और रंगनाथ मिश्रा आयोग रिपोर्ट (2007) सहित अध्ययनों और रिपोर्टों ने पसमांदा मुसलमानों द्वारा सामना की जाने वाली सामाजिक-आर्थिक असमानताओं पर प्रकाश डाला है। इन रिपोर्टों से पता चलता है कि पसमांदा समुदाय उच्च जाति के मुसलमानों (अशरफ) और हिंदुओं के बीच दलित और ओबीसी जैसे अन्य हाशिये पर रहने वाले समुदायों की तुलना में बेहद पिछड़ी हुई है। शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं तक इनकी पहुंच अशरफों की अपेक्षा कम है। इन निष्कर्षों के बावजूद, उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को संबोधित करने वाली लक्षित नीतियों का अभाव रहा है। बहुसंख्यक होने के बावजूद, पसमांदाओं को ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रतिनिधित्व का अभाव रहा है। एक मजबूत आवाज की अनुपस्थिति ने उनकी विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने और संसाधनों में उनका उचित हिस्सा सुरक्षित करने के प्रयासों में और बाधा उत्पन्न की है। इसके अतिरिक्त, पसमांदा अक्सर व्यापक मुस्लिम पहचान में समाहित हो जाती है, जिससे उनके विशिष्ट अनुभव और आकांक्षाएं अस्पष्ट हो जाती हैं। पसमांदाओं को हाशिए पर धकेलने का भारत के सामाजिक ताने-बाने और लोकतांत्रिक आदर्शों पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। भारत में वास्तविक सामाजिक न्याय प्राप्त करने के लिए उनका उत्थान आवश्यक है। मुस्लिम समुदाय का एक बड़ा वर्ग गरीबी में फंसा हुआ है, जिससे देश की समग्र प्रगति में बाधा आ रही है। एक अध्ययन में बताया गया है कि सामाजिक-आर्थिक अभाव और कट्टरपंथ एक-दूसरे का पूरक है। पसमांदाओं को सशक्त बनाने से शिकायतों का फायदा उठाने वाले चरमपंथी आख्यानों का मुकाबला करने में मदद मिल सकती है। अधिक समावेशी मुस्लिम समुदाय भारत की धर्मनिरपेक्ष पहचान को मजबूत करता है। जब एक महत्वपूर्ण वर्ग अपने धर्म के भीतर अपनी जाति पृष्ठभूमि के आधार पर हाशिए पर महसूस करता है, तो यह सभी के लिए समान व्यवहार के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांत को कमजोर करता है। पसमांदा मुद्दा सिर्फ एक विशिष्ट समुदाय के उत्थान के बारे में नहीं है, यह भारत के विविध समाज की वास्तविक क्षमता को साकार करने के बारे में है। इस हाशिए पर मौजूद वर्ग को सशक्त बनाकर, भारत एक अधिक समावेशी और न्यायसंगत राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। आगे बढ़ने के लिए सरकार, नागरिक समाज संगठनों और स्वयं मुस्लिम समुदाय के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। पसमांदा मुद्दे को पहचानना और इसके समाधान की दिशा में काम करना न केवल एक नैतिक अनिवार्यता है, बल्कि एक मजबूत और समृद्ध भारत के निर्माण की दिशा में उठाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

दृष्टि कोण

## आलोचना पर दमनात्मक रवैया ठीक नहीं

**सत्तारूढ़** राजनीतिक दलों के नेताओं को आलोचना जरा भी बर्दाश्त नहीं है। मीडिया और सोशल मीडिया पर यदि सत्तारूढ़ दलों के नेताओं के खिलाफ कुछ लिखा या बोला जाता है, तो उन पर सरकारें दमनात्मक कार्रवाई करने पर उतारू हो जाती हैं। राजनीतिक दल चाहे राष्ट्रीय हो या क्षेत्रीय, किसी को आलोचना बर्दाश्त नहीं है। उनका निशाना विपक्ष और मीडिया रहता है। सत्तारूढ़ दलों को आलोचना तभी तक सुहाती है, जब वह विपक्षी दलों की हो। ऐसे में सच्चाई पर पर्दा डालने के लिए राजनीतिक दलों के नेता सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करने में कसर बाकी नहीं रखते। एक फिल्म साबरमती रिपोर्ट को लेकर भाजपा और केंद्र सरकार के मंत्री गदगद नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बीबीसी ने जब गोधरा कांड के बाद गुजरात में हुए दंगों को लेकर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई तो न सिर्फ उसे प्रतिबंधित कर दिया गया, बल्कि आयकर विभाग ने बीबीसी पर छापे की कार्रवाई की। विक्रांत मैसी की 'दि साबरमती रिपोर्ट' को हरियाणा, छत्तीसगढ़ के साथ ही अब मध्य प्रदेश में भी टैक्स फ्री कर दिया गया है। इन तीनों राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की तारीफ के बाद राजनीतिक महकमों में भी इसकी चर्चा बढ़ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा फिल्म को देखने के बाद इसकी सराहना की गई। विक्रांत मैसी की फिल्म दि साबरमती रिपोर्ट की केंद्रीय भूमिका वाली यह फिल्म 27 फरवरी, 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड पर आधारित है। गोधरा स्टेशन के पास खड़ी साबरमती एक्सप्रेस की बोगी नंबर एस-6 में आग लगा दी गई थी। अयोध्या से लौट रहे 59 हिंदू कारसेवक जिंदा जल गए थे। मरने वालों में 27 महिलाएं और 10 बच्चे भी शामिल थे। उसके बाद पूरे गुजरात में जो दंगा भडक़ा, वह आजाद भारत के सबसे भयावह दंगों में से एक था। मोदी उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री थे। अब दि साबरमती रिपोर्ट के जरिए बड़े पर्दे पर गोधरा कांड का खौफनाक मंजर दिखा है। पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम मंत्रियों और बीजेपी नेताओं ने दि साबरमती रिपोर्ट की प्रशंसा की है। गोधरा में ट्रेन जलाए जाने की भयानक घटना का परिणाम पूरे राज्य में हिंसक दंगों की शक्ल में सामने आया। पूरा गुजरात जल उठा था। केंद्र सरकार ने 2005 में राज्यसभा को बताया था कि दंगों में 254 हिंदुओं और 790 मुसलमानों की जान गई थी। कुल 223 लोग लापता बताए गए थे। हजारों लोग बेघर भी हो गए थे। तत्कालीन मोदी सरकार ने एक जांच आयोग का गठन किया था। उस आयोग में जस्टिस जीटी नानावटी और जस्टिस केजी शाह शामिल थे। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मारे गए 59 लोगों में से अधिकतर कारसेवक थे। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने जस्टिस यूसी बनर्जी की अध्यक्षता में एक अलग जांच आयोग का गठन किया। इस आयोग ने मार्च 2006 में सौंपी अपनी रिपोर्ट में इस घटना को एक दुर्घटना बताया। सुप्रीम कोर्ट ने रिपोर्ट को असंवैधानिक और अमान्य करार देते हुए खारिज कर दिया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक विशेष जांच दल का गठन किया। गोधरा कांड और उसके बाद भडक़े दंगों ने भारत की राजनीति को हमेशा-हमेशा के लिए बदल दिया। इस मामले में अदालती कार्रवाई जून 2009 से, घटना के आठ साल बाद शुरू हुई। स्पेशल एसआईटी कोर्ट ने 1 मार्च, 2011 को 31 लोगों को दोषी ठहराया, जिनमें से 11 को मौत की सजा और 20 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अदालत ने इस मामले में 63 लोगों को बरी भी किया। एसआईटी कोर्ट ने उन आरोपों से सहमति जताई कि यह अनियोजित भीड़ द्वारा की गई घटना नहीं थी, बल्कि इसमें साजिश शामिल थी। 31 दोषियों को भारतीय दंड संहिता की आपराधिक साजिश, हत्या और हत्या के प्रयास से संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था। गुजरात सरकार ने बाद में आरोपियों को बरी किए जाने पर सवाल उठाए।

कुछ अलग

## छिलकों की छाबड़ी

**सभागार** ठसाठस भरा हुआ था। तिल धरने को जगह नहीं थी। स्टूडेंट ही स्टूडेंट थे। पुलिस ही पुलिस थी। जितने स्टूडेंट थे उतनी ही पुलिस थी। नेताजी को और क्या चाहिए? भीड़ भी और सुरक्षा भी। जैसे अंधे को चाहिए होती है दो आंखें। नेताजी मुख्य अतिथि थे। उन्हें नैतिकता पर भाषण देना था। स्टूडेंट्स ने यह विषय चुना था और उन्हें इस विषय पर विशेषज्ञ वक्ता की तलाश थी जो नेताजी तक जाकर पूरी हुई। क्योंकि ऐसा माना जाता है कि नेताजी का संबोधन नैतिकता का सागर होता है। इस सागर में डुबकी लगाते ही अनैतिकता छूमंत्र हो जाती है और नैतिकता लहरों में तैरने लगती है। नेताजी सफेद झकाझक कुर्ता-पजामा डालकर आए थे। चेहरे पर आत्मविश्वास का तेज। हाथ में माइक और दिल में जनता को नैतिकता का असली पाठ पढ़ाने की ललक। नेताजी ने अपने भाषण का श्रीगणेश किया, 'नैतिकता हमारी असली पूंजी है। जो इसके बिना जीवन जीता है, वो जीवन नहीं, एक अधूरा सपना जीता है।' थोड़ा सा गला खंगार कर नेताजी फिर अपने चिरपरिचित अंदाज में बोले, 'मेरे प्यारे विद्यार्थियो और सुरक्षा कर्मियो, मैं यहां नैतिकता के लिए खड़ा हूं!' सभागार में तालियां गूंजती रही और नेताजी मौका पाकर अपने कुर्ते की जेब में रखी चेकबुक को थपथपाते रहे। नेताजी ने आगे कहा, 'नैतिकता वह गुण है जो हमें इनसान बनाता है।' इतना कहते ही उनकी यादों में वो हर मीटिंग घूम गई, जहां उन्होंने नैतिकता का नाम लेते हुए कई बार योजनाओं को 'संशोधित' करवाया था। नेताजी ने सिर को झटका दिया और अपने मनोभावों को छिपा लिया। ऐसा करने में उन्हें महारत हासिल है। फिर दार्शनिक अंदाज में नेताजी बोले, 'नैतिकता अब लुप्त होती जा रही है और यह हमारे लिए चिंता का विषय है। मुझे मेरे एक कैबिनेट सहयोगी बता रहे थे कि जंगलों से अब बाघ लुप्त होने लगे हैं। पहाड़ों से ग्लेशियर लुप्त होने लगे हैं। कई अपराधी भी बड़ा अपराध करके लुप्त होने लगे हैं। इस तरह नैतिकता भी अब लुप्त हो रही है और इस बारे हमें बड़ी गंभीरता से सोचना होगा। हम कैबिनेट में भी इस पर मंथन करेंगे। अभी तक तो हम आर्थिक स्थिति पर ही मंथन कर रहे हैं, क्योंकि पिछली सरकार खजाना खाली छोड़ कर गई थी और हमने भी सत्ता पाने के लिए बहुत सारे वायदे किए थे। नैतिकता के नाते राजनीति में यह वायदे करने पड़ते हैं। लेकिन खाली खजाना और विपक्ष का सहयोग हमें वायदे पूरे नहीं करने दे रहा। इससे नैतिकता भी खतरे में आ रही है। अगली कैबिनेट में हम नैतिकता को लेकर एक बड़ा कानून बनाएंगे। फिर मंत्रिमंडल की एक सब कमेटी बनाएंगे जो नैतिकता के बारे में समय-समय पर अपनी राय सरकार को देती रहेगी। नैतिकता को लुप्त होने से बचाने के लिए सरकार कारगर कदम उठाएगी। बेरोजगारों को नौकरी बाद में भी दी जा सकती है। पहले नैतिकता को बचाना जरूरी है और इस सबके लिए स्टूडेंट्स का सहयोग बहुत जरूरी है। कर्मचारियों को तनख्वाह किसी भी तारीख को दी जा सकती है। जरूरी नहीं कि पहली तारीख को ही दी जाए। पांच दस दिन आगे-पीछे भी हो सकते हैं। इसके लिए कर्मचारियों का सहयोग भी बहुत जरूरी है। पिछले 5 सालों में हमारे परिवार की संपत्ति कई गुणा कैसे बढ़ गई, यह सवाल एक पत्रकार मुझसे पूछ रहे थे। मैं ऐसे सवालों का जवाब देना चाहता तो दे सकता था, लेकिन मैंने जवाब देना मुनासिब नहीं समझा, क्योंकि अभी हमारा फोकस सिर्फ नैतिकता पर है।'

देश दुनीया से

## प्रदेश में सडको का सुधार एवं विस्तार

**हिमाचल** प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है, जहां सडक़ें ही परिवहन का प्रमुख माध्यम हैं। सडक़ें न केवल यातायात के लिए आवश्यक हैं, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति में भी अहम भूमिका निभाती हैं। जलमार्ग और रेलवे जैसी सुविधाओं के अभाव में, सडक़ें हिमाचल के सामाजिक और आर्थिक ढांचे की रीढ़ के समान हैं। इन सडक़ों पर भारी वाहनों के साथ-साथ निजी वाहन भी चलते हैं और इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। इस बढ़ते यातायात के कारण, विशेषकर शहरों और कस्बों के पास, ट्रैफिक जाम और यातायात बाधित होने की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्माण कार्यों के चलते संपर्क सडक़ों की स्थिति खराब हो रही है। अतः इन सडक़ों की समय पर मरम्मत और उचित रखरखाव पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। इन कार्यों को प्रभावी रूप से अंजाम देने के लिए मजदूरों और तकनीकी कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित करनी चाहिए। सडक़ सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, सडक़ पर चिह्न (सडक़ चिन्ह) और सुरक्षा उपायों को लागू करना आवश्यक है। दुर्घटनाओं को कम करने के लिए दुर्घटनाग्रस्त स्थानों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। नई सडक़ों के निर्माण में भारी वाहनों की आवाजाही, जलवायु परिवर्तन और भौगोलिक परिस्थितियों का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है। वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान, भारत सरकार ने हिमाचल प्रदेश के सडक़ नेटवर्क के सुधार के लिए लगभग तीन हजार किलोमीटर सडक़ों के उन्नयन हेतु पर्याप्त धनराशि स्वीकृत की है। इससे राज्य को कई लाभ होंगे। इसके कार्यान्वयन में ठेकेदारों को उच्च गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का पालन करना चाहिए। इसके अलावा कुछ स्थानीय मजदूरों और तकनीकी विशेषज्ञों को भी इन कार्यों में शामिल करना आवश्यक है ताकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार हो सके। अभी हाल ही में केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना (पीएमजीएसवाई) के चौथे चरण के तहत हिमाचल प्रदेश में 3500 किलोमीटर नई सडक़ें बनाने की मंजूरी दी है। इन नई सडक़ों के निर्माण से प्रदेश के लगभग 300 गांव सडक़ सुविधा से जुड़ सकेंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, 100 से 300 की आबादी वाले गांवों को इस योजना के तहत सडक़ों की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही, केंद्र सरकार ने पीएमजीएसवाई के पहले चरण में बनीं 800 किलोमीटर सडक़ों को पक्का करने की भी मंजूरी दी है। पीएमजीएसवाई के चौथे चरण को लेकर ग्रामीण विकास मंत्रालय की बैठक में प्रदेश को यह सौगात मिली है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि विभाग के अधिकारी ग्रामीण विकास मंत्रालय के संपर्क में थे। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अब प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों जैसे पांगी, भरमौर, लाहुल-स्पीति और किन्नौर में उन कच्ची सडक़ों को पक्का करने का काम भी बड़े पैमाने पर शुरू किया जाएगा, जोकि प्रदेश के विकास में एक नई गाथा लिखने का काम करेगा। हिमाचल प्रदेश में लगभग 2000 किलोमीटर लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क है, जिस पर भारी यातायात है। इसलिए संबंधित संस्थाओं को इन सडक़ों के रखरखाव और मरम्मत के लिए अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। प्रदेश में हर साल लगभग 15000 टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जो पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। यदि इस कचरे को सडक़ों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले तारकोल में मिश्रित किया जाए, तो इससे सडक़ों की गुणवत्ता में सुधार होगा, खर्च कम होगा और पर्यावरण पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। इसके अलावा, सडक़ों के निर्माण या मरम्मत के लिए बजट में उचित राशि आवंटित करनी चाहिए। हर साल कुछ सडक़ों का भूमि पूजन होता है, लेकिन लंबे समय तक काम शुरू नहीं होता, जिससे जनता में असंतोष उत्पन्न होता है। अनुमान के अनुसार, सरकार को एकमुश्त बजट आवंटन करना चाहिए जिससे समय पर कार्य पूरा हो सके। शिमला-मटौर फोरलेन (रानीताल से चील बहल) का उन्नयन कार्य एनएचएआई द्वारा किया जा रहा है। हालांकि इस परियोजना का कुछ हिस्सा पहले ही खोदा जा चुका है और निर्माण कार्य अभी कुछ हिस्सों में चल रहा है, जिससे लोगों को धूल-मिट्टी और अन्य असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित संस्था को इस कार्य को निर्धारित मानकों, चरणबद्ध और समयबद्ध तरीके से पूरा करना चाहिए। गुम्मर, देहरियां, पड़ोली-कोहला और बस्दी कोहाला जैसे स्थानों पर सडक़ों की सतह नीचे चली गई है जिससे स्थानीय रास्तों और संपर्क सडक़ों को नुकसान हो रहा है। दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को असुविधा हो रही है। अतः संबंधित विभाग को इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। अंततः, हिमाचल प्रदेश में सडक़ों के सुधार और विस्तार के लिए सरकार और जनता के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। अधिक से अधिक जनसहयोग और उचित बजट आवंटन से ही प्रदेश में सडक़ नेटवर्क को बेहतर और सुरक्षित बनाया जा सकता है। सडक़ें न केवल राज्य के विकास की धारा को तेज करती हैं, बल्कि नागरिकों की जीवनशैली और आर्थिक गतिविधियों में भी सुधार लाती हैं। अच्छी सडक़ें रोजगार के अवसर उत्पन्न करती हैं, व्यापार को बढ़ावा देती हैं और पर्यटन को भी आकर्षित करती हैं, जिससे राज्य की समृद्धि में योगदान होता है। इसके अलावा, इन सडक़ों के माध्यम से आपातकालीन सेवाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच आसान हो जाती है, जो कि ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार, सडक़ों का विकास सिर्फ एक बुनियादी ढांचे का सुधार नहीं, बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था के समग्र विकास के लिए एक अहम कदम है। सडक़ें प्रदेश के विकास के लिए एक तरह से नाडियों का काम करती हैं। अगर सडक़ नेटवर्क बढिया होगा, तो विकास गतिविधियों को तेजी से चलाया जा सकता है। सडक़ों के माध्यम से विकास की गाड़ी सरपट दौड़ती है, यह एक सर्वमान्य तथ्य है। अतः सडक़ों का उद्धार होना चाहिए।



आप का नजरीया

## सरकारी होटलों में सुराख


**घोषणाओं** के लबादे उतर गए, जहां तेरे जश्न की तैयारी थी'। माननीय अदालत के एक फैसले ने हिमाचल के पर्यटन कारोबार में सरकारी होटलों की नालायकी और व्यवस्था की पोल खोल दी है। कतार में अठारह होटलों की हस्ती पर उठे सवाल एक बड़े शून्य की तरफ इशारा कर रहे हैं। यह दीगर है कि बाद में सरकार की विनती पर अदालत ने नौ होटलों को 31 मार्च तक खुला रखने की इजाजत दे दी है। इस तरह आने और जाने वाले साल के जश्न में होटल चायल, चंद्रभागा, मेघदूत, लॉग हट्स, कुंजुम, भागसू, धौलाधार, कैसल नग्गर और खज्जियार आदि अपने भाग्य को संवार सकते हैं। विडंबना यह कि जो प्रदेश अपनी आर्थिक तस्वीर को पर्यटन के सहारे सशक्त करना चाहता है, उसका मुलम्मा अपनी मौजूदा अधोसंरचना में उतर रहा है। चोट कहीं गहरी खाई है, मगर उफ यह नहीं कि हम सीखे। जहां प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों पर ही निगम के होटल गोता खा रहे हों, वहां खर्च की तौहीन में नए परिसर किस तर्क पर खड़े हो रहे हैं। अदालत के समक्ष मुजरिम सिर्फ 18 पर्यटक इकाइयां नहीं, बल्कि सरकारी कामकाज का ढर्रा है, जो वर्षों से अपने ही चिरागों से ईंधन चुरा रहा है। उदाहरण के लिए धर्मशाला के क्रिकेट स्टेडियम ने ही अकेले आधा दर्जन पंच सितारा होटलों का निर्माण करवा दिया है, जबकि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के स्तर पर निजी क्षेत्र दिन-रात अपने हाव-भाव बदल रहा है। ऐसे में अगर धर्मशाला की कुल पांच पर्यटन इकाइयों में चार निकम्मी निकल आईं, तो इस कसूर की लागत में सारी संभावनाएं ही तहस-नहस हो गईं। धौलाधार होटल के परिसर में बैंक्वेट हॉल का निर्माण पूरे नजारों और मेहमानों के आकर्षण को ही खा गया। बैंक्वेट हाल चला नहीं, बल्कि इसके कारण होटल को भी बिकने की नौबत आ गई। खज्जियार, डलहौजी, शिमला, धर्मशाला, मकलोडगंज या मनाली के सरकारी होटल अपंग हो जाएं, तो क्या कल नादौन या बिलासपुर में निर्माणाधीन इकाइयां अपने उद्देश्य को सफल बना पाएंगी। दरअसल सरकारी होटल अपनी औकात से अधिक और फर्ज से कम होते जा रहे हैं। ये मेहमान की मजबूरी में अपनी उदासीनता छिपाना चाहते हैं। जाहिर तौर पर अदालत के एक फैसले ने सरकारी होटलों के नैन नक्श की सही-सही कानूनी तस्वीर दिखा दी है। इनकी लाचारी, सियासत के संदर्भों की मोटी गर्दन है जो अपनी बोरी में अनावश्यक फायदे भरती रही है। आश्चर्य यह कि पर्यटन राज्य की कसौटी में कदमों की तौहीन का एक पक्ष सरकारी होटल बन रहे हैं। भले ही अठारह होटलों पर गिरी गाज से नौ कुछ देर के लिए बच गए, लेकिन तफतीश के पैमानों पर इनकी हकीकत में कई सुराख हैं। ये सुराख बताते हैं कि प्रदेश की वित्तीय जवाबदेही को किस कद्र नजरअंदाज किया गया। वित्तीय प्रबंधन का कचूमर नहीं निकला, बल्कि सियासी चरागाहों ने सार्वजनिक क्षेत्रों को इस हद तक लूटा है कि अब सरकार की करामात औंधे मुंह गिर रही है, फिर भी अपेक्षाओं के समुद्र में नई किश्तियां डाली जा रही हैं। हम पहले भी लिख चुके हैं कि प्रदेश को पर्यटन एवं परिवहन क्षेत्र को चमकाना है, तो निजी क्षेत्र के संचालकों के साथ मिलकर योजनाओं-परियोजनाओं पर विचार करे। पर्यटन की मद में आया धन अगर सैलानियों को बेहतर सुविधाएं दे, तो इसके परिणामस्वरूप उद्योग का भला होगा।

## ना खाता ना बही जो मुखिया नरेश करे वही सही

# सबानों पंचायत में पीएम आवास में की गई घोटाले की अब तक नहीं जांच, ग्रामीणों में रोष

➲ लाभुक का आवास बना नहीं रुपया हुआ निकासी, आवास कार्य पूर्ण

➲ खबर प्रकाशित हुए महीनों बीत गये, परंतु जांच से कोसों दूर, शक का सुई प्रखंड कार्यालय पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सबानों पंचायत में अजीबो गरीब मामला सामने आया है। खाता ना बही मुखिया जो कहे वही सही।जी यह कहावत बिल्कुल सबानो पंचायत के मुखिया नरेश साहू पर सटीक बैठ रहा है। चुकी एक माह पूर्व सबानो पंचायत के आरायातु गांव में राम कुमार पासवान पिता पुरन पासवान का 2019/2020 में पीएम आवास पास किया गया था। आवास एकरार नामा के बाद राम कुमार पासवान के खाते में दिनांक 29 सितम्बर 2019 को पहला किस्त 40 हजार रुपए डाल दिया गया। वहीं दूसरी किस्त 19 मार्च 2023 को 85 हजार डाला गया था। वहीं अंतिम किस्त 10 अप्रैल 2024 को 5 हजार रुपए रामकुमार पासवान के खाते में डाला जाता है। जबकि पूर्ण में किसी अन्य के क्रकेट गौशाला शेड का मकान में मुखिया नरेश साहू का फोटो दिखाया गया है। इस बीच निर्माणाधीन मकान में लाभुक राम कुमार पासवान का फोटो जियो टैग में कहीं नहीं दिखाया गया है। इसकी सत्यता की जांच जब की गई तो यह इकरार नाम बिल्कुल फर्जी निकला चुकी फर्जी इकरारनामा करा कर मुखिया द्वारा सारा रुपए निकासी कर ली जाती है और लाभुक रामकुमार को महज 40 हजार प्रथम किस्त का रुपया देकर वारे न्यारे कर दी जाती है। हैरत की बात है कि लाभुक टंडवा में रह कर अपना जीवन बसर करता या रहा है। जबकि लाभुक का एक भी जीओ टैग में कहीं भी फोटो दिखाया नहीं गया है। वहीं किसी अन्य का निर्माणाधीन मकान जो सेट्रिंग किया जा रहा था उसका दूसरा किस्त में दिखाया गया है। गौर तलब है कि यह खबर को पत्रकारों द्वारा प्रमुखता से खबर को एक माह पूर्व प्रकाशित किया गया था। हालांकि विधान सभा चुनाव की तैयारी जोरो पर होने के कारण इसकी ना जांच ना पड़ताल की गई है। अब चुनाव संपन्न हो चुका है। ग्रामीणों ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद से आग्रह पूर्वक कहा है कि इस तरह घोटाले की गहनता से जांच कर कारवाई की मांग किया है ।आगे कहा है कि यदि गहनता से जांच की गई तो ऐसे कितने अबूआ आवास सबानो पंचायत में है जो धरातल पर बना नहीं और रुपए की निकासी कर ली गई है। वहीं लाभुको से 15 हजार रुपए लेकर अबूआ आवास का लाभ दिया गया है। वगैर रुपए का तो पंचायत में एक भी काम होना जैसे भगवान से मुलाकात की तरह है।

## गांजा की खेती करने में जुड़े लोगों पर पुलिस का चला डंडा, 30 से 40 पेड़ उखाड़े



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत इचाक जंगल में लगे गांजा की खेती लगने की गुप्त सूचना गिद्धौर पुलिस प्रशासन को लगी। सूचना पाते ही पुलिस ने बुधवार को विनष्ट करने पहुंचे।और तत्परता दिखाते हुए गांजा की खेती को प्रशासन के द्वारा नष्ट किया गया।इस दौरान थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि सूचना मिला है की इचाक के जंगल में गांजा की खेती लगी हुई है।सूचना के आलोक में उक्त जंगल में पहुंच प्रशासन दलबल के साथ पहुंची और30 से 40 गांजा पेड़ को विनष्ट किया गया है। पुलिस गांजे की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित करने में जुटी है। ताकि लोगों की गिरफ्तारी हो सके।

## झारखंड में नफरत फैलाने वालों के लिए कोई जगह नहीं : अरशद अंसारी



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूथ कांग्रेस के झारखंड स्टेट कोऑर्डिनेटर अरशद अंसारी ने इंडिया अलायंस की बड़ी जीत पर झारखंड के मतदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड शांतिप्रिय और न्यायप्रिय लोगों का राज्य है। झारखंड में गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को संरक्षित करने वाले रहते हैं। यहां नफरत फैलाने वालो के लिए कोई जगह नहीं है। झारखंड की जनता बधाई की पात्र है। झारखंड में एक प्रगतिशील सरकार, एक न्यायप्रिय सरकार, महिलाओं को स्थिर करने वाली सरकार, रोजगार के अवसर देने वाली सरकार और सबसे महत्वपूर्ण भाईचारा और प्रेम का संदेश देने वाली सरकार स्थापित की। मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और इंडिया एलायंस के सभी शीर्ष नेताओं को बधाई देते हुए मुसलमानों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और दलितों की आवाज बन चुके डॉ. इरफान अंसारी को झारखंड का उपमुख्यमंत्री बनाने की अपील करता हूं। यह नतीजा विशेषकर मुसलमानों द्वारा किये गये मतदान का है। डॉक्टर इरफान अंसारी को उपमुख्यमंत्री बनाकर झारखंड के अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़ों के अधिकारों को बहाल करने की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, निश्चित रूप से झारखंड हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास के पथ पर अग्रसर है और मुझे उम्मीद है कि नई सरकारअल्पसंख्यकों की मदद करेंगे, झारखंड के कल्याण के लिए व्यावहारिक कदम उठायेंगे। उर्दू अकादमी उर्दू टीचरों की बहाली अल्पसंख्यक वित्त निगम मदरसा बोर्ड आदि का यथाशीघ्र गठन किया जायेगा।

## अवैध कोयला लदा ट्रक के साथ चालक गिरफ्तार

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा जिला डीएमओ मनोज टोप्पो बुधवार को बगरा जबड़ा पथ पर अवैध कोयला लदा ट्रक बरामद किया है और सिमरिया थाना को सुपुर्द कर दिया है। साथ ही वाहन चालक को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चालक हेरहंज थाना क्षेत्र के बिजरा गांव निवासी सद्दाम अंसारी हैं। थाना प्रभारी मानव मयंक ने बताया कि ट्रक संख्या ( ओआर 11 जे 5371) अवैध कोयला लेकर चतरा की ओर जा रहा था। जहां इसकी गुप्त सूचना डीएमओ को मिली थी जिसके उपरांत करवाई की गई। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रक में 25.50 टन अवैध कोयला लदा हुआ था। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना कांड संख्या 192/ 24 के तहत मामला दर्ज कर चालक को जेल भेज दिया गया है।

## पंचायत में आपसी समन्वय और पारदर्शिता के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारे : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के सेरेनदाग पंचायत में बुधवार को पंचायत के विकास कार्यो की समीक्षा बैठक करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्द्रदेव प्रसाद ने मुखिया, उपमुखिया, सभी ग्राम पंचायतों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पंचायत में संचालित मनरेगा, आवास एवं 15 वीं वित्त की योजनाओं को आपसी समन्वय के साथ पारदर्शिता लाते हुए धरातल पर उतारें। सभी योजनाओं की जानकारी सभी को होनी चाहिए। मनरेगा में सभी ऑन गोइंग योजना की जाँच सम्बंधित कनीय अभियंता, सहायक अभियंता निश्चित रूप से एरिया ऑफिसर एप्प के माध्यम से ससमय करना सुनिश्चित करेंगे। आवास योजनाओं से सम्बंधित प्रतीक्षा सूची, योग्य एवं अयोग्य लाभुकों की सूची को पूर्ण रूप से पारदर्शी करेंगे एवं सभी ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ पंचायत सचिव निश्चित रूप से साझा करेंगे। 15 वीं वित्त में वित्तीय वर्ष 2024-25 की शेष राशि के खर्च के लिए कार्यकारिणी की बैठक अविलम्ब कराएंगे एवं सभी ग्राम पंचायतों को ग्राम स्वराज पोर्टल पर एंट्री किये गए सभी योजनाओं की जानकारी पंचायत सचिव उपलब्ध कराएंगे। वहीं बीडीओ ने सभी ग्राम पंचायत सदस्यों से अनुरोध करते हुए कहा कि सभी पंचायत सेवक एवं पंचायत कर्मी अपने अपने अपने पंचायत भवन में बैठ कर ज्यादा से ज्यादा काम को निबटारा करें। और इसकी जानकारी ग्रामीणों को अवश्य दें।

## बीडीओ ने किया अबुआ आवास का जांच, पंचायत सेवक को लगाया फटकार, दिया चेतावनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड विकास पदाधिकारी कलिंदर साहू ने नौनगाव पंचायत अंतर्गत सिरकौल के पांडू मुंडा, कैलाश गंजू, मीना देवी, मालती देवी, कुसुमलता देवी के आंबुआ आवास का जांच किया। जिसमें लाभुकों पांडू मुंडा, कैलाश गंझु, मीना देवी, मालती देवा के आंबुआ आवास में चयन किया एवं कार्य प्रगति पर व संतोष व्यक्त किया गया। वहीं नोनगाव पंचायत के एक लाभुक कुसुमलता देवी पति मुकेश राणा का पक्का मकान पाया गया। जिसका चयन प्रधानमंत्री आवास के लिए किया गया है। लाभुक कुसुमलता देवी के आवास को स्वीकृति रद्द किया गया एवं संबंधित पंचायत सेवक को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी गई है।

## नियमित राशन नहीं मिलने पर कार्डधारियों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में दिया धरना



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पंचायत छेंचा के ग्राम चपरी के डीलर झांसी कल्याण स्वयं सहायता समूह के द्वारा कार्डधारियों को नियमित खाद्यान्न उपलब्ध कराने में असमर्थता जताई जाती रही है। जहां उक्त समूह अध्यक्ष मरियम सोय और सचिव प्रमिला देवी पर टिकी हुई है। बताया जा रहा है कि समूह के सदस्य अध्यक्ष सचिव के मनमानी की वजह से अलग हो गए हैं जिस कारण समूह का नियमित बैठक भी नहीं होता है। जहां पूर्व में अध्यक्ष, सचिव की सहमति से खाद्यान्न का उठाव किया जा रहा था पर पिछले तीन माह से सचिव प्रमिला देवी के द्वारा लगातार खाद्यान्न का उठाव किया गया जिसका क्लोजिंग बैंलेस लगभग छः क्विंटल खाद्यान्न काटकर किया नवंबर माह का आवंटन किया गया जिसका भुक्तभोगी अध्यक्ष दिव्यांग मरियम सोए बन रही है क्योंकि नवंबर माह का उठाव इनके द्वारा किया गया है। वहीं मंगलवार को राशन वितरण को लेकर अध्यक्ष ने कार्डधारियों के साथ बैठक कर कम राशन आवंटन की बात कही इसपर दर्जनों कार्डधारी नाराज होकर प्रखंड कार्यालय परिसर में हंगामा खड़ा करते धरने पर बैठ गए और प्रखंड व जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग करते नियमित अपने हिस्से का पुरा खाद्यान्न की मांग पर अड़े रहे। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज के अश्वासन पर मामला शांत हुआ साथ ही भाजपा नेता कन्हाई सिंह, मनोज प्रसाद समेत अन्य लोगों के अगुवाई में प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया।

## दो एकड़ में लगे गांजा की खेती को किया गया विनष्ट

## मादक पदार्थों की खेती करने वालो पर की जायेगी कड़ी कारवाई : थाना प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना क्षेत्र के डुमरा ग्राम में लगभग दो एकड़ भुमि में लगे गांजा की खेती को थाना प्रभारी के नेतृत्व में विनष्ट किया गया। इस संबन्ध मे बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि डाढा पंचायत के डुमरा ग्राम मे लगभग एकड़ भुमि मे गांजा की फसल लगे होने की गुप्त सुचना मिली थी। सुचना के आधार पर थाना के पदाधिकारी पुअनि निर्मल कुमार मंडल, जितेंद्र कुमार व सशस्त्र बल के सहयोग से उक्त गांजा के फसल को विनष्ट किया गया। उक्त गांजा के पौधे कुछ दिनों में पककर तैयार होने के कगार पर थे, वहीं इस संदर्भ में थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने ग्रामीणों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि - कोई भी ग्रामीण किसी भी प्रकार का मादक पदार्थों यथा गांजा, पोस्ता इत्यादि की खेती नहीं करेंगे, अन्यथा कड़ी कानूनी कारवाई की जाएगी, इस प्रकार के गति विधियों को बक्सा नहीं जायेगा।

# डीपीसी एवं एसटीटी की उपस्थिति में चंदवा के सीएचसी में मनाया गया सहिया दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सहिया दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीपीसी (जिला कार्यक्रम समन्वयक) और एसटीटी (स्टेट ट्रेनिंग टीम) की उपस्थिति रही। वीएचएसएनसी बैठक, मुक्त राशि, सहिया ऐप, पीएलए बैठक, एबीएनसी, एचवीवाईसी, पारिवारिक विवरणी ऐप में लोड करने, सशक्त पोर्टल, स्वास्थ्य प्रहरी, आयुष्मान सहिया इंसेंटिव भुगतान एवं जन्म प्रमाण पत्र बनाने पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सहिया कार्यकर्ताओं के योगदान को मान्यता देना और उनके कार्यो को और प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करना था। डीपीसी आशीष डीन ने सहिया कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य सेवाओं में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सराहा और उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सहिया कार्यकर्ताओं के प्रयासों को स्वास्थ्य क्षेत्र में परिवर्तन का अहम हिस्सा बताया। एसटीटी ने सहिया दिवस के दौरान स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और पोषण के महत्व पर चर्चा की।

# प्रकाश राम के विजयी होने पर निकला भव्य विजयी जुलूस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम विजय होने के बाद बुधवार को बालूमाथ में एक भव्य विजय जुलूस निकाला गया ।विजय जुलूस ब्लॉक कार्यालय के सामने से आरंभ होकर होटल देव इन मुरपा मोड,थाना चौक,न्यू बस स्टैंड,दुर्गा मंडप, छठ तलाब होते हुए टमटमटोला,पांकी मोड़ पहुंची ।जुलूस में शामिल सभी भाजपा कार्यकर्ता बैंड बाजा के धुन पर जमकर थिरकते नजर। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी करते हुए बम पटाखे फोड़ा। वही जुलूस में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं ने रंग गुलाल लगाकर एवं लड्डू बाटकर एक दूसरे को जीत की बधाइयां दी। विजय जुलूस के दौरान भाजपा विधायक प्रकाश राम ने कहा कि यह जीत यहां की जनता की जीत है। भले ही राज्य में हमारी सरकार नहीं बनी है ।फिर भी संघर्ष करना हमारी पहचान रही है ।लातेहार विधानसभा क्षेत्र में विकास की लंबी लकीरें खींचना हमारी प्राथमिकता रहेगी ।इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, रवि सिंह, उपेंद्र रंगीला अर्जुन कुमार, गंगेश्वर यादव, त्रिवेणी साहू, जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, बरियातू जिप सदस्य रमेश राम, तपेश्वर साहू, सुनील पांडे, मोहम्मद जुनेद, राजेश उरांव, सोहराई उराँव, सुरेश उरांव, शैलेश सिंह कृष्ण यादव, संजीत साव, दयाल यादव संजय यादव, हीरामन साहू, केदार यादव, बहादुर साव, नरेंद्र रजक, कमरुल, विनोद बिहारी गुप्ता सुरेंद्र साहू, रामदेव साहू, ज्ञानी पांडे, बीजू यादव, आनंद सिंह अखिलेश भोक्ता, लालदेव गंझु समेत कई लोग शामिल थे।

# आपसी रंजीश में मारा गया 15 लाख का इनामी माओवादी छोटू खरवार

## डॉग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ता ने किया शव का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 15 लाख का इनामी शीर्ष माओवादी छोटू खरवार आपसी लड़ाई में मारा गया है।यह घटना मंगलवार की रात लातेहार जिले के छीपादोहर थाना क्षेत्र के भीमपांव जंगल के पास घटी है।यहां आपसी विवाद में छोटू खरवार की हत?या कर दी गयी है। हालांकि पुलिस अभी जांच कर रही है।बहरहाल, पलामू डीआईजी वाई एस रमेश ने इसकी पुष्टि कर दी है। बता दें कि नक्सली कमांडर छोटू खरवार सौ से अधिक नक्सली घटनाओं का अभियुक्त है।लातेहार जिले के अलावा अन्य जिलों के थानों में भी इसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। उसका नाम एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। एनआईए ने उस पर तीन लाख का इनाम भी घोषित कर रखा था।बताया जाता है कि पिछले कुछ दिनों से माओवादियों में आपसी रंजीश चल रही थी।जानकारी के अनुसार माओवादी किसी विवाद के निपटाने एवं समझौता के लिए मंगलवार की रात भीमपांव जंगल में जमा था।बातचीत के दौरान ही माओवादी एक दूसरे से उलझ गये।विवाद इतना बढ़ गया कि एक माओवादी ने छोटू खरवार की गोली मार कर हत?या कर दी। इसके बाद शव को वहां छोड़ कर भाग गये।जानकारी के अनुसार माओवादी जोनल कमांडर छोटू खरवार लातेहार के सेरंदाग पंचायत अंतर्गत सीकीद लावागड़ा के हेरहंज थाना का रहने वाला था।बूढ़ापहाड़ पर अभियान ऑक्टोपस के बाद माओवादी संगठन की कमान छोटू खरवार ने संभाली थी।छोटू खरवार के नेतृत्व में माओवादी गुमला, लोहरदगा और लातेहार के इलाके में सक्रिय थे।छोटू खरवार माओवादियों का कोयल और शंख जोन का इंचार्ज था। पुलिस को सूचना मिली थी कि बूढ़ापहाड़ के इलाके से बचकर भागे माओवादी छोटू खरवार के साथ हो गये हैं।हाल के दिनों में छोटू खरवार ने लेवी के लिए कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया।जबकि लातेहार के छिपादोहर के इलाके में उसने एक दैनिक वेतन भोगी कर्मी की हत्या भी की थी।2019 में छोटू की पत्नी हुई थी गिरफ्तार

21 दिसंबर 2016 को बालूमाथ पुलिस ने सहारा इंडिया के मैनेजर चंदन कुमार के पास से 3 लाख रुपए बरामद किए थे।तब मैनेजर ने पुलिस से कहा था कि पैसे छोटू खेरवार के हैं।छोटू के 26 लाख रुपए की निवेश की डिपोजिट स्लिप भी पुलिस को मिली थी।जिसमें 12 लाख उसकी पत्नी ललिता के नाम पर थे।19 जनवरी 2018 को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने केस टेकओवर किया था। नक्सलियों का पैसा निवेश कराने के मामले में ललिता देवी को दो जुलाई 19 को वांटेड घोषित किया था। एनआईए ने 19 अक्टूबर 2019 में उसे लातेहार से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ जनवरी 18 से मुकदमा दर्ज था।

**डॉग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ता ने किया शव का मुआयना**

छोटू खरवार का शव उठाने में पुलिस काफी एहतियात बरत रही है।पेट में काला दाग लगे रहने के कारण पुलिस को संदेह हुआ की पेट फाड़कर बम फ़ीट किया गया है लेकिन डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस?ता मौके पर पहुंच कर शव का मुआयना किया।डॉग स्क्वायड की टीम के द्वारा शव व आसपास के क्षेत्रों में मुआयना किया।पुरे मुआयना करने के बाद पता चला कि कोई छीरा टांका नहीं है।रांची रिम्स में पोस्टमार्टम के दौरान यह पता नहीं चल पाया था।बता दें कि आपसी रंजीश में छोटू खरवार की उसके ही साथियों ने गोली मार कर हत?या कर दी है। समाचार लिखे जाने तक शव घटना स्थल पर ही था।

**पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील**

घटना के बाद पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस के जवानों ने इलाके को सील कर दिया है। जिस ओर शव है, उस ओर किसी को जाने नहीं दिया जा रहा है।वहीं दूसरी ओर इस घटना के बाद गांव में सन्नाटा छा गया है। परिजनों में भी शोक का माहौल है।बता दें कि छोटू खरवार दसवीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद माओवादी के बाल दस्ते में शामिल हुआ था। और रिजनल कमिटि तक पहुंचा था। वह जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के सिकिद गांव का रहने वाला था।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला समाज कल्याण सभागार में की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया । जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ भी दिलायी गयी। महिला एवं बाल विकास विभाग, भारत सरकार द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ वेबकास्टिंग के माध्यम से किया गया। इसी के तहत सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों पर भी आयोजित की गई। विभाग द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 को अधिक प्रभावी बनाने हेतु अधिनियम अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभागीय अधिसूचना संख्या 645 दिनांक-13.03.2023 द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी के अतिरिक्त निदेशक, समाज कल्याण, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी उपायुक्त, सभी जिला



समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिका तथा सभी पंचायत सचिव को उनके निविर्दिष्ट क्षेत्राधिकार अंतर्गत बाल विवाह निषेध अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। इस अभियान को अधिक प्रभावी बनाने हेतु गैर सरकारी संगठनों का एक समूह "Just Right For Children" का सहयोग प्राप्त है। इसके तहत बाल विवाह के विरूद्ध शपथ लिया जाना, बाल विवाह के कारण स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों पर सत्र, बाल विवाह के विरूद्ध वाद-विवाद/नारा लेखन/पोस्टर बनाना आदि का प्रतियोगिता, बाल विवाह के विरूद्ध मानव श्रृखंला बनाने हुए शपथ सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। गतिविधि में भाग लेने वाले लक्षित समूह में प्रार्थना सभा के दौरान स्कूली बच्चे, सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मीगण, सभी सखी मंडल, ग्राम संगठन, संकुल स्तरीय फेडरेशन के सदस्यगण, आँगनबाड़ी केन्द्र से जुड़ी किशोरियाँ एवं धातृमाताएँ, एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एवं थानों में पदस्थापित बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल है। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद, राकेश कुमार सिंह सहित गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधिगण सहित अन्य लोग शामिल थे।

# बुढ़ना घाटी में ट्रक एवं हाईवा में भिड़ंत, ट्रक चालक की मौत, हाइवा चालक घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** बड़कागांव-हजारीबाग पथ के बुढ़ना घाटी में बुधवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में ट्रक और हाइवा की टक्कर हो गई। इस हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हाइवा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद राहत और बचाव कार्य के लिए सीआईएसएफ और बड़कागांव पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य शुरू कर दिया। यह हादसा सुबह 4ः00 बजे का है जब ट्रक और हाइवा की आमने-सामने की टक्कर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों वाहन तेज गति में थे और अचानक हुई टक्कर से ट्रक चालक को संभलने का मौका नहीं मिला। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का



अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक ट्रक चालक की पहचान कुंदन के रूप में की है, जबकि घायल हाइवा चालक नारायण प्रजापति हैं। नारायण को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें तुरंत पास के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सीआईएसएफ और बड़कागांव पुलिस के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को नियंत्रित किया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने का काम किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारण बड़कागांव-हजारीबाग पथ पर यातायात कुछ घंटों के लिए बाधित रहा।

# किसान के बेटे ने बीपीएससी परीक्षा में पाई सफलता, बनेंगे लेबर एनफोर्समेंट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले के इचाक प्रखंड, ग्राम डाढ़ा निवासी हिमांशु रंजन, पिता इन्द्रनाथ प्रसाद कुशवाहा का चयन 69वीं बीपीएससी (BPSC) में हुआ है। उन्होंने 201वाँ रैंक हासिल किया है। उनके चयन होने की खबर जैसे ही उनके चाहने वालों को मिली, बधाई देने वालों का तांता लग गया। बातचीत में उन्होंने कहा कि उसे विश्वास था कि अच्छा रिजल्ट होगा। उसे लेबर इंफोर्समेंट ऑफिसर का पद मिला है । उन्होंने कहा कि छात्र आत्मविश्वास रखें और सही रणनीति बनाएं तो कोई भी लक्ष्य को हासिल कर सकता है। अब मेरी कोशिश होगी कि समाज के भलाई का काम करूं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा गांव से शुरू हुई उसके पश्चात 10वीं और 12वीं की पढ़ाई सैनिक स्कूल तिलैया, कोडरमा में की। हिमांशु ने संत कोलंबस महाविद्यालय से इंग्लिश ऑनर्स में स्नातक और विनोबा भावे विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर किया है। उसके बाद चाणक्य आईएएस अकादमी हजारीबाग से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की। हिमांशु के पिता इन्द्रनाथ प्रसाद कुशवाहा किसान हैं, जबकि माता संजू देवी गृहणी। हिमांशु अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं अपने



शिक्षकों को देते है। हिमांशु ने बताया कि उनकी सफलता के पीछे लगातार मेहनत, सही दिशा में पढ़ाई और अपने परिवार व गुरुओं का मार्गदर्शन मुख्य कारण हैं। उन्होंने कहा, माता-पिता ने हर मुश्किल वक्त में साथ दिया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। गुरुओं ने मुझे सही मार्ग दिखाया, जिसके कारण इस मुकाम पर पहुंच सका हूं। हिमांशु ने युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि असफलताओं से डरने की बजाय उन्हें सीखने का मौका समझना चाहिए। मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनकी इस सफलता पर पूरे डाढ़ा ग्राम के लोग गर्व महसूस कर रहे हैं। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों और ग्रामीणों ने हिमांशु और उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# झरपों प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र में जन आरोग्य समिति का हुआ गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के झरपो पंचायत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र परिसर में चिकित्सक, एएनएम,जीएनएम , झरपों भराजो पंचायत के 16 की संख्या में सहिया कर्मी , अस्पताल वार्ड इंचार्ज,सफाई कर्मी ,हॉस्पिटल सिक्यूरिटी गार्ड की मौजूदगी में बैठक कर जन आरोग्य समिति का गठन किया गया । जिसका सदस्य झरपों भराजो पंचायत की सहिया कर्मी थी। बैठक की अध्यक्षता झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने किया ।बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री सोनी ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य झरपो भराजो पंचायत और आस पास के गांव के जनता के स्वास्थ्य हित के लिए की गई है। झरपो प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र के डॉक्टर एंजेल



स्वाति ,चिकित्सा कर्मियों संग समिति के सभी सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि गठित समिति के सदस्य अपने नियमित समय में अस्पताल आए और रोगियों का इलाज करे जो दवा अस्पताल में मौजूद है उस दवा को रोगियों को देने में आना कानी नहीं करे । अस्पताल का प्रचार प्रसार करे ताकि सभी लोगों को स्वास्थ्य उपकेंद्र के बारे में जानकारी हो तथा किसी को भी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। स्वास्थ्य उपकेंद्र परिसर में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । सभी सहिया अपने अपने कार्य क्षेत्र में नियमित रूप से सरकारी नियमावली के साथ कार्य करें । किसी भी रोगीयों और उनके परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार नहीं करे।वही बैठक में कई महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान एएनएम विनीता कुमारी, अनीता, पुष्पा देवी, सोनी,अंजनि, रीता देवी, सुमित्रा देवी, मंजू , राधा, उषा रानी, चंपा देवी,अनीता देवी, चमेली देवी, सुरक्षा प्रहरी अशोक कुमार, शामिल थे।

# बैठक में एकल विद्यालय को और सुदृढ़ करने पर दिया गया जोर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** वन बंधु परिषद के तत्वावधान में टाटीझरिया संच अंतर्गत संचालित एकल विद्यालय के आचार्यों की मासिक बैठक बुधवार को बाबा बालक नाथ मंदिर प्रांगण में हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए किरण देवी ने कहा कि सभी एकजुट होकर समाज के हित के लिए कार्य करें। इस दौरान उपस्थित आचार्यों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में आगामी 8 दिसंबर को बाबा बालक मैदान में एकल विद्यालय के बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन पर चर्चा की गई। मौके पर टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव, लालमोहन महतो, महेश अग्रवाल, रीतलाल महतो, प्रकाश गंझू, सोनम कुमारी, बबीता कुमारी, कुंती महतो, बेबी देवी, रीना कुमारी, प्रीति देवी, वीणा देवी, रेखा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अंचल कुमारी, बसंती देवी, कंचन कुमारी, मनीषा कुमारी, मनीता कुमारी, खुशबू कुमारी, रूबी कुमारी, सुमित्रा देवी अन्य कई लोग शामिल थे।

## श्री संत निवास आश्रम के साधु-संतों को खाद्य सामग्री और आवश्यक वस्त्रों का मिला सहयोग



**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के अंतर्गत कवालू कोनार नदी के आगे बीच जंगल में श्री संत निवास आश्रम बना हुआ है, जो तुरीवार दिग्वार में आता है । बिजली और खाद्य सामग्री को लेकर वहाँ रह रहे साधु संत काफी परेशान थे । साधु संतों ने दारू प्रखंड की जनता से खाद्य सामग्री देने का आवाह्न किया था ताकी उन्हे राहत मिले। जब इसकी सूचना दारू प्रखंड के वरिष्ठ पत्रकार राजन सिन्हा ,रौशन सिन्हा,पप्पू कुमार के पास पहुंचा तो उन्होंने अपनी तात्पर्यता दिखाते हुए पत्रकार साथियों से मिलकर एक बैठक रखा और उस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि साधु संतों को पत्रकार साथीगन उनका सहयोग करेंगे और जनता से भी सहयोग मांगेंगे। वरिष्ठ पत्रकार राजन सिन्हा ने दारू प्रखंड के हर एक व्हाट्सएप ग्रुप में साधु संतों को सहयोग करने के लिए एक अपील करते हुए मैसेज किया। जिससे कई लोगों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया। पत्रकार साथियों ने श्री संत निवास आश्रम में साधु बाबा के पास पहुंचकर खाद्य सामग्री , पूजा सामग्री और भगवा वस्त्र दिया । पत्रकारों ने बाबा से कहा कि जब भी जरूरत पड़े तो आप बेहिचक संपर्क करें आपका यथासंभव सहयोग करेंगे। इस मौके पर राजन सिन्हा,रौशन सिन्हा ,पप्पू कुमार और राहुल कुमार, विकाश कश्यप सिन्हा उपस्थित थे।

## बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने अवैध बालू लदा तीन हाइवा किया जप्त

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र जोभिया घाटी और पसेरिया घाटी के बीच से गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार रात्रि को बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा अवैध बालू लदा तीन हाइवा जप्त किया गया। जप्त हाइवा को उरीमारी थाना प्रभारी को सौंप दिया गया। जप्त दो हाइवा को उरीमारी थाना ले जाया गया तथा तीसरे हाइवा लें जाने के क्रम में हाइवा मालिक के द्वारा लोकर से हाइवा में लगे जीपीएस को बंद कर दिया। जिससे हाइवा बंद हो गया। वहीं पदाधिकारीयों के द्वारा जप्त हाइवा कि सभी तरह के दस्तावेज जांच कि जा रही है। कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मची रही। रात भर गाड़ी छुड़ाने को लेकर कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी एड़ी-चोटी लगाते रहे। बड़कागांव प्रखंड में एक भी नदी बालू घाट टेंडर नहीं हुआ है और रोजाना सैकड़ों गाडी हाइवा-ट्रैक्टर से अवैध बालू ढुलाई की जा रही है। प्रखंड में दर्जनों बालू यार्ड संचालित है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

## मनमन मंडल हत्याकांड के आरोपी चंदन कसेरा को पुलिस ने लिया रिमांड पर

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के शिवपुरी मुहल्ले में हुए मनमन मंडल हत्याकांड के मुख्य आरोपी चंदन कसेरा को लोहसिंघना थाना पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस द्वारा की जा रही इस पूछताछ के दौरान हत्याकांड के पीछे की साजिश और अन्य दोषियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना जताई जा रही है। यह सनसनीखेज हत्याकांड 7 अक्टूबर 2023 को उस समय हुआ जब 24 वर्षीय मनमन मंडल बाजार से घर लौट रहे थे। हमलावरों ने उन पर लाठी, डंडा और पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस निर्मम हत्या से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और लोग गहरे सदमे में आ गए। नामजद दो आरोपियों ने हजारीबाग कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में चंदन कसेरा, जो पूर्व मुखिया भी रह चुके हैं, और उनके भाई रोहित कसेरा उर्फ जैकी शामिल हैं। पुलिस ने चंदन कसेरा को एक दिन के रिमांड पर लिया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस पूछताछ के बाद हत्याकांड से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं, जो मामले की गुत्थी सुलझाने में मदद करेंगे। चंदन कसेरा से पूछताछ के दौरान, अन्य फरार आरोपियों के बारे में भी जानकारी मिलने की संभावना है।

**भेलवारा जंगल में जंगली हाथी के हमले से एक की मौत, दो घायल**

# विधायक प्रदीप प्रसाद ने घायलों और परिजनों को दी सांत्वना, हरसंभव सहायता का आश्वासन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत भेलवारा के पोथातारी जंगल में 26 नवंबर को करीब दोपहर 3ः00 बजे जंगली हाथी के हमले में एक परिवार के तीन लोग शिकार बने। इस हादसे में पूनम देवी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई,



जबकि पिंकी कुमारी और रोशनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें तत्काल शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलते ही नवनिर्वाचित हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात की। विधायक ने न केवल परिवार को सांत्वना दी बल्कि उनकी हरसंभव मदद का वादा किया। उन्होंने परिजनों से कहा यह घटना अत्यंत दुखद है। आपके परिवार के साथ जो हुआ, उसका दुख हम सभी को है। आपको यह भरोसा दिलाना चाहता हूं कि मैं और मेरी पूरी टीम इस कठिन समय में आपके साथ खड़ी है। श्री प्रसाद ने यह भी बताया कि वह पिछले दो दशकों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं और यह सेवा कार्य हमेशा जारी रहेगा। उन्होंने परिजनों से कहा चाहे वह मेरा कार्यालय हो या मेरा आवास, आपके लिए मेरे द्वार हमेशा खुले रहेंगे। यदि किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, तो निसंकोच मुझसे संपर्क करें। आपकी समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता है। विधायक ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ बातचीत कर जंगली हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने और उनकी सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने मृतका पूनम देवी के परिजनों को मुआवजा दिलाने और घायल व्यक्तियों के इलाज के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा हम वन विभाग के साथ समन्वय बनाकर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस योजनाएं तैयार करेंगे। मेरा उद्देश्य है कि इस क्षेत्र के सभी निवासियों को सुरक्षित और भयमुक्त माहौल मिले। यह घटना क्षेत्र में बढ़ते मानव-पशु संघर्ष की ओर इशारा करती है, जिसके समाधान के लिए विधायक ने दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि सरकार और प्रशासन से हर संभव मदद दिलाने के लिए वह स्वयं पहल करेंगे।

# कर्णपुरा कॉलेज मैदान में विश्वविद्यालय स्तरीय खो-खो खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**- कर्णपुरा महाविद्यालय को विकास की राह पर अग्रसर किया जाएगा : रोशन लाल चौधरी**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग अंतर खोङ्खो प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर कीर्तिनाथ महतो की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. पवन कुमार पोद्दार एवं विधायक रोशन लाल चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पौधा देकर स्वागत किया गया। कुलपति पवन पोद्दार ने अपने संबोधन में कहा कि यह महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में होकर भी इस प्रकार का आयोजन कर रहा है जो छात्रों के मानसिक एवं शारीरिक विकास को बढ़ावा देने में सहायता प्रदान करेगी। विधायक रौशनलाल चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालय के पदाधिकारी के साथ मिलकर कर्णपुरा महाविद्यालय को विकास की राह पर अग्रसर किया जाएगा। इस खो खो खेल प्रतियोगिता में कुल 06 टीम जे. जे. कॉलेज झुमरी तिलैया, आनंदा महाविद्यालय, संत कोलंबस महाविद्यालय, जुबली महाविद्यालय, वनांचल महाविद्यालय एवं कर्णपुरा महाविद्यालय के प्रतिभागी भाग लिए। टीमों ने मैच में अपना शानदार खेल का प्रदर्शन किया , फाइनल मुकाबले के लिए दो टीम चयनित हुई है ङ्कजे.जे. कॉलेज झुमरी तिलैया एवं जुबली कॉलेज भुरकुंडा, फाइनल मुकाबला आज गुरुवार को सम्पन होगा। सभी मैच राष्ट्रीय स्तर के रेफरी राहुल कुमार, समीर अंबेष्टा, राजेश्वर सिंह, सुबोध कुमार दास, मनजीत कुमार के देखरेख में किया गया। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, डॉ राखो हरि, वित्त पदाधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, समाजसेवी सोहनलाल मेहता, उपप्रमुख वचन देव कुमार, संदीप कुशवाहा, राजू सोनी, राजेश श्रीवास्तव , उपेंद्र प्रसाद, कामेश्वर महतो, मुरली प्रसाद, प्रो. ज्योति जलधर, प्रो. निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो. सुरेश महतो, प्रो. फजरूद्दीन अहमद, प्रोफेसर नरेश कुमार दांगी, प्रोफेसर अनु कुमारी ,प्रोफेसर ऋतुराज दास, प्रोफेसर रंजीत प्रसाद, प्रोफेसर पवन कुमार, प्रोफेसर ललिता कुमारी, प्रोफेसर किशोर प्रसाद दांगी, प्रोफेसर लालदेव महतो, प्रोफेसर चंद्रशेखर राणा, खेल प्रभारी श्रीकांत निराला जी,लेखापाल सनवीर कुमार, नमेधारी राम, अनीता देवी सहित महाविद्यालय के सैकड़ो छात्रङ्कछात्राएं उपस्थित थे।

# त्रिवेणी कांत ठाकुर साहित्य एवं पत्रकारिता सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**- सम्मानित किये गये मैथिली भाषा मे राजकुमार मिश्र, हिंदी के साहित्यकार की टीपी पोद्दार, खोरठा के साहित्यकार एवं पर्यावरणविद् सुरेंद्र प्रसाद सिंह, पत्रकारिता में सहदेव प्रसाद लोहानी**

**- स्कूल कॉलेज में छात्र-छात्राओं में भाषा के प्रति घटती जा रही है रुचि : पूर्व कुलसचिव**

**- मरती हुई भाषा के दौर में साहित्य और पत्रकारिता के लिए पुरस्कार देने का प्रयास सार्थक साबित होगा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** त्रिवेणी कांत ठाकुर साहित्य एवं पत्रकारिता सम्मान समारोह 2024 बुधवार को डीवीसी सभागार में आयोजित किया गया। इसमे बतौर मुख्य अतिथि विभावि के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ वंशीधर रुखैयार और हिन्दी साहित्यकार डॉ बलदेव पाण्डेय ने? सम्मानपूर्वक मैथिली भाषा में योगदान के लिए व्यंग्यकार लेखक राजकुमार मिश्र, हिंदी के लिए साहित्यकार टीपी पोद्दार, खोरठा के लिए साहित्यकार एवं पर्यावरणविद् सुरेंद्र प्रसाद सिंह एवं पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय



योगदान देने वाले सहदेव प्रसाद लोहानी को यह सम्मान दिया। वही एसकेएबी स्कूल की छात्रा सना परवीन को प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि डॉ बंशीधर रूखेयार ने कहा की मरती हुई भाषा के दौर में राष्ट्रभाषा हिंदी, मैथिली, खोरठा जैसे भाषाओं को मजबूत करने का यह बहुत अच्छा प्रयास किया गया है। खासकर ऐसे समय में जब स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं में सामान्य भाषा के प्रति रुचि घटती जा रही है। आज के समय मे हिन्दी खड़ी भाषा का प्रवाह धीमा हुआ है। हिन्दी खड़ी भाषा के कारण उर्दू भाषा का प्रवाह होता रहा है। इससे उर्दू भाषा पढ़ने वाले की संख्या घटी है।आज के समय में जब ऐसे साहित्यिक कार्यक्रमों का बहुत राजनीतिक और आर्थिक महत्व नहीं है। ऐसे समय में स्व त्रिवेणी कांत ठाकुर के सुपुत्र राकेश ठाकुर ने पिता के साहित्य के कार्य को जीवंत करने का काम कर रहे है जो सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते डॉ बलदेव पांडे ने कहा कि त्रिवेणी कांत ठाकुर नाम के अनुरूप हजारीबाग में गंगा जमुना और सरस्वती तहजीब के प्रतीक थे। उनके पुत्र राकेश ठाकुर ने मातृभाषा हिंदी और मौसी की भाषा खोरठा, नागपुरी, मैथिली भाषा में पुरस्कार देकर भाषा को बढ़ावा देने के लिए सूत्रधार का काम किया है। उनका यह प्रयास साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में सार्थक साबित होगा। कार्यक्रम का संचालन हितनाथ झा और खुशबू कुमारी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजीव झा ने किया। प्रशस्ति पत्र का वाचन खुशबू कुमारी, मोना बग्गा एवं रेखा झा ने किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता स्वरूप चंद्र जैन, अरविंद झा, चैम्बर अध्यक्ष शंभूनाथ अग्रवाल, बटेश्वर मेहता, चंद्रमोहन पटेल, अर्जुन मेहता, साकेत पाठक, सुरेश ठाकुर सहित शहर के साहित्यकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बीडीओ जितेंद्र मंडल ने किया आम बागवानी का निरीक्षण



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी बिरसा हरित ग्राम योजना का प्रखंड के बादम पंचायत में हो रही आम बागवानी का औचक निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के द्वारा किया गया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की वृद्धि व लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए आम बागवानी से लोगों को आय बढ़ेगी, लहलहाते हुए आम के पौधे को देखकर काफी खुशी महसूस हुआ। यह योजना गरीबों के लिए कल्याणकारी हैं। इस योजना से जहां लाभुकों को आय में बढ़ोतरी होगी, वहीं दूसरी ओर उनका जीवन स्तर भी काफी ऊंचा होगा। खाली जमीन पर कृषि कार्य भी कर सकते हैं , जिससे आर्थिक स्थिति मजबूती होगी। मौके पर बीपीओ अरुण पासवान, हीरो महतो, आवास कोऑर्डिनेटर विकास कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# डीएमएफटी मद के 70 करोड़ रुपये की लागत से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में होगा पिसीसी पथ का निर्माण




➪ ग्रामीण से शहरी क्षेत्र तक बिछेगा पीसीसी पथ का जाल, लोगों को आवागमन में होगी सुविधा
➪ जिन क्षेत्रों में है पीसीसी की आवश्यकता वे आपने जनप्रतिनिधि के माध्यम से अविलंब करें आवेदन : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आदर्श अचार संहिता की समाप्ति के पश्चात रामगढ़ जिला के विकास हेतु उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों तक आवागमन की सुविधा को दुरुस्त करने के उद्देश्य से डीएमएफटी मद से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पीसीसी पथ निर्माण हेतु लगभग 70 करोड़ के राशि की स्वीकृति दे दी है। जिससे रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रों में पीसीसी पथ का निर्माण किया जाएगा।उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने बताया कि रामगढ़ जिला के विकास एवं लोगो को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है।इसी क्रम में शहरी क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्र तक आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएमएफटी मद के 70 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। यह कार्य पहले ही किया जाता परंतु आदर्श आचार संहिता लग जाने से विलंब हुआ। किन्तु अब सभी कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने जिले के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि यही किन्ही को लगता है कि उनके क्षेत्र में पीसीसी पथ होना चाहिए तो वे अविलंब अपने जनप्रतिनिधि के माध्यम से उपायुक्त कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।योजनाओं की जानकारी हेतु दिए गए वेबसाइट के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। https://www.dmf-tramgarh.com/ वहीं उन्होंने बताया कि ये सभी कार्य जिला परिषद रामगढ़ के द्वारा सम्पन्न किया जाएगा।

# डीएवी बरकाकाना में मनाया गया संविधान दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना में संविधान दिवस के अवसर पर प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए विद्यालय की शिक्षक - शिक्षिकाओं के साथ विद्यालय के प्राचार्य ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाएं। प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने बच्चों को संविधान की शपथ दिलवाई। वर्ग एकादश एवं द्वादश मानविकी की बच्चियों के द्वारा संविधान जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। द्वादश मानविकी की शांभवी पाठक ने संविधान के महत्व पर कविता प्रस्तुत किया। बारहवीं मानविकी की आफरीन ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। वर्ग नवम् के बच्चों ने संविधान सभा के सदस्यों का



प्रतिरूप प्रस्तुत किया जिसमें कृति राज - एनी मशकरिन, अक्षिता - राजकुमारी अमृत कौर, ख्याति - सरोजिनी नायडू, सुमैला- दुर्गाबाई देशमुख, दीपाली- कमला चौधरी, साक्षी -अम्मू स्वामीनाथन, हमदान - मौलाना अब्दुल कलाम आजाद , अक्षत - बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ,कुमार गौरव - डॉ राजेंद्र प्रसाद,बने थे। इस अवसर पर संसदीय परंपरा की जानकारी बच्चों को देने के लिए वर्ग एकादश एवं द्वादश मानविकी के छात्राओं ने शीतकालीन संसदीय कारवाई को जीवंत रूप में श्रीमती बीना सिंह एवं श्रीमती अर्चना लाल के निर्देशन में एक देश एक चुनाव विषय को बहस के रूप में प्रस्तुत किया। इसके पश्चात ये बच्चे नया नगर बरकाकाना में अवस्थित अंबेडकर चौक गए जहां पहुंच कर वहां के आसपास के क्षेत्रों की सफाई की । विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने नयानगर बरकाकाना के लोगों की उपस्थिति में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को माला पहनाया । बच्चों ने संविधान के महत्व पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसकी भूरी - भूरी प्रशंसा वहां उपस्थित जनमानस ने की । प्राचार्य ने संविधान निर्माण में डॉ भीमराव अंबेडकर की भूमिका के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम जिस स्वतंत्रता की सांस ले रहे हैं उसकी नींव रखने वाले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर हमेशा हमारे आदर्श रहेंगे। उन्होंने अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को ऊपर उठाने के लिए संविधान में जिन बातों को रखा उसके कारण आज हमारे देश में ऐसे लोग गर्व के साथ चल पा रहे हैं। ऐसी सोच और परिकल्पना वाले महापुरुषों के कारण ही हमारा देश आगे बढ़ पाया है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत टाउन हॉल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** भारत सरकार द्वारा विज्ञान भवन नई दिल्ली में बुधवार को ÷बाल विवाह मुक्त भारत अभियान÷लॉन्च किया गया है। इस अवसर पर रामगढ़ के टाउन हॉल में बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद जिला बाल संरक्षण इकाई रामगढ़ के पदाधिकारी गण एवं कर्मिगण, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य/ पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, जिले के सभी प्रखण्ड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ,महिला पर्यवेक्षिकाएं , सेविका- सहायिकाएं , गैर सरकारी संस्था अग्रगति के पदाधिकारी एवं कर्मीगण एवं अन्य गैर सरकारी संगठन के पदाधिकारी एवं कर्मी गणों ने रामगढ़ को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया।यह कार्यक्रम देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार के




बाल विवाह मुक्त भारत' के आह्वान के समर्थन में नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया। इस दौरान उन्होंने पंचायतों और स्कूलों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। इस मौके पर बाल विवाहों की सूचना व शिकायत के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल भी शुरू किया गया। आज के कार्यक्रम का मकसद रामगढ़ जिला को हम सब मिलकर बाल विवाह मुक्त बनाने और यदि कहीं भी बाल विवाह होते हुए या करते हुए देखे तो तुरंत किसी भी बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 पर या पुलिस को या अपने नजदीकी गैर सरकारी संगठन ( अग्रगति) को जानकारी दें।

# रामगढ़ महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना ने संविधान की शपथ ली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट -1 और यूनिट -2 की ओर से संविधान दिवस मनाया गयाद्य सभी स्वयंसेवकों को संविधान के बारे में बताया गया और शपथ दिलवाई गई द्य यूनिट 1 की प्रोग्राम पदाधिकारी डॉक्टर कामना राय ने स्वयंसेवकों को संविधान की विशेषता और उसमें दिए गए अधिकारों के विषय में विस्तार पूर्वक बतायाद्य।महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ. रत्ना पांडे और यूनिट 2 की प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ.अनामिका ने स्वयंसेवकों को अपना शुभाशीष दिया द्य इस कार्यक्रम में राजा, आशीष, मनीष,आशा,कविता, मनीषा,उषा नीतू, अंजलि,पुष्पा, विनीता आदि स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

# कुजू क्षेत्र में अपराधियों का आतंक जारी

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार की रात्रि सीसीएल के तोपा कांटा घर में अपराधियों ने कई रोड गोलियां चलाई सूत्रों के हवाले से बताया जाता है कि सीसीएल तोप के कांटा घर स्थित कोयला लेने आए ट्रैकों पर धुआंधार फायरिंग किया गया फायरिंग के बाद कुछ पर्चा फेंका गया क्षेत्र में काफी भाय का माहौल बना हुआ है वहीं इस संबंध में कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर कुमार पांडे से फोन पर संपर्क करने पर बताया गया कि अभी छानबीन चल रही है जल्द ही अपराधियों को धरदबोचा जाएगा

# बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने मतदाताओं का जताया आभार

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने प्रेस बयान जारी कर विगत विधानसभा चुनाव परिणाम में मतदाताओं द्वारा दिए गए आशीर्वाद के प्रति आभार प्रकट किया है बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने कहा है कि पिछले 15 वर्षो से रामगढ़ की जनता के जनहित के मुद्दे पर काम करते आ रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विजई हुए प्रत्याशी माननीय ममता देवी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता के चह्मुखी विकास कार्य करें।

# मंडल महामंत्री दिनेश करमाली भाजपा विधायक रौशनलाल से मिलकर दिया जीत की बधाई

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करने वाले भाजपा उम्मीदवार सह बड़कागांव विधानसभा विधायक रौशनलाल चौधरी से बुधवार को उरीमारी मंडल महामंत्री दिनेश करमाली के नेतृत्व में उरीमारी के दर्जनों लोग मिले। वहीं इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान भाजपा नेता दिनेश करमाली ने विधायक रौशनलाल चौधरी को अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें जीत कि बधाई दी। इस मौके पर भाजपा नेता दिनेश करमाली ने कहा कि पुरे बड़कागांव विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिली। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता सहित पुरे बड़कागांव विधानसभा कि जनता साधूवाद के पात्र हैं। वहीं भाजपा विधायक रौशनलाल चौधरी कि अगुवाई में बड़कागांव विधानसभा अग्रसर एक नई ऊंचाई को छुएगा। और साथ ही विकास कि दिशा में काम करेगा। वहीं विधायक रौशनलाल चौधरी से मिलने वालों में कार्तिक मांझी,सुखु मांझी, जुगेश बेदिया,राजेश बेदिया, जोपाल मांझी,दीपक मांझी,शंकर सोरेन,सुरेश प्रजापति,सुरेंद्र करमाली,लखन प्रजापति,अकल मुंडा,उमाशंकर महतो,सुरेंद्र महतो, लक्ष्मण सोनी,फूलचंद बेदिया, युगेश बेदिया आदि लोग मौजूद थे।




## कार्यपालक अभियंता (यौंत्रिक) का कार्यालय सिंचाई यौंत्रिक प्रमण्डल, राँची

### ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

अति अल्पकालीन ई– निविदा प्रसंग सं0– WRD/IMD/RANCHI / 07 / 2024–25

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | मसरिया जलाशय योजना के दाँया एवं बाँया Head Works Outlet Gate का Emergent कार्य । |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 5,34,521.00 (पाँच लाख चौंतीस हजार पाँच सौ ईक्कीस रूपये) मात्र। |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 01 (एक माह)। |
| 4. | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 10,700.00 (दस हजार सात सौ रूपये) मात्र। |
| 5. | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपये में) | रू0 1,250.00 (एक हजार दो सौ पचास) मात्र। |
| 6. | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 02–12–2024 (11:00 बजे पूर्वाहन ) |
| 7. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 06–12–2024 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 8. | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 09–12–2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यौंत्रिक प्रमण्डल, राँची। |
| 10. | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 0651–2912296 |
| 11. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियंता
PR 340566 Water Resource(24-25)#D सिंचाई यौंत्रिक प्रमण्डल, राँची

## ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-02, रॉची

### अल्पकालिन ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0– 11/2024-25/EE/BCD/DIV-2,RANCHI.
दिनांक– 27.11.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Supplying, Installation and Fabrication of Prefeb Structure for J.S.B.C.C.L ( Building Construction Department) at Roof Top of J.SB.C.C.L Building in the Campus of MDI Building at HEC, Dhurwa, Ranchi. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0) | राशि रू0 79,76,900.00 / – (उनासी लाख छियत्तर हजार नौ सौ ) रूपये मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण की अवधि | 4 (चार) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.12.2024 को 11:00 बजे |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 11.12.2024 को 11:00 बजे तक |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉची। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि / समय एवं स्थान | 12.12.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी,ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल संख्या–02, रॉची। |
| 7. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 6203309676 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 7992430721 |

9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रकिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉची
PR 340521 Building (24-25)_D

## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा

### सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित मत्स्य विभाग के राजस्व जलकरों की मत्स्य पालन हेतु अल्पकालीन बन्दोबस्ती खुला डाक द्वारा करने हेतु सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित वित्तीय वर्ष 2024–25 में मत्स्य विभाग के बन्दोबस्ती मुक्त शेष अबन्दोबस्त राजस्व जलकरों की मत्स्य पालन हेतु अल्पकालीन बन्दोबस्ती वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक के लिए खुला डाक द्वारा बंदोबस्ती लेने हेतु दिनांक 12.12.2024 को 12.00 बजे अपराह्न में जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में किया जाएगा।

| क्र0 सं0 | सैरात का नाम | ग्राम | पचांयत | प्रखण्ड | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा / जलक्षेत्र | सुरक्षित जमा निर्धारण समिति का अनुमोदन (रू0 में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 15 | 17 |
| 1 | बोंगराम तलाब | बोंगराम | बोंगराम | कोलबिरा | 152 | 697 | 0.72 | 1260.00 | 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2027 तक |
| 2 | कुम्बाकेरा तालाब 2 (नया) | कुम्बाकेरा | लचड़ागढ़ | कोलबिरा | 128 | 2852 | 4.92 | 6615.00 | |
| 3 | कोनसोदे तालाब 1 | कोनसोदे | कोनसोदे | बानो | 132 | 2244 | 1.40 | 7560.00 | |

**डाक की शर्तें:–** डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को डाक बोली के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत, प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्त होने पर उच्चतम डाक वक्ता को छोड़कर बाकी प्रतिभागियों की प्रतिभूति राशि वापस कर दी जाएगी एवं उच्चतम डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि उच्चतम डाक की राशि में समायोजित की जाएगी। डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। अल्पकालीन बन्दोबस्ती की अवधि तालाब / जलकर के अभ्युक्ति कॉलम के अनुसार होगी। डाक की स्वीकृति के पश्चात् उच्चतम डाक वक्ता को संबंधित एकरानामा करना अनिवार्य है एवं अद्योहस्ताक्षरी से परवाना प्राप्त किये बिना उक्त जलकर में उच्चतम डाक वक्ता कोई कार्य नहीं करेंगे। बंदोबस्त तालाब का निबंधन, निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित राशि का स्टॉम्प शुल्क देकर निबंधन कराना अनिवार्य है। अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी समय किसी भी बोली को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। जिन राजस्व जलकरों की बन्दोबस्ती दिनांक– 12.12.2024 को नहीं हो पाएगी उन तालाबों की बन्दोबस्ती दिनांक– 16.12.2024 को की जाएगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा
PR 340552 Simdega (24-25)_D

## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा

### -:आम सूचना :-

" दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन "

पशुओं में होने वाले संक्रामक एंव अन्य बीमारियों की चिकित्सा व्यवस्था सूनिश्चित करने तथा पशुपालकों में जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा दो दिवसीय (पंचायत स्तरीय) विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सूची निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | | पचांयत | शिविर स्थल का नाम | दिनांक | पशु चिकित्सक / कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | 1 | छतरबर | पचांयत भवन | 03.12.2024, 04.12.2024 | 1. डॉ0 निर्मला मिंज भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तिलैया। 2. श्री शंकर दयाल शर्मा (पशुधन सहायक) | 9934748130 |
| | | 2 | डुमरडीहा | पचांयत भवन | 05.12.2024, 06.12.2024 | | |
| | | 3 | गझण्डी | पचांयत भवन | 07.12.2024, 09.12.2024 | | |
| | | 4 | जरगा | पचांयत भवन | 10..12.2024, 11.12.2024 | | |
| | | 5 | कोलगरमा | पचांयत भवन | 12.12.2024, 13.12.2024 | | |
| | | 6 | चाराडीह | पचांयत भवन | 03.12.2024, 04.12.2024 | 1. डॉ0 विनिता कुमारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा। 2. श्री विनोद तिवारी (अनुसेवक) | 9431537040 |
| | | 7 | झुमरी | पचांयत भवन | 05.12.2024, 06.12.2024 | | |
| | | 8 | करमा | पचांयत भवन | 07.12.2024, 09.12.2024 | | |
| | | 9 | पुरनानगर | पचांयत भवन | 10..12.2024, 11.12.2024 | | |
| | | 10 | पाण्डेडीह | पचांयत भवन | 12.12.2024, 13.12.2024 | | |
| | | 11 | पथलडीहा | पचांयत भवन | 14.12.2024, 16.12.2024 | | |
| 2 | सतगाँवा | 12 | शिवपुर | पंचायत भवन | 03.12.2024, 04.12.2024 | 1. डॉ रविकांत प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सतगांवा। 2. श्री नीतीश कुमार ठाकुर (पशुधन सहायक) | 8540956364 |
| | | 13 | समलडीह | पंचायत भवन | 05.12.2024, 06.12.2024 | | |
| | | 14 | माधोपुर | पंचायत भवन | 07.12.2024, 09.12.2024 | | |
| | | 15 | मीरगंज | पंचायत भवन | 10..12.2024, 11.12.2024 | | |
| | | 16 | कटैया | पंचायत भवन | 12.12.2024, 13.12.2024 | | |
| | | 17 | टेहरों | पंचायत भवन | 14.12.2024, 16.12.2024 | | |
| 3 | जयनगर | 18 | जयनगर पश्चिमी | पंचायत भवन | 03.12.2024, 04.12.2024 | 1. डॉ0 तीनी एक्का भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जयनगर। 2.श्री विशुन महतो (रात्रि प्रहरी) | 9931742693 |
| | | 19 | सतडीहा | पंचायत भवन | 05.12.2024, 06.12.2024 | | |
| | | 20 | चेहाल | पंचायत भवन | 07.12.2024, 09.12.2024 | | |
| | | 21 | योगियाटिल्हा | पंचायत भवन | 10..12.2024, 11.12.2024 | | |
| | | 22 | जयनगर पूर्वी | पंचायत भवन | 12.12.2024, 13.12.2024 | | |
| | | 23 | ककरचोली | पंचायत भवन | 14.12.2024, 16.12.2024 | | |
| | | 24 | डण्डाडीह | पंचायत भवन | 17.12.2024, 18.12.2024 | | |
| | | 25 | नईटॉड | पंचायत भवन | 19.12.2024, 20.12.2024 | | |
| 4 | डोमचाँच | 26 | पारहों | पंचायत भवन | 03.12.2024, 04.12.2024 | 1. डॉ अरूण कुमार राय भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचांच, 2. श्री ओमप्रकाश, (रात्रि प्रहरी) | 9934352062 |
| | | 27 | जानपुर | पंचायत भवन | 05.12.2024, 06.12.2024 | | |
| | | 28 | ढोढ़ाकोला | पंचायत भवन | 07.12.2024, 09.12.2024 | | |
| | | 29 | काराखुंट | पंचायत भवन | 10..12.2024, 11.12.2024 | | |
| | | 30 | नावाडीह | पंचायत भवन | 03.12.2024, 04.12.2024 | 1. डॉ राजेश कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचॉच 2. श्री हरिशचन्द्र मिश्रा (अनुसेवक) | 8789914345 |
| | | 31 | ढाब | पंचायत भवन | 05.12.2024, 06.12.2024 | | |
| | | 32 | बंगाखलार | पंचायत भवन | 07.12.2024, 09.12.2024 | | |
| | | 33 | फूलवरिया | पंचायत भवन | 10..12.2024, 11.12.2024 | | |
| 5 | मरकच्चो | 34 | चोपनाडीह | पंचायत भवन | 03.12.2024, 04.12.2024 | 1. डॉ अरविन्द कुमार सिंह प्रभारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मरकच्चो 2. श्री कृष्णा सिह (अनुसेवक) | 7903560601 |
| | | 35 | दशारोखुर्द | पंचायत भवन | 05.12.2024, 06.12.2024 | | |
| | | 36 | जामू | पंचायत भवन | 07.12.2024, 09.12.2024 | | |
| | | 37 | महुगाय | पंचायत भवन | 10..12.2024, 11.12.2024 | | |
| | | 38 | मरकच्चो उत्तरी | पंचायत भवन | 12.12.2024, 13.12.2024 | | |
| | | 39 | सिमरिया | पंचायत भवन | 14.12.2024, 16.12.2024 | | |
| 6 | चन्दवारा | 40 | बेन्दी | पंचायत भवन | 03.12.2024, 04.12.2024 | 1. डॉ कृष्ण चन्द्र झा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चन्दवारा 2. श्री देवलाल राम (अनुसेवक) | 9934182005 |
| | | 41 | आरागारों | पंचायत भवन | 05.12.2024, 06.12.2024 | | |
| | | 42 | भोण्डो | पंचायत भवन | 07.12.2024, 09.12.2024 | | |
| | | 43 | चन्दवारा पूर्वी | पंचायत भवन | 10..12.2024, 11.12.2024 | | |
| | | 44 | चन्दवारा पश्चिमी | पंचायत भवन | 12.12.2024, 13.12.2024 | | |
| | | 45 | बिरसोडीह | पंचायत भवन | 14.12.2024, 16.12.2024 | | |

**नोट :–** शिविर आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों को समीपवत्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है। जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सकें और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकें। पंचायत मुख्यालय में आयोजित करेंगे।
शिविर का समय :–सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 तक विशेष पशु चिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएँ निम्नवत होगी।
1. पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2. भेड़, बकरी, गाय एवं भैस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
3. उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्चर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
4. विभिन्न बीमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
5. पशु रोगों की जॉच ।
6. बॉझपन चिकित्सा एवं गर्भ जॉच।
7. केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
8. आयेजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित ईलाज करायें एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेगें।

**निवेदक:– जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा।**

ह0 / –
जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा
PR 340494 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)#D

## भारत का पहला स्नैपड्रैगन 8 एलीट फ्लैगशिप और जीटी 7 प्रो रियल मी ने किया लॉन्च

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने आज लंबे इंतजार के बाद भारत के पहले स्नैपड्रैगन 8 एलीट फ्लैगशिप चिपसेट के साथ रियलमी जीटी 7 प्रो लॉन्च किया। जीटी की हर सीरीज़ का डिज़ाइन बॉर्न टू एक्सीड की अवधारणा पर आधारित है। यह बेजोड़ परफॉरमेंस और सामर्थ्य की सीमाओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रियलमी जीटी 7 प्रो कई अत्याधुनिक विशेषताओं के साथ परफॉरमेंस के नए मानक स्थापित करने वाली एक असाधारण डिवाइस है। यह भारत की पहली डिवाइस है, जिसमें स्नैपड्रैगन 8 एलीट फ्लैगशिप चिपसेट लगा है और इसका एंटूटू स्कोर 3 मिलियन* है। रियलमी जीटी 7 प्रो में सोनी ढ्ढरूङ्ग882 पेरिस्कोप कैमरा लगा है, जो फोटोग्राफी का अतुलनीय अनुभव प्रदान करता है। इसमें उद्योग का पहला ्रढ्ढ अंडरवाटर फोटोग्राफी मोड दिया गया है, जिसकी मदद से पानी के अंदर भी बेहतरीन इमेज प्राप्त होती हैं। इसमें सैमसंग डिस्प्ले के साथ मिलकर विकसित किया गया रियलवर्ल्ड इकोद्द डिस्प्ले दिया गया है, जो अद्वितीय विजुअल अनुभव प्रदान करता है। उद्योग में सर्वश्रेष्ठ परफॉरमेंस और अत्याधुनिक फीचर्स के साथ इस स्मार्टफोन में डॉल्बी विजन दिया गया है। इन सभी विशेषताओं के साथ रियलमी जीटी 7 प्रो फ्लैगशिप स्मार्टफोन की सीमाओं को आगे बढ़ा रहा है। डॉल्बी विजन फीचर की मदद से यूज़र्स अधिक जीवंत रंगों, शार्प कंट्रास्ट और शानदार डिटेल्स के साथ बेहतरीन वीडियो कैप्चर कर सकते हैं और देख सकते हैं।लॉन्च के बारे में रियलमी प्रवक्ता ने कहा, ÷हम अपनी प्रसिद्ध जीटी सीरीज़ में रियलमी जीटी 7 प्रो पेश करके बहुत उत्साहित हैं। रियलमी जीटी सीरीज़ ने हमेशा सीमाओं को आगे बढ़ाया है, और नए मानक स्थापित किए हैं। इस सीरीज़ में अत्याधुनिक इनोवेशन, जीटी 7 प्रो भारत का पहला 8 एलीट फ्लैगशिप स्मार्टफोन है, जिसमें आधुनिक स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ परफॉरमेंस प्रदान करता है। हम यह असाधारण टेक्नोलॉजी अपने ग्राहकों को पेश करके बहुत रोमांचित हैं। इससे प्रीमियम स्मार्टफोन उद्योग में अपेक्षाओं से बेहतर करने और सीमाएं बढ़ाते रहने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।




## बीएम बिरला हार्ट हॉस्पीटल ने मिनीमॅली इन्वेसिव कार्डियाक सर्जरी के माध्यम से कार्डियाक केयर में बढ़ायी साख

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीएम बिरला हार्ट हॉस्पीटल, कोलकाता में मिनीमॅली इन्वेसिव कार्डियाक सर्जरी (एमआईसीएस) से कार्डियाक केयर के क्षेत्र में बेहतर देखभाल और परिणाम मिल रहे हैं। पूर्वी भारत के इस एकमात्र कार्डियाक सुपर-स्पेश्यलिटी हॉस्पीटल में हृदय रोगियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के उपचार मानकों का लाभ मिल रहा है।बीएम बिरला हार्ट हॉस्पीटल हृदय रोगों के इनोवेटिव उपचार के मामले में अग्रणी है और मिनीमॅली इन्वेसिव कार्डियाक सर्जरी (एमआईसीएस) ने अस्पताल की साख बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। अस्पताल में एमआईसीएस की सुविधा मरीजों को जटिल कार्डियाक सर्जरी के अधिक सुरक्षित विकल्प प्रदान करती है। अस्पताल के एक्सर्ट क्लीनिशियन और यहां उपलब्ध अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से मरीजों को बेहतर देखभाल तथा परिणामों का लाभ मिलता है। एमआईसीएस में विशेष उपकरणों तथा रोबोट की सहायता से, पसलियों (रिब्स) और आसपास छोटे आकार के चीरे लगाए जाते हैं जबकि पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी में ब्रेस्टबोन या स्टर्नम से होते हुए बड़े साइज़ का चीरा लगाया जाता है। एमआईसीएम का एक बड़ा फायदा यह होता है कि मरीज के लिए इसमें ट्रॉमा और रिकवरी टाइम कम हो जाता है। साथ ही, इंफेक्शन की आशंका भी घट जाती है। इस सर्जरी के दौरान ब्लीडिंग कम होती है, मरीज को कम तकलीफ होती है और सर्जरी के बाद घाव के निशान भी अपेक्षाकृत छोटे होते हैं। हृदय रोगियों के लिए एमआईसीएस किस प्रकार फायदेमंद है, इस बारे में डॉ रतन कुमार दास, डायरेक्टर ऑफ कार्डियोथोरेसिक एंड वास्क्युलर सर्जरी (सीटीवीएस), बीएम बिरला हार्ट हॉस्पीटल, कोलकाता का कहना है, ÷एमआईसीएस वास्तव में, पारपंरिक ओपन-हार्ट सर्जरी की तुलना में इलाज का एडवांस तरीका है जिसके चलते सर्जरी के बाद रिकवरी टाइम कम होता है, इंफेक्शन का खतरा भी घट जाता है, और ब्लीडिंग कम होती है तथा सर्जरी के बाद घाव के निशान भी छोटे होते हैं। बेशक, एमआईसीएस का विकल्प पारंपरिक हार्ट सर्जरी के बराबर प्रभावी होता है, और कई बार कुछ जटिल मामलों में यह बेहतर साबित होता है।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने किया शोक संवेदना व्यक्त



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद साइबर थाना में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक राजेश सिन्हा अब इस दुनिया में नहीं रहे । उनके निधन का समाचार सुन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं रामगढ़ जिला अध्यक्ष ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि धनबाद साइबर थाना में पदस्थापित पुलिस इंस्पेक्टर राजेश सिन्हा हमारे बीच नहीं रहे 7 सरल सहज स्वभाव के धनी राजेश सिन्हा 1994 के बैच के पुलिस पदाधिकारी थे । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा से जुड़ कर सामाजिक कार्य में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उनके आकस्मिक निधन पर प्रदेश एवं जिला के चित्रांशों ने दुःख जताया है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव और जिला अध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने बताया कि जमशेदपुर चित्रगुप्त समाज एवं अन्य प्रबुद्ध व्यक्तियों से उनका बहुत मधुर संबंध था । भगवान उनकी आत्मा को शांति दे एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों एवं शुभचिंतकों एवं हम सभी को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें 7 जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा के पुत्र और महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने राजेश सिन्हा के अंत्येष्टि में शामिल हुए और परिजनों से मिलकर ढाढस दी। इस दुख के घड़ी में डॉ के चंद्रा, विनोद कुमार श्रीवास्तव, रंजीत कुमार सिन्हा,रणंजय कुमार, राजीव पामदत्त, राजेश कुमार, अमित कुमार सिन्हा, बमेश्वर प्रसाद, कुंवर बख्शी, सुजीत कुमार सिन्हा पप्पु,सूर्यवंश श्रीवास्तव,सनत कुमार सिन्हा दीपक कुमार सिन्हा डॉ उदय श्रीवास्तव डॉ संजीव कृष्ण जमुआर, प्रो प्रदीप कुमार सिन्हा, अधिवक्ता आनंद कुमार सिन्हा, अधिवक्ता संजीव कुमार अंबष्ट, अधिवक्ता कौशल कुमार सिन्हा, योगेन्द्र कुमार सिन्हा, उमेश कुमार सिन्हा, ज्योति कुमार सिन्हा, अधिवक्ता अनुज कुमार सिन्हा, अनिल कुमार सिन्हा, मुना श्रीवास्तव,मनोज कुमार सिन्हा, डॉ रोहित वर्मा, नितेश रंजन, धनंजय वर्मा उपेन्द्र कुमार सिन्हा, सुजीत नारायण सिन्हा, वीरेंद्र कुमार सिन्हा, अवधेश कुमार सिन्हा, विवेक कुमार श्रीवास्तव, सूरज देव प्रसाद कर्ण, सुधीर कुमार दास, सलिल मोहन सिन्हा, विश्व रंजन सिन्हा, विकाश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार सिन्हा, संजीव कुमार सिन्हा सहित रामगढ़ जिला के सभी चित्रांशों ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर बैठक आयोजित

**लिट्टीपाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान लॉन्च किये गये कार्यक्रम को लेकर बुधवार को प्रखंड के सभागार भवन में बीडीओ संजय कुमार के उपस्थिति में प्रखंड के सभी स्वंय सहायता महिला समुह,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता,एएनएम, स्वास्थ्य सहिया का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ ने कहा बाल विवाह के अनेक दुष्परिणाम है। बाल विवाह से लड़कियों का स्कूल छोड़ने की संभावना बढ़ जाती है। बाल विवाह से लड़कियों को घरेलू हिंसा और एचआईवी/एड्स का खतरा बढ़ जाता है साथ ही बाल विवाह से लड़कियों को कई तरह की बीमारियां होती है। बाल विवाह से कम उम्र में ही गर्भवती होने का खतरा बढ़ जाता है। बाल विवाह से प्रसव के दौरान कमज़ोरी होने के कारण लड़कियों की मौत हो सकती है।बाल विवाह से गर्भ में पल रहे बच्चे का पूर्ण विकास नहीं हो पाता और बाल विवाह से बच्चे कुपोषित पैदा होते हैं या फिर गर्भ में ही किसी गंभीर बीमारी का शिकार हो जाते हैं।

# चौबीस घंटे निकलता है हैंड पम्प से पानी, जीवनदायिनी साबित हो रहा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पाकुड़िया :** पाकुड़िया प्रखंड में एक ऐसा गांव है जहां पानी की कोई कमी नहीं है और हैंडपंप से पानी स्वतः निकलता है। बात कर रहे हैं बसंतपुर पंचायत के वक्तरपुर गांव की जहां लगी चपाकाल और बोरिंग लोगो के लिए जीवनदायिनी साबित हो रहा है। करीब चार सौ की आबादी वाले यह गांव प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया से दस किलोमीटर दूर पूर्वी क्षेत्र पर स्थित है । इस गांव में सरकार द्वारा हैंडपंप के लिए चार बोरिंग कराई गई है। जिनमें से एक हैंड पंप और एक बोरिंग से लगातार स्वतः पानी निकल रहा है। यहां न ही हैंड पंप चलाने की जरूरत पड़ती है और ना ही बोरिंग में हैंडपंप लगाने की जरूरत पड़ती है,पानी स्वतः निकलकर बह रहा है। स्वतः बोरिंग से निकलता पानी पास स्थित एक तालाब में चला जाता है,जिस कारण तालाब बारह माह पानी से लबालब भरा रहता है। वहीं हैंडपंप से स्वतः निकलता पानी पास स्थित एक नाला में जा कर बह जाता है। प्रकृति की कोख से अनवरत निकलता पानी अजूबा के साथ साथ किसानों के लिए वरदान और चमत्कार से कम नहीं है। इसके बावजूद इस गांव के किसान इसका कोई खास लाभ नहीं उठा रहे हैं । स्वतः निकलता इस पानी से किसान चाहे तो बारह माह अलग अलग सब्जी या फसल का उपज कर आत्म निर्भर बन सकते हैं लेकिन जागरूकता की अभाव में इस गांव के किसान अभी भी पिछड़े हैं । मौसमी फसल धान ,गेहूं और सरसो के अलावा अन्य कोई भी फसल किसान नही उगाते हैं। किसानों में जागरूकता लाई जाय तो इस गांव के किसान पूर्णतः आत्म निर्भर बन कर अन्य किसानों को आइना दिखा सकते हैं। सरकार चाहे तो बोरिंग से स्वतः निकलता पानी को आसपास के सभी खेतो तक पहुंचाने की व्यवस्था कर कृषि के लिए किसानों की राह को आसान बना सकती है। इस गांव के किसान सुशील टुडू,बाबुल मरांडी ,सोमियाल मुर्मू,गुलमति मरांडी ने बताया कि इस गांव में लगी एक हैंडपंप से करीब पचास से अधिक वर्षो से स्वतः पानी निकल रहा है,वहीं यहां आंगनबाड़ी केंद्र के पास पांच साल पहले बोरिंग सरकार द्वारा हुई थी और तभी से यहां स्वतः पानी निकल रहा है और बोरिंग में हैंडपंप लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ी है। यहां अन्य और दो सरकारी चापाकाल है उसमें सिर्फ बरसात के दिनों में ही स्वतः पानी निकलता है। किसानों ने बताया कि यहां सिर्फ ऋतु फसल धान गेहूं और सरसो उगाया जाता है । खेतो तक पानी को पहुंचाने की व्यवस्था नही रहने के कारण चाह कर भी बारह माह खेती करना संभव नहीं हो पाता है।जानकारों की माने तो इस गांव में भूमिगत जलस्तर ऊपर और अधिक रहने के कारण हैंडपंप एवं बोर से पानी स्वत~ निकल रही है। हालांकि लोग इसे चमत्कार मान रहे हैं लेकिन यह एक सामान्य प्रक्रिया है। इसे आर्टिजन बोर कहा जाता है। उदाहरण के तौर पर बारिश के चलते जमीन के अंदर किसी एक जगह पर ढेर सारा पानी जमा हो जाता है और लगातार पानी जमा होने के कारण अंदर ही अंदर दबाव बढने लगता है। जब पानी का दबाव काफी ज्यादा हो जाता है तो वह ऊपर की तरफ उठने की कोशिश करताहै। ऐसे में दबाव क्षेत्र के आसपास यदि कोई बोर या ट्यूबवैल होता है तो पानी उसके अंदर से बाहर निकल आता है। सामान्य शब्दों में कहा जाए तो एक ट्यूब के अंदर यदि हवा भर दी जाए और उसमें एक छेद किया जाए तो रास्ता मिलने पर अंदर की हवां तेजी से छेद से होकर बाहर निकल जाती है। ठीक यहीं प्रक्रिया पानी के साथ होती है दबाव बढने पर रास्ता मिलता है तो पानी स्वत~ बाहर निकल आता है।

# पाकुड़ विधानसभा में 34 बूथ पर सिंगल डिजिट में ही रह गये एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पाकुड़ :** पाकुड़ विधानसभा सीट पर पूरे चुनाव के दौरान तीन कैंडिडेट की ज्यादा चर्चाएं थी। जिनके बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा था। इनमें कांग्रेस की निसात आलम, आजसू के अजहर इस्लाम और समाजवादी पार्टी के अकिल अख्तर शामिल थे। मतदान के बाद 23 नवंबर को जब परिणाम सामने आया तो यही तीन प्रत्याशियों के बीच मुकाबला देखा गया। यह अलग बात है कि रिकॉर्ड वोटों के अंतर से जीत हासिल करने वाली कांग्रेस प्रत्याशी की एक तरफा जीत मानी जा रही है। लेकिन पहला, दूसरा और तीसरे नंबर पर यही तीन कैंडिडेट पहले राउंड से अंतिम राउंड तक बने रहे।पहले नंबर पर रही कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम ने जहां ऐतिहासिक जीत दर्ज कराई। वहीं आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम दूसरे और समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अकिल अख्तर तीसरे नंबर पर रहे। इस हार-जीत के बाद आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम की हार को लेकर तरह-तरह के समीकरण निकाले जा रहे हैं। इस बीच एक आंकड़ा यह भी सामने निकल कर आ रहा है कि कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम को जहां तमाम बूथों पर सम्मानजनक वोट मिले। वहीं अजहर इस्लाम के मामले में तकरीबन 34 ऐसे बूथ हैं, जिसमें वे सिंगल डिजिट में ही रह गए। इनमें पाकुड़ प्रखंड के 12 और बरहरवा प्रखंड के 22 बूथ शामिल है। इन बूथों पर अजहर इस्लाम ने दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। पाकुड़ प्रखंड के अंतर्गत आने वाले बूथ नंबर 186 अपग्रेड मिडल स्कूल मणिकापाड़ा में 3 वोट, बूथ नंबर 226 तारानगर पंचायत भवन में 6, बूथ नंबर 227 पंचायत भवन तारानगर में 6, बूथ नंबर 233 अपग्रेड मिडल स्कूल कुसमानगर में 2, बूथ नंबर 269 अपग्रेड प्राइमरी स्कूल मनीरामपुर में 6, बूथ नंबर 271 मदरसा मनीरामपुर में 7, बूथ नंबर 299 अपग्रेड प्राइमरी स्कूल रहमतपुर बागान में 5, बूथ नंबर 327 अपग्रेड प्राइमरी स्कूल सीतारामपुर में 5, बूथ नंबर 328 मिडिल स्कूल झिकरहटी में 8, बूथ नंबर 350 अपग्रेड मिडल स्कूल नवादा में 8, बूथ नंबर 351 अपग्रेड मिडल स्कूल नवादा में 3 तथा बूथ नंबर 354 पंचायत भवन नवादा में 9 वोट मिले हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**ई–निविदा संख्या:** C-710-CHRI-GCT, **क्रम संख्या: 1, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** चरही (CHRI) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास, **क्रम संख्या: 2, चरही स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत :** रू० 34,43,69,414/–, **क्रम संख्या: 3, ब्याने की राशि:** रू० 3,44,37,000/–, **क्रम संख्या: 4, निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 19.12.2024 को 15:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख 19.12.2024 को 15.30 बजे से, **क्रम संख्या: 5, वेबसाईट का विवरण:** **http://www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/01596/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24–25/36



**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**
**(अभियंत्रण कोषांग)**
**Phone Number:- 06526-222064 ,email-id: zplohardaga@gmail.com**

**ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**
**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना) 2nd Call**
**(Very Short term Tender Notice)**

लोहरदगा जिला अन्तर्गत लोहरदगा क्रिकेट स्टेडियम के Pavilion Building Section “A” & “B” एवं लोहरदगा Indoor Shooting Range में Silent Generator के अधिष्ठापन के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ता / कम्पनी / संस्थानों / फर्म / उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **05-12-2024** के **11:00** बजे पूर्वा० तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है।

''ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/ प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **05-12-2024** के **12:30** बजे (अपराह्न) को खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा।

नोट :–विशेष जानकारी हेतु कार्यालय में कार्यालय दिवस एवं अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 340500 Lohardaga(24-25).D



**Jharkhand Education Project Council**
**J.S.C.A Stadium Road, Jagannathpur, Sector -3,**
**Dhurwa, Ranchi - 834004**
**Phone - 0651-2444502 Fax: 0651-2444506**
**E-mail: jepcranchi1@gmail.com**

**E- TENDER NOTICE**
**FOR THE SUPPLY OF SCHOOL BAGS FOR CLASS I TO VIII FOR THE YEAR 2025-26 TO 2027-28**

**Tender No. MRE/33/261/2024-25/4412**

Jharkhand Education Project Council invites Bids through e-tender from prospective manufacturers of bags for supply of school bags for class I to VIII for the year 2025-26 to 2027-28. The complete tender documents can be seen on and downloaded from the websites **http://jharkhandtenders.gov.in.** The list of dates with regard to this invitation for bids is given below:

| Sl. | Details | Start Date | Time | End Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Online availability of bid document | 27.11.2024 | 10.00 am | 19.12.2024 | 03.00 pm |
| 2 | Document Download | 27.11.2024 | 10.00 am | 19.12.2024 | 03.00 pm |
| 3 | Pre-Bid Meeting | 06.12.2024 | 03.00 pm | - | - |
| 4 | **Online Bid Submission** | 27.11.2024 | 10.00 am | 19.12.2024 | 03.00 pm |
| 5 | Submission of Bag sample | 20.12.2024 | 10.00 am | 20.12.2024 | 01.00 pm |
| 6 | Opening of Technical Bid | 20.12.2024 | 03.00 pm | - | - |

Sd/-
(Shashi Ranjan, I.A.S)
State Project Director

PR 340395 Jharkhand Education Project Council (24-25)_D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई– अति अल्पककालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई–निविदा सं० :– RE-RDD/SD/HZB/25/2024-25 (2nd call)**

**1.कार्य की विस्तृत विवरणी:**

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RE-RDD/SD/HZB/25/03/2024-25 (2nd call) | बड़कागांव | हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखण्ड में आंगो पंचायत में ग्राम उरेज एवं पचंडा के बीच हहारो नदी पर पुल निर्माण। | 5,37,74,300.00 | 10,75,500.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.12.2024 से दिनांक 17.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.12.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR.NO.340574 Rural Development(24-25):D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**
**Very Short e-Procurement Notice**
**Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 46 /2024-25 Date:-26-11-2024**

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Kaitle feed Godown in Rajkiye Pashu Prakshrtra Gauriya Karma , , Block –Barhi , Distt- Hazaribag for the year 2023-24 | 963100/- | 20000/- | 1250/- | 02 Month |
| 2 | Deep Boring (200x150mmdia)& Installation of 1.5 H.P. Submersible Pump in Manager house and Goshala Campus at Rajkiye Pashu P rakshrtra Gauriya Karma , , Block –Barhi , Distt- Hazaribag | 1120000/ | 23000/- | 2500/- | 02 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 30-11-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 06-12-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

***Further details and subsequent amendments can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in

**Nodal Officer, e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division,** Hazaribag

PR 340555 Building(24-25)#D

## पीडीजे ने चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रन स्कीम के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण किया शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नालसा नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देशानुसार एवं पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा लोहरदगा श्री राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में नालसा स्कीम चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रन स्कीम 2024 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ 27 नवंबर 2024 को व्यवहार न्यायालय लोहरदगा परिसर स्थित सभाकक्ष में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, डीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, पीएलए चेयरमैन शिव कुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार सहित पैनल अधिवक्ताओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। हम सभी को बच्चों के हित में कार्य करना चाहिए ताकि बच्चे गलत राह पर नहीं जाएं। वहीं वैसे बच्चे जो समाज के मुख्य धारा से अछूते हैं उन्हें जानकारी प्रदान करें ताकि उनका विकाश हो सके। वे विकास से दूर नहीं रहें। डीजे प्रथम ने बच्चों के अधिकार और पोक्सो एक्ट के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों के हित में कई कानूनी बनें है। न्यायालय में चाइल्ड फ्रेंडली माहौल बना है। साथ ही पुलिस को भी चाइल्ड फ्रेंडली होकर कार्य करना है। पीएलए चेयरमैन ने कहा कि बच्चे समाज के अगुवा होते हैं। वे समाज को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा हैं। देश और समाज की उन्नति बच्चों के विकाश पर निर्भर करता है। वहीं सरकार द्वारा बच्चों के विकाश के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर ध्यान देने की बात कही। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024 अंतर्गत बच्चों के लिए कानूनी सेवा यूनिट का गठन किया गया है। जिसमें डालसा सचिव, अध्यक्ष पीएलए, एलएडीसीएस चीफ, पैनल अधिवक्ता, पीएलवी को शामिल किया गया है। वहीं उन्होंने बच्चों के अधिकार और सुरक्षा को लेकर बनाए गए कानूनों के बारे में बताया। वहीं उन्होंने गुमशुदा बच्चे, शोषित बच्चे, ट्रैफिकिंग बच्चे, नशा में संलिप्त बच्चे, बाल विवाह, बच्चों के अधिकार, राइट टू एजुकेशन, पोक्सो एक्ट, दिव्यांग बच्चों के अधिकार, चाइल्ड लेबर एक्ट आदि के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों में असमान्य क्षमता होती है जिसे पकड़ने की आवश्यकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम उसे किस नजरिए से देखते हैं। मौके पर पैनल अधिवक्ता नसीम अंसारी, सीपी पाठक, तरुण देवघरिया, देवाशीष कार, राखा साहू, गौतम देवघरिया, राजललित प्रसाद, फुन्नी साहू, पीएलवी नेमहंती मिंज, गौतम लेनिन, रवि लोहरा, रोहित कुमार, छाया देवी, अफान खान, कलिंदर उरांव, योगेंद्र राम, अनीता कर्मकार, अनिमा एक्का उपस्थित रहे।

## बाल विवाह रोक थाम व जागरुकता हेतु दिलाया गया शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बाल विवाह पर अंकुश लगाने तथा जागरूकता को लेकर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस जवानों को सेन्हा थाना परिसर में थाना प्रभारी के द्वारा दिलाया गया शपथ। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच जागरूकता को लेकर पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां के निर्देश पर थाना परिसर में बुधवार को शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी अजित कुमार द्वारा कार्यरत सभी पुलिस पदाधिकारी को क्षेत्र में बाल विवाह पर अंकुश लगाने के दिशा में कार्य करने तथा ग्रामीण महिला पुरुष को जागरूकता को लेकर शपथ दिलाया गया। साथ ही बताया गया कि जनकारी के अभाव में आज भी जगह जगह पर बाल विवाह हो रहा है। जिसका परिणाम आए दिन समाज के बीच देखने को मिलता है। इसके अलावे थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि शिक्षा के अभाव में आज भी लोग बाल विवाह को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसे रोकने के लिए सभी क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा कदम उठाया जा रहा है। और लोगो को जागरूक करने पर जोर दिया गया। मौके पर एस आई अविनाश कुमार राम, पंकज यादव, ए एस आई अलबिना लकड़ा सहित अन्य पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी शामिल थे।

## नवयुवक अम्बेडकर संघ कैरो के द्वारा सविधान दिवस पर प्रस्तावना पढ़ दिलाया गया शपथ



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत कैरो रविदास मुहल्ला में, नवयुवक अम्बेडकर संघ कैरो के द्वारा 26 नवंबर मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया जिसमें नवयुवक अम्बेडकर संघ के अध्यक्ष संदीप रविदास के द्वारा संविधान दिवस पर प्रकाश डालते हुवे बोला है आज के दिन पूरे राष्ट में सविधान दिवस मनाया जाता है। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के द्वारा 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन सविधान लिखकर पूर्ण किया गया जो पूरे भारत वर्ष में लागू किया गया है।आज इस सविधान से भारत चल रहा है जो एक गर्व महसूस कराती हैं। वही सचिव मुन्ना राम के द्वारा शिक्षा में प्रकाश डालते हुए बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने व अच्छे शिक्षा देने की बात कही।कोषाध्यक्ष ब्रजकिशोर रविदास के द्वारा सविधान की प्रस्तावना पढ़कर सपथ ग्रहण कराया गया। पूर्व वार्ड सदस्य बरजेश राम के द्वारा कार्यक्रम को समापन किया गया। मौके पर संदीप रविदास, राजेश रविदास, मुन्ना राम, ब्रजकिशोर राम, परदेशी राम, क्रान्ति कुमारी, डोली कुमारी, सुषमा कुमारी, जितबहान राम, बीरेंद्र राम, रविन्द्र राम, रमेश राम, प्रमोद राम, पंचम राम, सुमित राम, सुलेन्द्र, भोला, बीजू, गौतम, अजय राम व समस्त रविदास परिवार उपस्थित थे।

## अनियंत्रित हाइवा ने अज्ञात वाहन में मारी टक्कर, कोई हताहत नहीं




**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बक्सीडीपा क्षेत्र में लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर बुधवार को अनियंत्रित हाइवा ट्रक अज्ञात वाहन को धक्का मार दिया घटना में किसी का हताहत की सूचना नही है। घटना लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र में बुधवार को एन एच 143 ए मुख्य पथ पर लोहरदगा की ओर से आ रही हाइवा ट्रक जे एच 13 जे 9876 वाहन अज्ञात टेलर वाहन को पीछे से धक्का मार दिया। घटना के पश्चात टेलर चालक गाड़ी को लेकर घटना स्थल से भागने में सफल रहा। बताया जाता है कि दोनो ट्रक लोहरदगा से गुमला की ओर जा रहा था। इसी दरमियान बक्सीडीपा पेट्रोल पम्प के समीप पीछे से टेलर में धक्का मारते हुए अनियंत्रित ट्रक नाली में जा घुसा। अज्ञात टेलर वाहन घटना के बाद गुमला की ओर फरार हो गया। सड़क दुर्घटना की सूचना पर थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार हाइवा ट्रक अनियंत्रित हो अज्ञात टेलर में टक्कर मारते हुए नाली में घुसा गया है। घटना मो कोई हताहत नहीं हुआ है जबकि हाइवा ट्रक को हल्की क्षति हुआ है उसको वाहन मालिक लेकर चला गया। किसी तरह का शिकायत नहीं किया गया है।

## सास बहु व पति सम्मेलन के दौरान जच्चा बच्चा सहित परिवारिक समस्या पर डाला प्रकाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** राज्य के विभिन्न जिला प्रखंड क्षेत्र में सास बहू की कहानी आम हो गया है बहुत से परिवार में पडताडित करना छोटी छोटी बातों को लेकर न्यायालय तक मामला को पहुंचना आम हो गया है। जिसके तहत लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत स्थित गगेया में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में एएनएम के नेतृत्व में सास बहु व पति सम्मेलन का आयोजन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में एएनएम प्रमिला एक्का ने मौजूद ग्रामीणों को परिवार नियोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के निर्देशानुसार लड़कों का शादी का सही उम्र 21 वर्ष व लड़कियों का 20 वर्ष होना अनिवार्य है। तथा शादी के दो वर्ष पश्चात पहला बच्चा हो और दूसरे बच्चे के लिए तीन वर्ष का अंतराल हो जिसका ख्याल नव दम्पति को रखना चाहिए। इसके अलावे सास बहु के बीच मां बेटी का सम्बंध स्थापित होना चाहिए जिससे सुख दुःख में सार्थक साबित हो और छोटी छोटी बातों को नजर अंदाज कर परिवारिक जीवन पर विचार कायम हो सके जिससे सास बहू के बीच उतपन होने वाली विवाद पर अंकुश लगे और परिवार शिक्षित की ओर कदम बढ़ा सकें जानकारी देते हुए गर्भाधान के दौरान खान पान में विशेष ध्यान देने और गर्भवती महिलाएं को प्रत्येक दिन हरा साग सब्जी, फल, दूध तथा विटामिन और प्रोटीन युक्त भोजन का सेवन करवाने पर जोर दिया गया। गर्भवती महिलाएं प्रथम माह से आंगनबाड़ी केंद्र या नजदीकी स्वास्थ्य उप केंद्र में नियमित जांच कराएं तथा प्रसव के क्रम में जच्चा बच्चा को किसी तरह की परेशानी न हो सास बहु पति सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं को कटोरी दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर एएनएम प्रमिला एक्का, आंगनबाड़ी सेविका मालती देवी, सहिया शकुंतला देवी के अलावे संगीता देवी, अंजनी देवी, सोमवती देवी, सुशांती कुमारी सहित अन्य सास बहु उपस्थित थे।

## कोलेबिरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने कोलेबिरा की जनता का जताया आभार








**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र से नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने प्रचंड बहुमत से तीसरी बार लगातार जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाया। कांग्रेस इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी नमन बिक्सल कोनगाड़ी को अपार समर्थन देकर प्रचंडबहुमत से जीताने के लिए कोलिबीरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने जनता का आभार जताते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद दिया साथ ही विधायक को पुनः जीतने के खुशी में बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी द्य कोलेबिरा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद, उपाध्यक्ष अनिल समद पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुनील खड़िया, बीस सूत्री अध्यक्ष लुथर सुरीन, कांग्रेस वरिष्ठ नेत्री फुलकेरिया डांग, विधानसभा युवा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष जोसेफ सोरेंग, सुरेश द्विवेदी, रणधीर कुमार साहू, तजमुल खान, लचरागढ़ पंचायत अध्यक्ष अल्बिनुस लुगुन, संजय पॉल केरकेट्टा, महिला कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष महिमाकेरकेट्टा, स्कोटलास्टिका डांग, एरेन केरकेट्टा, अनिल सोरेंग, सहित कोलेबिरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तमाम पदाधिकारी गण और सदस्यों ने कोलेबिरा की जनता का आभार व्यक्त करते हुए सभी को धन्यवाद दिया उन्होंने कहा मेरे सभी युवा साथी, माता-पिता, बहनों जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस इंडिया महागठबंधन के समर्थन में अपना योगदान दिया है, आप सभी को बहुत बहुत धन्यवाद और जीत की हार्दिक बधाई।आप सभी का मेहनत रंग लाया और हम प्रचंड बहुमत हासिल करते हुए इतिहास रच दिए।

## बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी कायरतापूर्ण एवं अलोकतांत्रिक : संजय सर्राफ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग व राष्ट्रीय सनातन एकता मंच झारखंड के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बांग्लादेश प्रशासन द्वारा इस्कॉन मंदिर के प्रमुख पुजारी एवं बांग्लादेश सम्मिलित सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे वहां के प्रशासन की कायरतापूर्ण एवं अलोकतांत्रिक कार्रवाई बताया है। उन्होंने इस घटना की घोर निंदा करते हुए कहा है कि यह घटना बांग्लादेश में चरमपंथी तत्वों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक को पर बार-बार कई हमले किए जाने के बाद हुई है। बांग्लादेश में निरंतर हो रहे इस प्रकार की घटनाएं न केवल कायरतापूर्ण और अमानवीय है अपितु पीड़ित हिंदू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है। बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है उसमें वामपंथी इस्लामिक तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज को दमन कर रहे हैं। दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय विश्व वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम को गंभीरतापूर्ण नहीं लिया ना चिंता व्यक्त की ना ही इस पर रोक लगाने की बात कही। पूरे विश्व समुदाय अति शीघ्र इन सब घटनाओं को संज्ञान में ले तथा बांग्लादेश प्रशासन पर दबाव बनाए की हिंदुओं के उत्पीड़न को रोका जाए तथा इस्कॉन के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की तुरंत रिहाई हो। तथा किसी भी प्रकार के हिंदू नेता, हिंदू पुजारी, धार्मिक गुरु, की बिना किसी कारण गिरफ्तार करने की किसी भी प्रकार की मानसिकता से बांग्लादेश सरकार बचे। यह अपेक्षा भी करते हैं। तथा भारत सरकार भी बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार पर हस्तक्षेप करते हुए अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करवायें।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर प्रयास रहेगा जारी : सुनीता उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** महिला सशक्तिकरण को लेकर प्रखंड क्षेत्र में लगतार प्रयास किया जा रहा है और इसको लेकर विभिन्न रूप से रूप रेखा तैयार कर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है तथा महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर छोटी छोटी योजना चलाया जा रहा है इसी निमित लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित महिला विकास मंडल के ज्ञान ज्योति संकुल प्रांगण में बुधवार को महिला विकास मंडल के स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के बैंक मित्रा एफ एल, सीआरपी, जे आर पी, नवजीवन सखी, सेतु दीदी के साथ महिला समूह की गति विधि का समीक्षा नवम्बर माह किया गया। तथा आगामी दिसम्बर माह का प्लानिंग मीटिंग किया गया महिला विकास मंडल के अध्यक्ष सुनीत उरांव ने कहा कि महिला को अधिक से अधिक स्व रोजगार से जोड़े और शसक्त बनाए। बैठक के दौरान सचिव संगीता देवी, कोषाध्यक्ष शिला देवी, महिला विकास मंडल के संकुल स्तरीय क्षेत्रीय समन्वयक उमंग कुमार,बी एल एफ ए, रफत परवीन ज्ञान ज्योति के अध्यक्ष शांति उरांव, सचिव मीना कुमारी, कोषाध्यक्ष अमृता टोप्पो आदि उपस्थित थे।

## अविराम में मनाया गया संविधान दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध द्वारा संविधान दिवस पर बीएड और डी एल एड के प्रशिक्षुओ के मध्य कार्यक्रम आयोजित कराया गया जिसमे संविधान दिवस को मनाए जाने की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इस दिन का महत्व आदि पर सविस्तार प्रकाश डाला गया। बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की शिक्षा को स्मरण किया गया तथा प्रशिक्षु सुमित एक्का द्वारा बाबा साहेब की वेशभूषा में संविधान की प्रस्तावना की शपथ सभी प्रशिक्षुओं एवम सभी कर्मियों को दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, रेणुका, ममता, आफताब, पंकज, जंगबहादूर, शिब, मनु, शशि, तबस्सुम, चिनीबास, प्यारी आदि उपस्थित थे।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में सिमडेगा का सक्रिय योगदान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के शुभारंभ के बाद, सिमडेगा जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, छोटानागपुर कल्याण निकेतन (सीकेएन), और अन्य अधिकारियों ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का शपथ ग्रहणकिया। इस पहल का उद्देश्य जिले को बाल विवाह मुक्त बनाना है। कार्यक्रम के पश्चयात सिमडेगा के भीभीन जगहों पे स्कूली बच्चों, महिलाओं, पंचायत प्रतिनिधियों, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं समेत बाल विवाह पीड़िताओं ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ लिया। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर इस सामाजिक बुराई के खात्मे का संकल्प लिया। छोटानागपुर कल्याण निकेतन देशभर में बाल अधिकारों के लिए काम कर रहे 250 से अधिक गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' का सहयोगी सदस्य है। इसके निदेशक प्रियंका सिन्हा ने कहा, सरकार का यह अभियान बाल विवाह जैसी बुराई को खत्म करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह समस्या न केवल लड़कियों के अधिकारों का हनन करती है, बल्कि उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता पर भी गंभीर असर डालती है। हमें विश्वास है कि सरकार और नागरिक समाज के समन्वित प्रयासों से 2030 से पहले बाल विवाह समाप्त किया जा सकता है।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला प्रशासन के अंतर्गत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय संघन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बाल विवाह निषेध अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी एवं कर्मियों के आपसी समन्वय से जिला के सभी प्रखंड के सभी 66 पंचायत, विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रो एवं विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 एक भारतीय कानून है जिसका उद्देश्य बाल विवाह को रोकना और उन्हें निषेध करना है। इस अधिनियम के तहत, बाल विवाह को अपराध माना जाता है और इसके लिए दंड और जुर्माना लगाया जा सकता है। इस अधिनियम के मुख्य प्रावधान हैं। 18 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के बीच विवाह अपराध है। बाल-विवाह करने वाले व्यक्ति को तीन साल तक की कैद और एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। बाल विवाह के मामले में, विवाह को अमान्य माना जाएगा और विवाह के कारण होने वाले किसी भी अधिकार या दायित्व को मान्यता नहीं दी जाएगी। बाल विवाह के मामले में, पीड़ित पक्ष को मुआवजा और अन्य सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं। इस अधिनियम के तहत, बाल विवाह के मामले में पुलिस अधिकारी को मामला दर्ज करने और जांच करने का अधिकार है। बाल विवाह रोकने के लिए कई उपाय की जानकारी प्रदान की गई जिसमें शिक्षा और जागरूकता लोगों को बाल विवाह के नुकसान और इसके परिणामों के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। कानूनी कार्रवाई बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत, बाल विवाह करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।सामाजिक समर्थन- समाज को बाल विवाह के खिलाफ खड़ा होना चाहिए और इसके विरोध में आवाज उठानी चाहिए। बालिकाओं की शिक्षा- बालिकाओं को शिक्षा प्रदान करना आवश्यक है ताकि वे अपने अधिकारों के बारे में जागरूक हो सकें। परिवारों की भागीदारी- परिवारों को बाल विवाह के खिलाफ खड़ा होना चाहिए और अपने बच्चों की शिक्षा और विकास पर ध्यान देना चाहिए। सरकारी योजनाएं- सरकार को बाल विवाह रोकने के लिए विशेष योजनाएं बनानी चाहिए और इन योजनाओं को लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। सामुदायिक भागीदारी- सामुदायिक स्तर पर बाल विवाह के खिलाफ अभियान चलाना आवश्यक है ताकि लोगों को इसके नुकसान के बारे में जागरूक किया जा सके। बाल विवाह रोकने के लिए हेल्पलाइन- बाल विवाह रोकने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1098 सूचना देना अनिवार्य है।

## झारखंड आंदोलनकारी महासभा की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी बधाई

**➔ आंदोलनकारियों के दर्द समझें व गुरूजी शिबू सोरेन मॉडल लागू करें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन : कयूम खान**

**➔ विशेष सत्र बुलाकर झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याओं का करें निदान : अमर किन्डो**

**➔ आंदोलनकारियों को न मान-सम्मान मिला, न नियोजन पेंशन व पहचान : सुखदेव उरांव**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति लोहरदगा की मासिक बैठक कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय मैदान में हुई। जिसमें मुख्य रूप से केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान मौजूद थे। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा के केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान ने झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की प्रचंड बहुमत हासिल करने और हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनने पर महासभा की ओर से बधाई दी। कहा कि झारखंड आंदोलनकारी गुरूजी के पुत्र का पुनः मुख्यमंत्री बनना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सोरेन झारखंड आंदोलनकारियों का दर्द समझेंगे और जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान नियोजन पेंशन सहित सभी सुविधाएं मुहैया कराएंगे। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के हित में कम से कम गुरूजी आदरणीय शिबू सोरेन मॉडल को अविलंब लागू किया जाए। गुरुजी के मांग के मुताबिक प्रत्येक आंदोलनकारी को प्रतिमाह 8000 रूपए पेंशन, एक-एक पक्का मकान, चिकित्सा, नियोजन सहित सभी सुविधाएं लागू करेंगे। अध्यक्षता करते हुए अमर किन्डो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 24 वर्ष बीत गए, लेकिन झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याएं और मांगें जस के तस बनी हुई है। आंदोलनकारियों के हित में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान में गंभीरता दिखलाई जाए। जिससे झारखंड आंदोलनकारियों में पनप रहे आक्रोश खत्म हो। वयोवृद्ध आंदोलनकारी सुखदेव उरांव ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी की स्थिति आज हाशिए पर हैं। लगातार अपने मान-सम्मान की लड़ाई के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री श्री सोरेन झारखंड आंदोलनकारियों के प्रति संवेदनशील बनें और जल्द से जल्द आंदोलनकारियों की मांगों का समाधान करें। जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर ने कहा कि आंदोलनकारियों के कारण ही राज्य में हमारी पहचान है। इस पहचान को संघर्ष के बल पर सुनिश्चित करनी होगी। प्रत्येक आंदोलनकारी अपनी पहचान के लिए अपनों से ही लड़ाई लड़ रहे हैं, जो दुर्भाग्य की बात है। हमें एक होकर तीखा आंदोलन करने की जरूरत है। चैतू मुंडा ने कहा कि 24 वर्षों के पश्चात भी झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान नहीं होना दुर्भाग्य की बात है। आज बार-बार अपने मान-सम्मान पहचान के लिए झारखंड आंदोलनकारियों को संघर्ष करना पड़ रहा है। तारामनी मिंज ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी आज अपने अलग राज्य में परदेशी की भूमिका में जीवन यापन कर रहे हैं। यह सबसे दुखद स्थिति है। सत्ता में जो बैठे हैं, झारखंड आंदोलनकारियों के त्याग बलिदान और संघर्ष के बल पर हैं। संबोधित करने वालों में नगर सचिव दिनेश साहू, बसंती लकड़ा आदि शामिल थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, गुरुवार, 28 नवंबर 2024 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### सीआईएसएफ ने ई-सर्विस बुक पोर्टल लांच किया

**नई दिल्ली :** भारत सरकार की 'राष्ट्रीय डिजिटल इंडिया पहल' के हिस्से के रूप में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने बुधवार को अपनी 'ई-सर्विस बुक पोर्टल' लांच किया। इस नई पहल को अपने सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए पेंशन प्रक्रिया प्रणाली को सुव्यवस्थित और तीव्र करने के लिए बनाया गया है। सीआईएसएफ के प्रवक्ता के अनुसार अब तक सेवा पुस्तिका के भौतिक अंतरण के चलते सेवानिवृत्ति पर देय राशि के भुगतान में कई महीनों की देरी होती थी। यह अपने सेवारत कर्मियों को भी उनकी सेवा पुस्तिका तक ऑनलाइन पहुंच प्रदान कर लाभान्वित करेगा। नया डिजिटल ढांचा सेवा पुस्तिका के भौतिक अंतरण की आवश्यकता को समाप्त करेगा। ई-सर्विस बुक की प्रमुख विशेषताओं में से एक इसकी त्वरित समय ट्रैक किए जा सकने की क्षमता है। हितधारक अब त्वरित समय में पेंशन फाइलों की स्थिति देखकर, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित कर सकते हैं। यह निरंतर फॉलोअप की आवश्यकता को समाप्त कर सभी संबंधित पक्षों को समय पर अद्यतन प्रदान करता है। इसका सीधा लाभ प्रतिवर्ष सेवानृवित्त होने वाले लगभग 2400 कर्मियों को मिलेगा। वर्तमान प्रणाली में सेवा पुस्तकों का कई कार्यालयों के मध्य भौतिक अंतरण होता है। इससे अधिकतर विलंब और त्रुटियां होती हैं। यह दूर-दराज क्षेत्रों में स्थित इकाइयों के लिए अधिक समस्याजनक है, क्योंकि इस प्रक्रिया में समय की अधिकता और गलतियों की संभावना बन जाती है। इन समस्याओं को हल करने और समय पर पेंशन वितरण सुनिश्चित करने के लिए इसे अंतिम रूप देने से पहले प्रमुख सीएए (गृह), गृह मंत्रालय से प्राप्त इनपुट को सम्मिलित करने के पश्चात एक ऑनलाइन पोर्टल डिजाइन करने की संकल्पना की गई थी।

### हड़प्पा कालीन लोथल में मिट्टी धंसने से एएसआई की दो महिला अधिकारी दबी, एक की मौत

**अहमदाबाद :** गुजरात में हड़प्पा संस्कृति केन्द्र लोथल में बुधवार को मिट्टी धंसने से आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की दो महिला अधिकारी दब गई। इनमें एक महिला अधिकारी की मौत हो गई। जबकि दूसरी अधिकारी गंभीर रूप से घायल है। घायल महिला अधिकारी को बगोदरा के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मृतक अधिकारी का नाम जियोलॉजिस्ट सुरभि वर्मा (23) और घायल अधिकारी का नाम जियोलॉजिस्ट यामा दीक्षित (45) बताया गया है। अहमदाबाद जिले की धोलका तहसील के लोथल में हॉल मेरिटाइम म्यूजियम बनाने का काम चल रहा है। इसके समीप ही पुरानी साइट पर सड़क बनाने का काम हो रहा है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली से जियोलॉजिस्ट और कुछ स्टूडेंट मिट्टी के सैम्पल लेने आए थे। इन्होंने जेसीबी की मदद से एक 15 फीट गहरा गड्ढा खुदवाया था। इसके बाद वे मिट्टी का सैम्पल लेने नीचे उतरी थीं। इसी दौरान मिट्टी धंस गई और दोनों महिला अधिकारी मिट्टी के नीचे दब गई। तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। बगोदरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल पर पहुंचे 15 फायर कर्मियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन किया। दोनों को बाहर निकाला गया। इसमें सुरभि वर्मा की मौत हो गई, जबकि दूसरी अधिकारी यामा दीक्षित को हॉस्पिटल ले जाया गया।

## पूर्वोत्तर में पर्यटन की अपार संभावनाएं: शेखावत



एजेंसी

**गोलाघाट (असम):** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा बुधवार को कहा कि पूर्वोत्तर में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। पूर्वोत्तर के राज्यों में न सिर्फ दुनियाभर के पर्यटक, बल्कि भारत के अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। आज देश के विभिन्न राज्यों के पर्यटक अपने देश के अंदर ही नए-नए पर्यटन स्थलों की तलाश कर रहे हैं, ऐसे लोगों के लिए पूर्वोत्तर भारत आकर्षक का केंद्र बन रहा है। केंद्रीय मंत्री शेखावत बुधवार को काजीरंगा में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट का उद्घाटन करने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। एक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के बनने के बाद से बीते 10 वर्षों में जिस प्रकार पूर्वोत्तर में सड़क, रेलवे तथा हवाई कनेक्टिविटी बढ़ी है तथा पर्यटन से जुड़े आधारभूत ढांचे विकसित किए गए हैं, उससे पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने बोगीबिल पुल की चर्चा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कई पुल ब्रह्मपुत्र पर निर्माण किए गए हैं।

एक प्रश्न के उत्तर में शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के टूरिज्म एंबेसडर के रूप में कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों लंदन में भारत चलो का नारा दिया था। विश्वभर में रह रहे प्रवासी भारतीयों से प्रधानमंत्री ने अपील की कि वे भारत आएं। प्रधानमंत्री ने पर्यटन वीजा को सहज बनाने के लिए ई विजा प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत लोगों को भारतीय दूतावास में जाने की भी जरूरत नहीं है, इंटरनेट के जरिए पर्यटन से संबंधित वीजा प्राप्त किया जा सकता है। चाहे वह मेडिकल टूरिज्म, एजुकेशन टूरिज्म हो या अन्य कोई टूरिज्म- सभी प्रकार के टूरिज्म के लिए वीजा प्रक्रिया को सहज बना दिया गया है। इसके पहले अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए शेखावत ने पूर्वोत्तर में पर्यटन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष 10 हजार से अधिक पर्यटक काजीरंगा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पूर्वोत्तर में विभिन्न प्रकार के पर्यटन की संभावनाओं की चर्चा की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शेखावत के साथ असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, असम के पर्यटन मंत्री जयंत मल्लबरुवा, कृषि मंत्री अतुल बोरा समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

### मणिपुर में सीओसीओएमआई के सदस्यों ने बंद कराए सरकारी कार्यालय

**इंफाल:** मणिपुर अखंडता समन्वय समिति (सीओसीओएमआई) के सदस्यों ने बुधवार को मणिपुर में सरकारी कार्यालयों को बंद करने का अभियान चलाया। समिति की छात्र शाखा ने मणिपुर सचिवालय सहित केंद्र और राज्य सरकार के कई कार्यालयों को बंद कराया। उन्होंने कर्मचारियों को बाहर निकाल कर कार्यालयों को बंद कर दिया। सीओसीओएमआई द्वारा मणिपुर में केंद्र तथा राज्य सरकारों के कार्यालयों और प्रतिष्ठानों को बंद करने की चेतावनी दी गई थी। हालांकि, मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने प्रदर्शनकारियों को शांति बनाए रखने तथा संयम से काम लेने की अपील की थी।


## केजरीवाल ने राजधानी की कानून व्यवस्था के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली में बढ़ते आपराधिक मामलों पर केंद्र से सवाल करते हुए आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज कहा कि केंद्र सरकार ने राजधानी में कानून व्यवस्था का मजाक बना दिया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि दिल्ली में हर तरफ़ डर और असुरक्षा का माहौल है। गली-मोहल्लों में गोलियां चल रही हैं, व्यापारियों को धमकियां दी जा रही हैं, सरेआम हत्याएं हो रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली की क़ानून व्यवस्था का मज़ाक़ बनाकर रख दिया है। केजरीवाल ने कहा कि आज शाम को नांगलोई में ऐसे दो परिवारों से मिलने जा रहा हूं, जिनको इस प्रकार की दिक़्क़त का सामना करना पड़ा था। एक परिवार की दुकान पर दिन-दहाड़े गोलियां चली थीं। दूसरे परिवार से फ़ोन पर करोड़ों रुपये की फ़िरौती मांगी गई। उन्होंने कहा कि ये सब पूरी दिल्ली में हो रहा है, रोज़ अख़बारों में खबरें छप रही हैं। क्या किसी ने ये सोचा था कि दिल्ली एक दिन देश में अपराधों की राजधानी बन जाएगी।केजरीवाल ने कहा कि ये सब केंद्रीय गृह मंत्री के घर के कुछ किलोमीटर दूरी पर ही हो रहा है। दिल्ली के लोग दहशत में जी रहे हैं और ये लोग हाथ पर हाथ रखे बैठे हैं।

## मप्र में निवेश के लिए विभिन्न सेक्टर्स में उद्योगपतियों ने दिखाई रूचि : मुख्यमंत्री



एजेंसी

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि हम विदेशी निवेश को मध्य प्रदेश की धरती पर आमंत्रित करने के लिए यहां आए हैं। अनेक उद्योगपतियों ने विभिन्न सेक्टर्स में निवेश के लिए रूचि दर्शायी है। आईटी सेक्टर, शिक्षा, रिन्यूएबल एनर्जी, उद्योग, माइनिंग, फूड प्रोसेसिंग, हेल्थ और सेमी कंडक्टर के क्षेत्र में निवेश के लिए उद्योगपति आगे आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति का मुख्य आधार वहां के उद्योग धंधे हैं। औद्योगिक दृष्टि से कौन कितना अधिक संपन्न है। यह उनकी इंडस्ट्रियल ग्रोथ बताती है, जितने अधिक उद्योग धंधे होंगे उतने अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को लंदन में स्थानीय मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने निवेशकों को प्रदेश में आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चाहे अमेरिका हो या जर्मनी हो उद्योग धंधे विकास का मूल आधार है। डॉ. यादव ने कहा कि लंदन आकर अच्छा लगा यहां हमारे कई सारे भारतवंशी मित्रों के साथ मुलाकात हुई, जो कई साल पहले भारत से इंग्लैंड में आकर बस गए थे और यहां विभिन्न क्षेत्रों में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। उनके साथ निवेश संबंधी संभावनाओं पर भी विचार किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर प्रवासी भारतीय भाई अपनी जड़ों से जुड़ने की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत, अन्नापूर्णा देवी ने हर बेटी को सशक्त बनाने का किया आह्वान

एजेंसी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नापूर्णा देवी ने बुधवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की। बाल विवाह के खिलाफ राष्ट्रीय अभियान के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत ऑनलाइन पोर्टल का लोकार्पण किया। विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में अन्नापूर्णा देवी ने कहा कि बाल विवाह मुक्ति के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा और इस सामाजिक कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने में अपना योगदान देना होगा। देश की हर बेटी को सशक्त बनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने ÷बाल विवाह मुक्त भारत÷ के प्रति अपने योगदान की प्रतिज्ञा ली। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज देश के लिंगानुपात दर में सुधार आया है। साल 2014-15 में देश में प्रति एक हजार पुरुष के मुकाबले महिलाओं का लिंगानुपात 918 था जो 2023-24 में बढ़कर 930 हो गया है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह



निषेध अधिनियम, 2006 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़कों के विवाह पर सख्त प्रतिबंध है। इसका उल्लंघन करने वालों पर कठोर दंड का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि पिछले साल एक लाख से अधिक बाल विवाह रोकने में सफलता मिली है। बाल विवाह दरों में वैश्विक कमी में भारत के योगदान को संयुक्त राष्ट्र ने मान्यता दी है। उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान का उद्देश्य हमारी बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है। लैंगिक समानता को प्राथमिकता देने वाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप हमारी सरकार लड़कियों की शिक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण का समर्थन देने की योजना को जारी रखे हुए है। अभियान का शुभारंभ केवल एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह बाल विवाह को मिटाने और हमारे देश की हर बेटी को सशक्त बनाने का एक मिशन है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर लड़की शिक्षित, सुरक्षित और अपने सपनों को पूरा करने के लिए स्वतंत्र हो।

बाल विवाह के खिलाफ इस राष्ट्रव्यापी अभियान का पुरजोर समर्थन करते हुए 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत के सपने को पूरा करने के लिए काम कर रहे सभी लोगों के लिए आज एक नई शुरुआत है। हम लंबी यात्रा तय कर इस मुकाम पर पहुंचे हैं और महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की इस पहल से हमारे प्रयासों को व्यापक रूप से मजबूती मिलेगी। हम बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाने के लिए सरकार के आभारी हैं, क्योंकि हम जानते हैं कि यह देश से बाल विवाह की सदियों पुरानी कुप्रथा के अंत की शुरुआत है। अभियान के लक्ष्यों के साथ एकरूपता में जेआरसी के सहयोगी संगठन बाल विवाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

### भूकंप से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए किए गए हैं कई उपाय डॉ. जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार के स्तर से भूकंप से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए कई उपाय किए गए हैं। इनमें भूकंप का समय पर पता लगाने और अलर्ट का प्रसार सुनिश्चित करने के लिए भूकंपीय निगरानी नेटवर्क का विस्तार, विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में भूकंप-रोधी डिजाइन और निर्माण के लिए बीआईएस द्वारा बिल्डिंग कोड निर्दिष्ट करना, भूकंप की तैयारी के बारे में जनता को शिक्षित करने के लिए जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना है। इसमें गृह मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) द्वारा अभ्यास और जागरूकता अभियान और राज्य और जिला स्तर पर आपातकालीन प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजनाएं विकसित करना शामिल है।

## कोलकाता : प्रयाग ग्रुप के दो निदेशक गिरफ्तार




एजेंसी

**कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करोड़ों के चिटफंड घोटाले के मामले में पश्चिम बंगाल स्थित प्रयाग ग्रुप के दो निदेशकों बासुदेव बागची और अभिक बागची को गिरफ्तार किया है। यह कंपनी लंबे समय से ईडी और सीबीआई की जांच के दायरे में थी। ईडी ने कोलकाता में कंपनी से जुड़े कई स्थानों और दोनों निदेशकों के आवासों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाने के बाद इन्हें गिरफ्तार किया। प्रयाग ग्रुप पर मल्टी-लेवल मार्केटिंग योजनाओं के तहत लोगों से भारी धनराशि जुटाने, हवाला के जरिए पैसे को बाहर भेजने, निवेशकों को तय रिटर्न देने में धोखाधड़ी करने और मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए काले धन को सफेद करने के गंभीर आरोप हैं। यह पहली बार नहीं है जब इन दोनों निदेशकों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले इन्हें सीबीआई ने ओडिशा में दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया था। उस समय कंपनी पर पश्चिम बंगाल, ओडिशा, त्रिपुरा और असम में अवैध तरीके से जनता से धन जमा करने का आरोप लगा था। ईडी के अनुसार, प्रयाग ग्रुप ने विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग दो हजार करोड़ रुपये जुटाए। जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों निदेशक पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी के बेहद करीबी हैं। पार्थ चटर्जी वर्तमान में स्कूल नौकरी घोटाले के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। पश्चिम बंगाल में चिटफंड घोटालों का इतिहास काफी पुराना है। 1980 में संचित घोटाले के बाद राज्य में लंबे समय तक शांति रही, लेकिन 2012 में शारदा और रोज़ वैली जैसे घोटालों ने फिर से राज्य को हिला दिया। अब प्रयाग ग्रुप का यह मामला राज्य में चिटफंड घोटालों की कड़ी में एक और बड़ा मामला बन गया है।

## एमएसए स्कूल में हुआ शिक्षक-अभिभावक बैठक



एजेंसी

**मेदिनीनगर :** पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में बुधवार को शिक्षक पैरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। अभिभावकों को संबोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन शिक्षाविद मों शफ़ीक़ अंसारी ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय परिवार सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास से जुड़ी बहुत से बातें स्कूल आने पे ही पता चलती है इसलिए सभी अभिभावकों को अपने बच्चे की प्रोग्रेस जानने के लिए मीटिंग में ज़रूर आना चाहिए। प्रिंसिपल अफ़ज़ल शफ़ीक़ ने अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को लंच में जंक फ़ूड और मोबाइल से दूर रखने का आग्रह किया। इसके बाद सभी पैरेंट्स को बारी बारी से क्लास टीचर से मिलवाया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता लक्ष्मी कुमारी वर्ग 2 के पिता अभिभावक केदार सर कर रहे थे। उन्होंने स्कूल प्रभंधन को और अभिभावक को भी विकास के लिए कई सुझाव दिये। इस बैठक में सैकड़ो की संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित रौशन ठाकुर, विशाल ठाकुर, नंदू पासवान, सुधीर पासवान, मिहिर दस, अनूप राम, अफ़सरी ख़ातून, हेमंती देवी, सकीला ख़ातून, जागरनाथ उरांव, मनोज उराँव, रंजित देवी, नीलिमा मिंज , माया देवी, मुखदेव माँझी, अनवर हुसैन अंसारी, जितेंद्र तिवारी सहित सैकड़ो अन्य अभिभावक उपस्थित थें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों ने कार्यक्रम को खूब सराहा।

## इंडिया गठबंधन में शामिल किसी भी दल के दबाव में नहीं रहना चाहते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची।** झारखंड में कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चौथी बार मुख्यमंत्री पद का शपथ लेने वाले झारखंड के पहले मुख्यमंत्री हो जाएंगे। हेमंत सोरेन 2013 में पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद 2019 में मुख्यमंत्री बने और 2023 में एक मामले में जेल जाने के बाद उन्होंने इस्तीफा दिया था। 2024 में फिर से मुख्यमंत्री पद का शपथ लिया और 2024 में छठे विधानसभा का जो परिणाम आया इसके बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा की 34 सीटें, कांग्रेस 16, राजद को 4 और भाकपा माले को 2 सीटें आई है। कुल मिलाकर 56 विधायाकों वाली सेकुलर दलों के साथ हेमंत सोरेन गुरुवार को 28 नवंबर को चौथी बार शपथ लेंगे। लेकिन सूचना आ रही है कि हेमंत सोरेन अकेले ही शपथ लेंगे। ऐसा पहली बार होगा जब झारखंड में कोई मुख्यमंत्री अकेले पहली बार मुख्यमंत्री पद का शपथ ग्रहण करेंगे।

**कांग्रेस में किच-किच जारी:** दरअसल बताया जा रहा है कि कांग्रेस में जो नव निर्वाचित 16 विधायक चुन कर आए हैं वे दिल्ली में जमे हुए हैं और 16 विधायक चाहते हैं कि उन्हें मौका मिले. कुछ विधायक चाहते हैं कि जिन्हें पहले कैबिनेट में मौका मिल चुका है, जिसमें दीपिका पांडेय कृषि मंत्री रह चुकी थी, इरफान अंसारी ग्रामीण विकास मंत्री और रामेश्वर उरांव वित्त मंत्री रह चुके थे, वहीं चौथे मंत्री बन्ना गुप्ता इस बार चुनाव बार हार चुके हैं। अब ऐसे में जो दो बार ,तीन बार विधायक चुने गए हैं , वे भी चाहते हैं कि इस बार उन्हें मौका मिलना चाहिए। रामेश्वर उरांव की उम्र अधिक है। इसलिए उन्हें विधायक दल का नेता बना देना चाहिए। खबर लिखे जाने तक कांग्रेस में आपसी राय नहीं बन पाए थे। इसलिए सूचना आ रही थी, कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अकेले ही मुख्यमंत्री पद का



शपथ लेंगे मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार शपथ दिलायेंगे। जहां तक भाकपा माले की बात है तो वे लोग भी इस पर अभी कुछ कहने को तैयार नहीं है। आरजेडी में भी सुरेश पासवान चाहते हैं कि उन्हें मंत्री बनाया जाए, क्योंकि वे हेमंत सोरेन के कार्यकाल 2013 में मंत्री रह चुके थे। लेकिन राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने उन्हें विधायक दल का नेता बनाया है। वहीं संजय यादव को मंत्री बनाने के लिए बात चल रही है। क्योंकि राजद चाहता है कि यादव जाति का समीकरण यहां किसी तरह ना बिगड़े और आगे भी रणनीति में वे सफल हो सके।

**जेएमएम, भाजपा व जेएलकेम का भी फार्मूला 56 ही है:** कांग्रेस में अगर आपसी किच किच बढ़ती रही तो हेमंत सोरेन संभवतः दूसरा निर्णय लेने के लिए भी तैयार हो सकते हैं। क्योंकि हेमंत सोरेन के पास 34 सीटें हैं और सबसे बड़ी और मजबूत पार्टी है। तो वहीं भाजपा के पास 21 सीटे हैं और निर्दलीय में जेएलकेएम के जयराम टाइगर की एक सीट है। इस तरह से कुल 56 सीटे इधर भी हो जाती है।वहीं हेमंत सोरेन दो दिन पूर्व ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर शपथ ग्रहण का निमंत्रण देकर वे आ चुके हैं। यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि झारखंड मुक्ति मोर्चा पहले भी अर्जुन मुंडा की सरकार में भाजपा के साथ गठबंधन में सरकार बना चुकी है। इस टीम में

### कांग्रेस से अगर पटरी नहीं बैठा तो हेमंत के पास अन्य विकल्प भी है तैयार

हेमंत सोरेन उप मुख्यमंत्री थे। जहां तक आजसू का सवाल है तो आजसू पहले से भी भाजपा के लिए सिर दर्द ही साबित हुआ है।2019 में अगर आजसू भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ती तो भाजपा को आज यह स्थिति नहीं देखनी पड़ती। इसलिए भाजपा भी चाहेगी कि कुर्मी, कोईरी, महतो का जो वोट बैंक है वह अब आजसू के बस की बात नहीं है। इसके लिए जेएलकेएम पार्टी जयराम महतो एक विकल्प के रूप में उभर कर राजनीती में आए हैं, तो इस दृष्टिकोण से झारखंड मुक्ति मोर्चा 34, भाजपा 21 और जयराम महतो की जेएलकेएम पार्टी की एक सीट मिलकर कुल 56 सीटों वाली नई सरकार बनाई जा सकती है।